हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं रांची से प्रकाशित हिंदी दैनिक

● आरा ● वर्ष -07 ● अंक - 290 ● गुरुवार 04 अप्रैल 2024 ● रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 ● पृष्ठ - 12 ● मूल्य : 2 रुपये

## भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण हर चुनाव में बन रहे नए रिकॉर्ड : मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली




भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पार्टी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे रणनीति बनाने और बूथ जीतने के लिए अनुभवी कार्यकर्ताओं से सलाह लें। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया पर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और महिलाओं के व्हाट्सएप ग्रुप बनाने पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने बुधवार को नमो ऐप के माध्यम से उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण लोकसभा-विधानसभा के हर चुनाव में नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। मोदी ने कहा कि कार्यकर्ताओं का ये जोश देखकर मुझे तो प्रसन्नता होती है, लेकिन बाकी पार्टियों के नेता तो आपका ये जोश देखकर पहले ही ठंडे पड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी वोटरों के सीधे संपर्क में होते हैं, उनके लिए आप ही भाजपा का चेहरा होते हैं। जब आप उनसे मिलते हैं तो वो आप में भी मोदी को ही देखते हैं। आप उन्हें जो भी बता रहे होते हैं तो उन्हें लगता है ये मोदी बता रहा है। आप उन्हें जो भी गारंटी देते हैं तो आप पर भरोसा करते हैं कि ये मोदी के साथी हैं, तो गारंटी में ताकत है। इसलिए आप मतदाताओं की नजरों में बहुत बड़े व्यक्ति होते हैं। प्रधानमंत्री ने परिवारवाद की राजनीति की निंदा करते हुए कहा कि चाचा-भतीजा परिवार से उप्र का मोह बहुत पहले ही भंग हो चुका है। इस चुनाव में परिवारवाद के खिलाफ हम लड़ाई लड़ रहे हैं। परिवारवादी राजनीति के खिलाफ हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। राज्य के साथ उत्तर प्रदेश के निवासियों के भावनात्मक जुड़ाव पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोग किसी स्वार्थ की वजह से नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं और हमेशा उस भावना से बंधे रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से चुनाव अभियान के दौरान संवेदनशीलता और विनम्रता के साथ आचरण करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एक कार्यकर्ता के रूप में आप सभी का प्रयास होना चाहिए कि आपके काम या व्यवहार से किसी को ठेस न पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मतदाताओं को केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने को कहा। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का भी आग्रह किया।

## अब जेल जाने में भी डर रहे अपराधी : मुख्यमंत्री योगी

**आगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को फतेहपुर सीकरी में अपनी रौ में थे। एक तरफ उन्होंने उत्तर प्रदेश के अपराधियों पर प्रहार किया तो दूसरी तरफ इंडी गठबंधन को भी खूब लताड़ा। सीएम ने प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल का जिक्र कर लोगों से ही 'फिर एक बार मोदी सरकार' की हामी भरवाई तो विपक्षी दलों पर हमला करते हुए कहा कि सपा-कांग्रेस को प्रत्याशी तक नहीं मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी, सांसद व भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर के समर्थन में विशाल जनचौपाल को संबोधित किया।

**माफिया में न हो डर तो गरीबों का जीना मुहाल कर देंगे :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले अधिकांश क्षेत्रों में सूर्य अस्त होने के बाद थानों में भी ताले लग जाते थे। सामान्य नागरिकों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। अपराधी सोचते थे कि पिछली सरकारों की तरह ही यह सरकार भी रहेगी, लेकिन सरकार ने कहा कि हम जीरो टालरेंस की नीति पर चलेंगे। तुम अपराध बंद करो या कीमत चुकाने को तैयार रहो। ज्यादातर अपराधी जमानत तुड़वाकर जेल में चले गए। अब तो कह रहे हैं कि हमें जेल भी न भेजें। अब वहां भी जाने से डर रहे हैं। आप देख रहे होंगे, ज्यादातर अपराधी गली में तख्ती लगाकर घूम रहे हैं कि जिंदगी भर ठेला लगाकर पेट पाल लूंगा पर अब कुछ गलत काम नहीं करुंगा। बस एक बार जान बख्श दो। उन्होंने कहा कि कानून का डर माफिया व अपराधियों पर न हो तो यह गरीबों, व्यापारियों व सामान्य नागरिकों का जीना मुहाल कर देंगे। यूपी में हर दूसरे दिन दंगा होता था।

## ताइवान में आए भूकंप से ताश के पत्तों की तरह ढह गईं कई इमारतें

एजेंसी। ताइपे

### रिक्टर स्केल पर तीव्रता 7.4 मापी गई



बुधवार की सुबह सुबह ताइवान से डराने वाली खबर आई। यहां 7.4 की तीव्रता से आए भूकंप ने बड़ी बड़ी इमारतें ताश की पत्तों की तरह ढहा दीं। अब जानकार चेतावनी दे रहे हैं कि सुनामी भी आ सकती है। भीषण भूकंप का नतीजा यह हुआ कि कई इमारतें ढह गईं और सड़कों पर मौजूद लोग कंपन्न में खुद को संभालने की कोशिश करते नजर आए। कहा जा रहा है कि 25 सालों में ताइवान में पहली बार इतनी बड़ी त्रासदी का सामना किया है। इस प्राकृतिक घटना के बाद सुनामी की भी आशंका जताई जाने लगी है। शक्तिशाली भूकंप आने के बाद जापान ने अपने दक्षिणी द्वीप समूह ओकिनावा में सुनामी का अलर्ट जारी किया है। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि सुनामी की वजह से समुद्र में तीन मीटर (9.8 फुट) तक ऊंची लहरें उठ सकती हैं। बुधवार सुबह आए भूकंप की वजह से कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि इससे पहले ताइवान ने साल 1999 के भीषण भूकंप का सामना किया था। उस दौरान 2500 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। साथ ही 1300 से ज्यादा लोग घायल भी हुए थे। उस दौरान ताइवान के नानतौ को सबसे ज्यादा प्रभावित माना गया था। भूकंप के बाद सोशल मीडिया पर ताइवान के कई हिस्सों की तस्वीरें और वीडियो भी साझा किए जाने लगे हैं। नजर आ रहा है कि कैसे एक ऊंची इमारत अचानक गिर रही है। मीडिया द्वारा पूर्वी ताइवान के हूलिएन काउंटी के बैबिन स्ट्रीन का एक वीडियो जारी किया गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने भूकंप से ताइवान में जानमाल की हानि पर दुख जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भूकंप से ताइवान में जानमाल की हानि पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि भारत भूकंप के बाद ताइवान के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "आज ताइवान में भूकंप के कारण हुई जानमाल की हानि से बहुत दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## ख़ास ख़बर

### मुक्केबाज विजेंदर सिंह भाजपा में शामिल, कांग्रेस को फिर झटका



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को फिर बड़ा झटका लगा है। मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता और कांग्रेस नेता विजेंदर सिंह भाजपा में शामिल हो गए हैं। मुक्केबाज सिंह ने 2019 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में दक्षिणी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से लड़ा था, लेकिन वे हार गए थे। उनका नाम पिछले कुछ दिनों से मथुरा से पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चर्चा में था, जहां से अभिनेत्री और मौजूदा सांसद हेमा मालिनी फिर से चुनाव लड़ रही हैं। विजेंदर जाट समुदाय से आते हैं, जिसका हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बड़ी संख्या में सीटों पर राजनीतिक प्रभाव है।

### रोड शो कर राहुल गांधी ने वायनाड सीट से दाखिल किया नामाकंन



**वायनाड।** कांग्रेस नेता और पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी वायनाड में रोड शो निकलकर नामांकन दाखिल किया हैं। इस दौरान राहुल साथ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और उनके कई समर्थक भी हैं। राहुल गांधी एक बड़े से ट्रक के ऊपर सवार होकर नामांकन के लिए निकले हैं। उनके ट्रक के आगे और पीछे दोनों ही तरफ बड़ी तादाद में लोगों का हुजूम साथ चल रहा है। राहुल के नामांकन से पहले कांग्रेस ने पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें राहुल की तस्वीर के साथ लिखा गया है आज जननायक राहुल गांधी वायनाड से अपना नॉमिनेशन भर रहे हैं। अन्याय के खिलाफ इस लड़ाई में पूरा देश उनके साथ है। तानाशाही हारेगी लोकतंत्र की जीत होगी! वहीं लोकसभा चुनाव 2024 के लिए केरल की वायनाड लोकसभा सीट से सीपीआई की उम्मीदवार एनी राजा भी बुधवार को ही अपना नामांकन दाखिल करेंगी।

### बांदा जेल अधिकारी एमपी एमएलए कोर्ट को बताएंगे ज्यूडिशियल कस्टडी में मुख्तार अंसारी कैसे मरा

**बाराबंकी।** माफिया मुख्तार अंसारी मौत मामले में बाराबंकी की कोर्ट ने बांदा जेल के अधिकारी को तलब किया है। वे कोर्ट को बताएंगे कि ज्यूडिशियल कस्टडी में मुख्तार अंसारी कैसे मरा। दरअसल मुख्तार के वकील रणधीर सिंह सुमन की ओर से कोर्ट में वाद दाखिल करने को लेकर अपील की गई है जिसपर कोर्ट में सुनवाई हुई। वकील रणधीर सिंह ने कोर्ट से अपील करते हुए कहा कि मुख्तार की मौत की वजह जानने के लिए आवश्यक है कि बांदा जेल के सभी सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर लिए जाएं। इसके अलावा बांदा जेल में निरीक्षण के नाम पर आने वाले सभी अधिकारियों की एंट्री और कैमरे में आए उनके फोटो को भी सुरक्षित किए जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए आदेश देने की भी अपील बाराबंकी कोर्ट की गई है।

## आतिशी के दावे पर तिहाड़ जेल प्रशासन ने कहा- पूरी तरह स्वस्थ हैं केजरीवाल

एजेंसी। नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी की ओर से किए गए दावे के बाद तिहाड़ जेल प्रशासन ने कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सभी स्वास्थ्य मानक दुरुस्त हैं। उनका वजन भी 65 किलोग्राम बरकरार है। आतिशी ने दावा किया था कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को जब से गिरफ्तार किया गया है तब से उनका स्वास्थ्य और वजन लगातार गिर रहा है। उनका वजन 4.5 किलोग्राम गिर चुका है। भारतीय जनता पार्टी मुख्यमंत्री केजरीवाल को जेल में रखकर उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। जेल प्रशासन ने इस दावे का पूरी तरह से खंडन किया है। उन्होंने कहा कि जेल में आने के वक्त उनके सभी स्वास्थ्य मानक जांचे गए थे। उन्हें घर का बना हुआ खाना दिया जा रहा है। उनके स्वास्थ्य मानक ठीक हैं। उनका वजन भी 65 किलोग्राम पर लगातार बना हुआ है। आतिशी का कहना था कि अगर अरविंद केजरीवाल को कुछ हुआ तो पूरा देश ही नहीं भगवान भी उन्हें माफ नहीं करेगा। जेल प्रशासन का कहना है कि केजरीवाल का शुगर लेवल कम था। उनके शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव होने के कारण वह तिहाड़ जेल के डॉक्टरों की निगरानी में थे।

## ऑस्ट्रेलिया के साथ द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को मजबूत करेगा भारत

- ऑस्ट्रेलियाई नौसेना प्रमुख भारत दौरे पर, साउथ ब्लॉक में दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर
- स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर भी जाएंगे वाइस एडमिरल मार्क हैमंड

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत के दौरे पर आये रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी के चीफ वाइस एडमिरल मार्क हैमंड का बुधवार को भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने स्वागत किया। उन्होंने साउथ ब्लॉक लॉन में नौसेना के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। हैमंड ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर औपचारिक पुष्पांजलि अर्पित की। दोनों नौसेना प्रमुखों के बीच चर्चा में द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के प्रमुख वाइस एडमिरल मार्क हैमंड 02 से 06 अप्रैल तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर औपचारिक पुष्पांजलि अर्पित करके अपने दौरे की शुरुआत की।

साउथ ब्लॉक पहुंचने पर भारतीय नौसेना की ओर से पारंपरिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान आज नई दिल्ली में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार के साथ बातचीत की। दोनों नौसेना प्रमुखों के बीच चर्चा में द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें बढ़ी हुई परिचालन व्यस्तताएं, प्रशिक्षण आदान-प्रदान और सूचना साझा करना शामिल है। ऑस्ट्रेलियाई नेवी चीफ नई दिल्ली में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान से भी मिले। बातचीत में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ाने, आपसी विश्वास को मजबूत करने और दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों पर चर्चा हुई। दोनों देशों के बीच सहयोग के भविष्य के रास्ते तय करते हुए आला प्रौद्योगिकियों और रक्षा उद्योग में सहयोग के रास्ते तलाशे गए। वह चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और रक्षा सचिव गिरधर अरमाने से भी मुलाकात करेंगे। मार्क हैमंड कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान और मुंबई में पश्चिमी नौसेना कमान का दौरा करके संबंधित कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे। वह देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत, मुंबई में इंटीग्रेटेड सिम्युलेटर कॉम्प्लेक्स नेवल डॉकयार्ड और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) का भी दौरा करेंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया हिंद-प्रशांत में कई समसामयिक समुद्री सुरक्षा मुद्दों पर समान दृष्टिकोण साझा करते हैं। दोनों देश हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस), हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए), पश्चिमी प्रशांत जैसे कई द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों पर मिलकर काम कर रहे हैं।

## ईडी ने दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामले में करोड़ों रुपये की संपत्ति जब्त की

एजेंसी। नई दिल्ली




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा और उनकी पत्नी अलका अरोड़ा समेत अन्य की 8.80 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों को जब्त किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के तत्कालीन मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा और उनकी पत्नी श्रीमती अलका अरोड़ा, मैसर्स इंटीग्रल स्क्रू इंडस्ट्रीज के मालिक अनिल कुमार अग्रवाल (उप ठेकेदार) और मैसर्स एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (डीजेबी के ठेकेदार) से संबंधित कुल 8.80 करोड़ रुपये कीमत की विभिन्न चल-अचल संपतियों को अनंतिम रूप से जब्त किया गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है। ईडी के मुताबिक उक्त अचल संपत्तियां दिल्ली में स्थित हैं। इसके अलावा ईडी ने धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत राजिंदर कुमार गुप्ता, पूर्व-सीएमडी, डब्ल्यूएपीसीओएस लिमिटेड, उनकी पत्नी रीमा सिंगल और उनके पुत्र गौरव सिंगल से संबंधित कुल 3.27 करोड़ रुपये कीमत की गुड़गांव स्थित अचल संपत्तियों को जब्त किया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच कर रही है। सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने भी अपनी जांच शुरू कर दी है, जिसमें दिल्ली जल बोर्ड में कथित भ्रष्टाचार और रिश्वत से संबंधित मामले शामिल हैं।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया माई सीजीएचएस आईओएस ऐप लॉन्च

एजेंसी। नई दिल्ली




केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा ने बुधवार को माई सीजीएचएस ऐप लॉन्च किया। ऐप को केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) लाभार्थियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड, सूचना और संसाधनों तक पहुंच बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में माईसीजीएचएस ऐप सीजीएचएस के लाभार्थियों के लिए एक आवश्यक कदम है। यह सीजीएचएस लाभार्थियों को एक बटन पर आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं तक सुविधाजनक पहुंच प्रदान करता है। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है। ऐप को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) हिमाचल प्रदेश और एनआईसी स्वास्थ्य टीम की तकनीकी टीमों द्वारा विकसित किया गया है। यह एक सुविधाजनक मोबाइल एप्लिकेशन है, जो सीजीएचएस लाभार्थियों के लिए जानकारी और पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से सुविधाएं प्रदान करता है। इसमें ऑनलाइन नियुक्तियों की बुकिंग और अगर आवश्यक न हो तो रद्द करना, सीजीएचएस कार्ड और इंडेक्स कार्ड डाउनलोड करना, सीजीएचएस प्रयोगशालाओं से रिपोर्ट तक पहुंच, दवाओं के प्रयोग के इतिहास की जांच करना, चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे की स्थिति की जांच करना, रेफरल विवरण तक पहुंच, नजदीकी कल्याण केंद्रों का पता लगाना, आस-पास के सूचीबद्ध अस्पतालों, प्रयोगशालाओं और दंत चिकित्सा इकाइयों का पता लगाना और कल्याण केंद्रों और कार्यालयों के संपर्क विवरण तक पहुंचना शामिल है। यह ऐप अब आईओएस और एंड्रॉयड दोनों प्लेटफॉर्म पर मुफ्त में डाउनलोड के लिए उपलब्ध होगा।

### राष्ट्रपति गुरुवार को कैंसर के लिए देश की पहली घरेलू जीन थेरेपी का करेंगी शुभारंभ



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को कैंसर के लिए देश की पहली घरेलू जीन थेरेपी का शुभारंभ करेंगी। राष्ट्रपति भवन के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मू 4 अप्रैल को मुंबई का दौरा करेंगी। इस दौरान वह आईआईटी बॉम्बे में कैंसर के लिए भारत की पहली घरेलू जीन थेरेपी लॉन्च करेंगी।

## कई राज्यों में हीटवेव का अलर्ट, पहाड़ी इलाकों में जारी रहेगी बर्फबारी

एजेंसी। नई दिल्ली



अप्रैल आते ही गर्मी अपना असर दिखाने लगी है, देश के कई राज्यों में हीटवेव (लू) भी लोगों को परेशान करने लगी है। मौसम विभाग की माने तो 06 अप्रैल तक हीटवेव का ये कहर जारी रहेगा। वहीं उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में बारिश और बर्फबारी भी शुरु हो गई है। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार 03 अप्रैल से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी का दौर जारी होगा और यह 05 अप्रैल तक बारिश जारी रहने की संभावना है। वहीं पूर्वी और प्रायद्वीपीय भारत के हिस्सों में हीटवेव का कहर देखने को मिलेगा जो 06 अप्रैल तक जारी रहेगा। मौसम विभाग की मानें तो 03 से 06 अप्रैल के बीच कर्नाटक और ओडिशा में तेज लू चलती रहेगी। वहीं, गंगीय पश्चिम बंगाल, झारखंड, रायलसीमा, तटीय आंध्र प्रदेश में 04 से 06 अप्रैल के बीच हीटवेव रहेगी और ओडिशा में इसी अंतराल में रात में गर्मी बढ़ेगी। आईएमडी के अनुसार आज लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी हो सकती है और यह 05 अप्रैल तक जारी रह सकती है। वहीं देश की राजधानी नई दिल्ली की बात करें तो दिल्ली में आज न्यूनतम तापमान 18 डिग्री और अधिकतम तापमान 35 डिग्री तक जा सकता है।

### चीन दौरे से लौटे नेपाल के विदेश मंत्री ने अब भारत भ्रमण की इच्छा जताई

**काठमांड।** नौ दिनों के चीन भ्रमण से लौटे नेपाल के विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कहा कि वो अब भारत का दौरा करने को इच्छुक हैं। संसद में अपने चीन भ्रमण की जानकारी देते हुए विदेश मंत्री ने भारत भ्रमण की इच्छा जताई है। नौ दिनों के चीन भ्रमण को लेकर संसद के प्रतिनिधि सभा में विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कहा कि उनका चीन दौरा सफल रहा है। विदेश मंत्री ने बीआरआई के बारे में सदन को जानकारी दी कि उसके कार्यान्वयन को लेकर राष्ट्रीय सहमति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बीआरआई कार्यान्वयन को लेकर किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हुआ है।

## विस्तारा एयरलाइंस की मुश्किलें बढ़ीं, लगातार तीसरे दिन 25 उड़ानें रद्द

एजेंसी। नई दिल्ली



विस्तारा एयरलाइंस की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछले कुछ दिनों से पायलट्स की कमी का असर विस्तारा की उड़ानों पर दिख रहा है। नए अनुबंध के विरोध में पायलटों के सामूहिक अवकाश पर रहने के कारण विस्तारा ने लगातार तीसरे दिन करीब 26 उड़ानें रद्द कर दी हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को दी जानकारी में कहा कि विस्तारा एयरलाइन ने पायलट्स की कमी के चलते 26 उड़ानें रद्द की हैं। हालांकि, एयरलाइंस कंपनी के शीर्ष पदाधिकारियों ने पायलट्स के साथ आज एक बैठक की है, जहां नए अनुबंधों और रोस्टरिंग के मुद्दे पर चर्चा हुई। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद कानन ने कहा कि वह पायलटों के साथ एक-एक कर बातचीत करेंगे और वेतन संरचना और ड्यूटी के घंटों जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले दो दिनों में विस्तारा एयरलाइंस द्वारा 100 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक दिन पहले ही कंपनी को उड़ानों के रद्द और देरी होने पर एक दैनिक रिपोर्ट देने के लिए कहा है। विस्तारा टाटा के स्वामित्व वाली भारतीय घरेलू एयरलाइंस है, जिसका मुख्य कार्यालय गुरुग्राम (हरियाणा) में स्थित है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, 9 जख्मी :पूर्व से चले आ रहे विवाद को लेकर आपस में भिड़े, छह लोगों की हालत गंभीर



**आरा(भोजपुर)ा, एजेंसी।** भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेलघाट महुली गांव में मंगलवार को पूर्व के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों से एक महिला समेत नौ लोग से जख्मी हो गए। इसके बाद सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ज़ख्मियों में एक पक्ष के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेलघाट महुली गांव निवासी सियाघर यादव की पत्नी बासमतों देवी, दो पुत्र उमेश यादव, रमेश यादव, बहु मंजू देवी एवं भतीजा संतशरण यादव शामिल है। जबकि दूसरे पक्ष से उसी गांव के निवासी वीरेंद्र यादव, उनका अभिषेक यादव व दो भतीजा दीपक कुमार एवं मुन्ना कुमार शामिल है। इधर एक पक्ष के उमेश यादव ने बताया कि दो माह पूर्व दूसरे पक्ष का एक लड़का उनके छत पर चढ़ गया था और उनके छत से उनके घर की महिलाओं पर टोनेबाजी कर रहा था। जिसको लेकर उन्होंने उसका विरोध किया था तो उस समय भी कहासुनी हुई थी। हालांकि बात खत्म हो गई थी। जब उनके भाई बगीचा में गए थे। तभी दूसरे पक्ष के एक लड़के द्वारा कहा गया कि वह मुझे मारने के लिए आया है। जिसके बाद दूसरे पक्ष के लोग लाठी-डंडा के साथ उनके घर पर गए और सभी लोगों की पिटाई कर दी। जबकि दूसरे पक्ष के वीरेंद्र यादव ने बताया कि पहले पक्ष के रमेश यादव द्वारा उनके खेत में लगे चने को तोड़ा जा रहा था। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उक्त पक्ष के लोगों से कहासुनी हुई। जिसके उनलोगों द्वारा लाठी-डंडों से सभी की पिटाई कर दी गई। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

### मित्र पर विपत्ति आने पर बताये उपाय

**भागलपुर/शाहकुंडा, एजेंसी।** प्रखंड के मानिकपुर गांव में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथावाचिका ब्रज प्रिया किशोरी ने कहा कि मित्र पर विपदा आने पर अपना सुख नहीं बताना चाहिए। इस समय मित्र को विपदा से निबटने का उपाय बताना चाहिए। उन्होंने यह बात नंद बाबा और वसुदेव के बीच की कथा के प्रसंग के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जब वसुदेव जी नंद बाबा से यह कहते हैं कि तुम्हारे घर बालक का जन्म हुआ है और तुमने यह खुशी है की बात मुझे बताई नहीं तो नंद बाबा ने कहा कि मैं अपनी खुशी इसलिए नहीं बताया कि आपके सात पुत्रों और एक पुत्री को कंस ने मार डाला है। ऐसे में मैं अपनी खुशी क्या बताऊं। इस प्रसंग में भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुनाई गई।

### जले फसल का आकलन करेंगे राजस्व कर्मचारी

**भागलपुर/सबौरा, एजेंसी।** प्रखंड क्षेत्र के इंग्लिश बहियार में शार्ट सर्किट से सोमवार आग लगने से सौ बीघे गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गयी थी। इस मामले में सीओ ने राजस्व कर्मचारियों को नुकसान का आकलन करवाने का दिशा-निर्देश दिया है। वहीं किसानों ने सरकार से मुआवजे की आस रखी है। किसानों में फसल जलने के बाद हताश और निराशा है। कर्ज और रैयत को अनाज चुकता करने का भी डर सता रहा है। इस संबंध में सीओ सौरभ कुमार ने कहा कि नष्ट हुए फसल का आकलन करवाया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। सबौर विद्युत विभाग के कनीय अभियंता दीपक कुमार राही ने किसानों से अपील किया है कि भविष्य में बहियार में खंभे के समीप जंफर के आसपास फसल न लगाए। जो फसल लगा दिया गया है तो आसपास के सूखे फसल को जल्द काट लें। जंफर के पास अधिक शॉर्ट सर्किट की संभावना रहती है। उसी से चिंगारी आसपास गिरने से भी आग लगने की संभावना अधिक रहती है। जो भी किसान पटवन के लिए नंगे बिजली के तार का प्रयोग करते हैं तो वह बंद कर दें और बिजली विभाग जिस तार से कनेक्शन दे रही है उसे ही उपयोग करें।

# बीजेपी के गढ़ में बेटी रोहिणी आचार्या की हुंकार सारण को कर्मभूमि बनाएंगी लालू की लाडली

**सारणा, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने मंगलवार को अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के बाद कहा कि वह सारण को अपनी कर्मभूमि बनाएंगी। वह सारण लोकसभा सीट से राजद की प्रत्याशी हैं। बता दें कि वर्तमान समय में सारण लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का कब्जा है और इस सीट से 2019 में राजीव प्रताप रूड़ी ने चुनाव जीता था। सोशल मीडिया पर अपनी सक्रियता और पिता को किडनी दान करने के कारण चर्चा में रहीं रोहिणी आचार्य ने मंगलवार को पटना से सारण के लिए रवाना होने से पहले माता-पिता (लालू प्रसाद और राबड़ी) के चरण स्पर्श किए और घर में बने मंदिरों में पूजा-अर्चना की। रोहिणी आचार्य ने मीडिया के साथ बातचीत के दौरान कहा कि हमने कल बाबा हरिहा नाथ का आशीर्वाद लिया। अब मैं सारण में अपने मतदाताओं से मिलने जा रही हूं। आपको भी मुझे आशीर्वाद देना चाहिए। मंगलवार को प्रचार अभियान के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं सारण के लोगों से मिल रहे अपार प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूं। यहां के मतदाता जिस तरह से मुझसे मिल रहे हैं, उससे ऐसा लगता है जैसे कि एक बेटी अपने घर आई हो। मैं धन्य हूंं। यह (सारण) मेरे पिता की कर्मभूमि रही है और अब यह मेरी कर्मभूमि होने जा रही है। बता दें कि सारण में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा।




### पिता को किडनी दी लेकिन सारण की जनता के लिए जान हाजिर है : रोहिणी आचार्य

सारण से रोहिणी आचार्य को मैदान में उतारने के राजद के फैसले पर टिप्पणी करते हुए बिहार भाजपा अध्यक्ष और राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पटना में कहा कि अपने परिवार के सदस्यों को चुनावी राजनीति में उतारना राजद प्रमुख लालू प्रसाद की पहचान रही है।इसे कहते हैं वंशवादी राजनीति।वह (लालू) अब तक अपने दो बेटों और दो बेटियों को राजनीति में ला चुके हैं, अब देखते हैं कि उनकी बाकी पांच बेटियां, जो हमारी बहनें हैं, उन्हें कब राजनीति में लाते हैं।

### हमारी 5 बहनें बच गईं हैं, उनको कब उतारेंगे... सम्राट चौधरी के निशाने पर लालू यादव

वहीं राज्य के एक अन्य उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने भी रोहिणी आचार्य पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह अभी सिंगापुर में रहती हैं और अब यहां (सारण) से चुनाव लड़ रही हैं।जनता तय करेगी कि किसे जिताना है–उसे जो बिहार के प्रति प्रतिबद्ध है (सारण से भाजपा उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी) या वह जो सिंगापुर से आई हैं।उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा नीत राजग राज्य की सभी 40 लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेगा।

### कहलगांव शहर जाम और धूल से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**भागलपुर/कहलगांवा, एजेंसी।** कहलगांव शहर के बीचों-बीच एनएच-80 पर मंगलवार को सुबह और शाम को रूक-रूक कर भीषण जाम लगता रहा। ऐसे में आम लोगों को जाम से परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस बीच पुलिस वाहन में बैठे पुलिसकर्मी भी जाम में मूकदर्शक बने रहे। आते जाते लोगों ने भी पुलिस को कोसते व चर्चा करते हुए कह रहे थे कि गश्ती दल के जवानों को गाड़ी से उतरकर जाम हटवाना चाहिए। शायद हर रोज कि यही कहानी होने से पुलिस जवान भी गाड़ी से उतरना नहीं चाहते हैं।

इधर विद्यालयों में शुरू हो रहे नये सत्र को लेकर पुस्तक खरीदारी के लिये विद्यार्थियों व अभिभावकों के साथ ही रमजान के माह में बाजारों से खरीदारी करने वाले? लोग भी इस लगने वाले जाम में परेशान दिख रहे थे। खबर? लिखे जाने तक देर शाम जाम की स्थिति यथावत थी। दूसरी तरफ जाम टूटने के बाद वाहनों के आवागमन से उड़ रही धूल से भी लोग काफी परेशान दिख रहे थे। इस उड़ती धूल की समस्याओं को लेकर पूर्व में भी कई बार दिन में तीन बार पानी छिड़काव करवाने के लिए एसडीएम ज्ञापन सौंपा गया था। परंतु दिन में एक बार भी पानी का छिड़काव नहीं होने जनजीवन प्रभावित है।

# पहले चरण में बिहार की 4 सीटों पर 38 कैंडिडेट, नवादा में निर्दलीय गुंजन सिंह बिगाड़ सकते हैं खेल



**गया, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में बिहार की चार लोकसभा सीटों जमुई, गया, नवादा और औरंगाबाद पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। मंगलवार को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की फाइनल लिस्ट आ गई है। चार सीटों पर कुल 38 प्रत्याशी मैदान में हैं। गया, औरंगाबाद और जमुई में मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच ही होता नजर आ रहा है। वहीं, नवादा में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे भोजपुर-मगही सिंगर गुंजन कुमार सिंह एनडीए और महागठबंधन का खेल बिगाड़ सकते हैं।

पहले चरण में गया लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा 14 प्रत्याशी मैदान में हैं। यहां एनडीए से हमसंरक्षक जीतनराम मांझी तो महागठबंधन से आरजेडी नेता कुमार सर्वजीत ने नामांकन किया है। साथ ही बसपा एवं अन्य क्षेत्रीय दलों के अलावा 7 निर्दलीय भी ताल ठोक रहे हैं। औरंगाबाद में बीजेपी के सुशील कुमार सिंह और आरजेडी के अभय कुशवाहा समेत 9 प्रत्याशी मैदान में हैं। जमुई से आरजेडी की अर्चना कुमारी और लोजपा रामविलास के अरुण भारती समेत कुल 7 कैंडिडेट चुनाव लड़ रहे हैं।

नवादा में बीजेपी के विवेक ठाकुर और आरजेडी के श्रवण कुमार समेत 8 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होना है। इसमें भोजपुरी स्टार गुंजन कुमार भी शामिल हैं। गुंजन बीजेपी से टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय मैदान में उतरे हैं। उनके नामांकन में यूट्यूबर मनीष कश्यप भी पहुंचे थे। एनडीए के साथ ही महागठबंधन के वोटों में वे सेंधमारी कर सकते हैं।

पहले चरण की चारों सीटों पर बसपा भी चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा बिहार में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने भी कुछ सीटों पर कैंडिडेट उतारने की घोषणा की है। हालांकि, पहले चरण में ओवैसी की पार्टी के किसी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया। नवादा को छोड़कर पहले चरण की शेष सभी सीटों पर प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न भी आवंटित कर दिए गए हैं। नवादा के जिला पदाधिकारी का तबादला होने से चुनाव चिह्न का आवंटन नहीं हो पाया। इसके लिए राज्य निर्वाचन कार्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है।

# पप्पू यादव नहीं बैठेंगे, बोले- 24 दिन, 24 घंटे जुट जाएं मैदान में; 24 का चुनाव जीतेंगे पूर्णिया के सम्मान में

**पूर्णिया, एजेंसी।** बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट पर महागठबंधन से चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिलने पर पूर्व सांसद पप्पू यादव अब आर-पार के मूड में आ गए हैं। उन्होंने मंगलवार को अपने समर्थकों से मैदान में जुट जाने के लिए कहा है। उन्होंने संकेत दे दिए हैं कि वह लोकसभा का चुनाव लड़ने जा रहे हैं। भले ही कांग्रेस से उन्हें सिंबल नहीं मिले, वे निर्दलीय ही मैदान में उतरेंगे। पप्पू यादव ने कहा कि 2024 का चुनाव वह पूर्णिया के सम्मान में जीतकर दिखाएंगे। दरअसल, पूर्णिया सीट महागठबंधन में आरजेडी के खाते में आई है। लालू यादव की पार्टी ने यहां से विधायक बीमा भारती को उम्मीदवार बनाया है। इससे अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय करने वाले पप्पू यादव को करारा झटका लगा। वे कांग्रेस के टिकट पर पूर्णिया से 2024 का चुनाव लड़ना चाहते थे। पप्पू यादव ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें उन्होंने लिखा, ÷साथियों, अगले 24 दिन 24 घंटे मैदान में जुट जाएं, 24 का चुनाव जीतेंगे पूर्णिया के सम्मान में।÷ पप्पू यादव ने पूर्व में पूर्णिया सीट से मंगलवार को नामांकन दाखिल करने की घोषणा की थी। हालांकि, अब वह 4 अप्रैल को अपना पर्चा भरेंगे। इस सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इससे पहले उन्होंने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से पूर्णिया सीट पर पुनर्विचार करने की अपील की थी। पप्पू यादव ने कहा कि गठबंधन हित में लालू यादव पूर्णिया सीट कांग्रेस के लिए छोड़ दें। मगर, आरजेडी ने उनकी इस अपील को दरकिनार कर दिया है, ऐसे में अब पप्पू यादव के निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरने के कयास लगाए जा रहे हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस पप्पू यादव को पूर्णिया से सिंबल देने के मूड में नहीं है। अगर फिर भी वे पूर्णिया से निर्दलीय ताल ठोकते हैं तो पार्टी उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकती है।



**पूर्णिया में त्रिकोणीय होगा मुकाबला? :** पप्पू यादव अगर निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरते हैं तो पूर्णिया लोकसभा सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय हो जाएगा। पिछले कुछ महीनों में पप्पू यादव ने इस लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर अपना जनाधार बढ़ाया है। कांग्रेस में आने से पहले उन्होंने पिछले दिनों पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में विशाल रैली का आयोजन किया था। इसमें बड़ी संख्या में लोग जुटे थे। पूर्णिया में महागठबंधन बीमा भारती और एनडीए से मौजूदा जेडीयू सांसद संतोष कुशवाहा मैदान में हैं।

# कंप्यूटर ऑपरेटर का फंदे से लटका मिला शव

## किराए के मकान में अकेला रहता था, परिजनों ने एसडीओ पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**सुपौला, एजेंसी।** सुपौल के त्रिवेणीगंज थाना इलाके के नगर परिषद क्षेत्र संख्या वार्ड-6 में स्थित एक किराए के मकान में एक युवक का फंदे से लटका हुआ शव बंद कमरे से बरामद हुआ है। मृतक की पहचान जिले के डगमारा थाना अंतर्गत राजपुर वार्ड नंबर-3 निवासी सुरेंद्र यादव के 25 वर्षीय पुत्र पप्पू कुमार यादव के रूप में हुई है। मृतक त्रिवेणीगंज अनुमंडल कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर का काम करता था। इकलौते पुत्र था। मंगलवार को काम से वापस घर लौटा। बंद कमरे में फंदे से लटक जान दे दी। पड़ोस में रहने वाले लोगों ने पप्पू को आवाज लगाई तो बाहर नहीं निकलें। झांककर देखा तो पप्पू फंदे से झूलता हुआ नजर आया। सूचना त्रिवेणीगंज थाने की पुलिस को दी गई। त्रिवेणीगंज थाना अध्यक्ष राम सेवक रावत ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव भारती और डीसीएआर संस्कार रंजन को जानकारी दी। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में लाश को उतारा गया और परिजनों को सूचना दी गई।

### रात 1 बजे परिजन अस्पताल पहुंचे

परिजन मंगलवार की रात करीब 1:00 बजे अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि त्रिवेणीगंज एसडीओ के काम के प्रेशर को लेकर कंप्यूटर ऑपरेटर काफी परेशान रहता था। नौकरी से निकाल दिए जाने की धमकी दी जाती थी। प्रेशर में उसने सुसाइड कर लिया है।



### मामले की जांच की जा रही है

त्रिवेणीगंज अनुमंडल के एसडीपीओ विपिन कुमार ने कहा कि कंप्यूटर ऑपरेटर ने सुसाइड कर लिया है। परिजनों को बुलाया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### किराए के मकान में अकेला रहता था

पप्पू कुमार यादव की शादी जिले के किशनपुर थाना इलाके के एक गांव में लगी थी। जो आगामी 28 अप्रैल को होनी थी। मृतक के परिजनों ने बताया कि पप्पू तीन वर्षों से त्रिवेणीगंज अनुमंडल कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर था। जो त्रिवेणीगंज नगर परिषद के वार्ड नंबर 6 निवासी विद्यानंद यादव के मकान में अकेला में रहता था।

### परिजनों का आरोप बेबुनियाद है

त्रिवेणीगंज अनुमंडल के एसडीओ शंभू नाथ ने कहा कि बेल्ट्रॉन के माध्यम से बहाल कंप्यूटर ऑपरेटर पप्पू कुमार यादव ने अपने बंद कमरे में फंदे से लटक कर जान दी है। मंगलवार को ऑपरेटर कार्यालय आया था, लेकिन मुझसे मुलाकात चुनाव में व्यस्त होने की वजह से नहीं हो सकी थी। मृतक के परिजन जो आरोप लगा रहे हैं, बेबुनियाद और निराधार है।

# बिहार में अगले पांच दिनों तक शुष्क बना रहेगा मौसम



**पटनाा, एजेंसी।** बिहार में अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान में ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। इसके बाद 2 से 3 डिग्री तक तापमान बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी असम पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। साथ ही दक्षिण-पश्चिम अरुणाचल प्रदेश की ओर एक टर्फ लाइन गुजर रही है। इन वजहों से बिहार का मौसम भी प्रभावित हुआ।

**वैशाली रहा सबसे गर्म :** पिछले 24 घंटे की बात करें तो बिहार के कई जिलों का मौसम सामान्य बना रहा। दोपहर में 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म उत्तर पछुआ हवा चली। जिससे धूप की तपिश कम महसूस हुई। वहीं कल पटना समेत पूरे बिहार का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के नीचे दर्ज किया गया। 39.3 डिग्री सेल्सियस के साथ वैशाली जिला सबसे गर्म रहा। पटना के अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ पर न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री बढ़ गया। यहां का अधिकतम तापमान 36.3 और न्यूनतम 22 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया कि अगले पांच दिन तक मौसम शुष्क रहेगा। दो दिन तक अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके बाद राज्य के अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री तक बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है।

**कहां कितना दर्ज किया गया अधिकतम तापमान :** पिछले 24 घंटे के दौरान वैशाली जिला सबसे गर्म रहा जहां का अधिकतम तापमान 39.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा नवादा 37.4 डिग्री, शेखपुरा 37.7 डिग्री, जमुई 37.3 डिग्री, पटना 36.3 डिग्री, भोजपुर 36.5 डिग्री, दरभंगा 36 डिग्री मुजफ्फरपुर 34.5 डिग्री। इसके अलावा अन्य जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के नीचे दर्ज किया गया।

# नियोजित शिक्षकों को हटाने की बात कभी नहीं की, हाईकोर्ट का फैसला सही : विजय चौधरी



**पटनाा, एजेंसी।** पटना हाईकोर्ट से नियोजित शिक्षकों को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार अब सक्षमता परीक्षा पास नहीं करने वाले या इस परीक्षा मे शामिल नहीं होने के बावजूद भी शिक्षक अपने पद पर बने रहेंगे। हाई कोर्ट ने ऐसे अभ्यर्थी शिक्षकों के पक्ष में फैसला देते हुए कहा कि उनकी नौकरी नहीं जाएगी। हाईकोर्ट का आदेश आने के बाद बिहार सरकार में मंत्री विजय चौधरी ने कहा है कि सक्षमता परीक्षा में फेल करने वाले या परीक्षा नहीं देने वाले नियोजित शिक्षकों को हटाने का फैसला सरकार ने कभी लिया ही नहीं था। नियोजित शिक्षकों ने तो हाई कोर्ट में सक्षमता परीक्षा के आयोजन पर ही आपत्ति जताते हुए चुनौती दी थी, जिसे उच्च न्यायालय ने नहीं माना। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ही अपने शपथ पत्र में कोर्ट को कहा था कि किसी नियोजित शिक्षक को सेवा मुक्त नहीं किया जाएगा। इस प्रकार उच्च न्यायालय ने सरकार के निर्णय की पुष्टि ही की है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अनावश्यक भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि सरकार नियोजित शिक्षकों को हटाना चाह रही थी। बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2023 के नियम-3 (3) में ही स्पष्ट है कि जो सक्षमता परीक्षा में शामिल नहीं होंगे अथवा फेल कर जाएंगे, वैसे शिक्षक नियोजित श्रेणी में ही रह जाएंगे, वे सिर्फ सरकारी शिक्षक नहीं बन पाएंगे और उच्च न्यायालय ने इसे उचित माना है।

बिहार के नियोजित शिक्षकों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, सक्षमता परीक्षा नहीं देने या फेल होने पर भी बनी रहेगी नौकरी

कोर्ट ने मुख्यतः चार मुख्य बिंदुओं पर अपना फैसला दिया।

हाईकोर्ट ने राज्य में कार्यरत स्थानीय निकाय शिक्षकों के लिए सक्षमता परीक्षा को सही ठहराया।

हाईकोर्ट ने नई शिक्षक नियमावली के नियम 4 को निरस्त कर दिया जिसके तहत सभी शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है।

कोर्ट ने बिहार राज्य शैक्षिक संस्थागत शिक्षक और कर्मचारी (शिकायत निवारण और अपील नियमावली 2020) के नियम 12 को भी निरस्त कर दिया, जिसके तहत गठित जिला व राज्य स्तरीय अपीलीय प्राधिकार में लंबित मामलों का इस नियमावली के लागू होने की तिथि से 6 माह के भीतर निपटारा किया जाना था। इसके अतिरिक्त इस नियमावली के लागू होने की तिथि से जिला राज्य अपीलीय प्राधिकार कोई भी नया केस स्वीकार नहीं करेगा।

कोर्ट ने शिक्षकों की पदोन्नति के लिए निर्धारित उचित शर्तों के तहत प्रत्येक संवर्ग के लिए विचार करने का आदेश दिया।

### दो बाइक की टक्कर में 4 लोग हुए घायल :तेज रफ्तार के कारण हुआ हादसा

**छपरा, एजेंसी।** छपरा शहर के फोरलेन बाइपास पर 2 बाइक में टक्कर हो गई। दुर्घटना में 4 लोग घायल हो गए। दो लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना मंगलवार के देर रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के फोरलेन की है। घायलों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के उमधा गांव निवासी मंटू शर्मा के बेटे विष्णु शर्मा, वकील शर्मा के बेटे अरबिंद शर्मा, फकुली गांव निवासी परमेश्वर और साढ़ा नेवाजी निवासी श्यामबिहारी सिंह के बेटे रजनीश सिंह हैं। विष्णु शर्मा और परमेश्वर की स्थिति नाजुक है। घटना के बाद राहगीरों ने डायल-112 को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस सभी घायलों को सदर अस्पताल लेकर पहुंची। जहां इजाल चल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैट्रिक परीक्षा की स्क्रूटनी के लिए आवेदन आज से, 9 अप्रैल तक रखी गई है आखिरी तारीख

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2024 की उत्तर पुस्तिकाओं की स्क्रूटिनी की तिथि जारी कर दी है। यदि कोई विद्यार्थी अपने किसी एक विषय या एक से अधिक या सभी विषयों के प्राप्तांक से असंतुष्ट हों, तो वे उन विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं का स्क्रूटनी के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन वेबसाइट http://secondary.biharboardonline.com पर आज 3 अप्रैल से 9 अप्रैल तक जाकर कर सकते हैं। इसके लिए 120 रुपए प्रति विषय की दर से राशि जमा कराना होगा। समिति ने कहा है कि यदि उत्तर पुस्तिका के अंदर के पृष्ठों के अंक मुख पुष्ठ पर अंकित नहीं है, तो उसमें सुधार किया जाएगा। दिये गये अंकों के योग में यदि कोई त्रुटि हो, तो उसमें सुधार किया जाएगा। यदि कोई प्रश्न या उसके खंड के प्रश्नोत्तर अमूल्यांकित है, तो उसका मूल्यांक कर प्राप्तांक में सुधार किया जाएगा। स्क्रूटिनी के परिणामस्वरूप अंक बढ़ सकते हैं, घट सकते हैं या वहीं रह सकता है। यदि मैट्रिक परीक्षा 2024 में अधिकतर दो विषयों में व अनुत्तीर्ण कोई विद्यार्थी स्क्रूटिनी के लिए आवेदन किये जाने के साथ- साथ माध्यमिक कंपार्टमेंटल परीक्षा 2024 में भी शामिल होते हैं और स्क्रूटनी के परिणामस्वरूप जो अंक प्राप्तांक के आधार पर वह परीक्षा में उत्तीर्णता प्राप्त कर लेते हैं, तो उस विद्यार्थी का मैट्रिक परीक्षा 2024 का परीक्षाफल ही मान्य होगा, न कि माध्यमिक कंपार्टमेंटल परीक्षा का परीक्षाफल।

### पटना में 43 लाख रुपए की अंग्रेजी शराब बरामद, यूपी से लाई जा रही थी खेप



**पटना।** पटना में लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में है। लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में दो अलग-अलग जगहों से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुआ है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 43 लाख रुपए है। जिला मद्य निषेध विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ये कार्रवाई की गई है। बेऊर थाना क्षेत्र में यूपी नंबर ट्रक(UP22T3861) से 500 कार्टून शराब बरामद हुआ है। पुलिस को चकमा देने के लिए पंजाब निर्मित शराब चावल के बोरे के नीचे छुपाकर लाई जा रही थी। शराब की कीमत 40 लाख रुपए आंकी गई है। इसके अलावा गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के एक नंबर रोड से 30 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद हुआ है। जिसकी कीमत करीब 3 लाख रुपए है। शराब कहां से लाई जा रही थी। डिलीवरी कहां होनी थी। इस धंधे में कौन-कौन लोग शामिल है। इस बिदुं पर पुलिस छानबीन कर रही है।

### बिहार के पूर्व डिप्टी CM सुशील मोदी को कैंसर, कहा- 6 महीने से इससे लड़ रहा

**पटना।** बिहार के पूर्व डिप्टी CM सुशील मोदी कैंसर की बीमारी से लड़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर बुधवार को उन्होंने खुद इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा- पिछले 6 महीने से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूं। अब लगा कि लोगों को बताने का समय आ गया है। लोकसभा चुनाव में कुछ कर नहीं पाऊंगा। PM को सब कुछ बता दिया है। देश, बिहार और पार्टी का सदा आभार और सदैव समर्पित। सुशील मोदी गले के कैंसर से पीड़ित हैं। 3 महीने पहले गले में दर्द की शिकायत पर जांच कराई तो कैंसर का पता चला। अभी वे दिल्ली एम्स में चेकअप करा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो आज शाम तक सुशील मोदी पटना पहुंच सकते हैं। सुशील मोदी पर BJP सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह जानकर मुझे बहुत पीड़ा हुई है। मैं उनके स्वस्थ होने की कामना करता हूं। रविशंकर प्रसाद ने कहा की चुनाव प्रचार में उनकी कमी खलेगी। नीतीश कुमार और सुशील मोदी बिहार में 70 के दशक के जेपी आंदोलन की उपज हैं। RSS से जुड़े रहे सुशील कुमार मोदी की छात्र राजनीति की शुरुआत 1971 में हुई। 1990 में सुशील कुमार मोदी ने पटना केन्द्रीय विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और विधानसभा पहुंचे। साल 2004 में वे भागलपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीते। साल 2005 में उन्होंने संसद सदस्यता से इस्तीफा दिया और विधान परिषद के लिए निर्वाचित होकर उपमुख्यमंत्री बने। यहीं से नीतीश कुमार के साथ उनका साथ शुरू हुआ। सुशील मोदी 2005 से 2013 और 2017 से 2020 तक बिहार के वित्त मंत्री रह चुके हैं। वो नीतीश सरकार में डिप्टी CM भी रह चुके हैं। 2005 के बिहार चुनाव में NDA सत्ता में आई और मोदी को बिहार भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। बाद में उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया और बिहार के उपमुख्यमंत्री का पद संभाला। उन्हें कई अन्य विभागों के साथ-साथ वित्त विभाग भी दिया गया। 2010 के बिहार चुनाव में NDA की जीत के बाद वह बिहार के उपमुख्यमंत्री बने रहे। मोदी ने भाजपा के लिए प्रचार करने में सक्षम होने के लिए 2005 और 2010 का बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा।



### सिविल कोर्ट हादसे के बाद भी प्रशासन गंभीर नहीं, गंगा किनारे और फुटपाथ पर बैठने को वकील मजबूर

**पटना।** पटना सिविल कोर्ट हादसे के बाद भी आज दिन तक वकीलों की बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाई है। आज भी वकील गंगा किनारे झोपड़ी बनाकर और फुटपाथ पर टेबल कुर्सी लगाकर बैठने के लिए मजबूर हैं। यहां साफ-सफाई भी ठीक नहीं है। दैनिक भास्कर से बातचीत के दौरान वकीलों ने अपनी परेशानी बताई। अधिवक्ता दिलीप कुमार ने बताया कि जहां हमलोग बैठे हुए हैं, इस जगह पर असामाजिक तत्वों का अड्डा है। जिस पर बैठते थे उसे भी होली के दिन तोड़ दिया गया। इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसी तरह से हमलोग काम कर रहे हैं। अधिवक्ता दिनकर दुबे ने बताया कि बैठने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिस बिल्डिंग में अधिवक्ता बैठते थे, उसे तोड़ दिया गया। ट्रांसफॉर्मर ब्लास्ट में 4 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। हमारे पास कोई विकल्प भी नहीं है। अब कोर्ट भी गर्मी के चलते मॉर्निंग हो गया। हमलोग इसी कड़ाके की धूप और बरसात में बैठेंगे। पूर्व के जिलाध्यक्ष डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह के द्वारा भी आश्वासन दिया गया था। जब तक बैठने की व्यवस्था नहीं होगी, तब तक बिल्डिंग नहीं तोड़ी जाएगी, लेकिन तोड़ दिया गया। चेंबर के लिए हाईकोर्ट में केस भी किया गया है। सबके संज्ञान में मामला है। बावजूद इसके कुछ नहीं हो पा रहा है। ऋषिकेश नारायण सिन्हा ने बताया कि काफी परेशानी है। फुटपाथ और गंगा किनारे बैठ रहे हैं। वहां सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। होली के समय टेबल कुर्सी तक तोड़ दिया गया। शाम के वक्त नशा करने वाले गाली गलौज करते हैं। डिस्ट्रिक्ट जज के भी संज्ञान में मामला है।घटना के समय पटना डीएम ने भी आश्वासन दिया था, लेकिन 13 मार्च से आज 3 अप्रैल हो गया। कोई सुनवाई नहीं है। बता दें 13 मार्च को सिविल कोर्ट के पश्चिमी दरवाजे के पास ट्रांसफॉर्मर ब्लास्ट में 3 वकील बुरी तरह से झुलस गए थे। जबकि एक की मौके पर ही मौत हो गई थी।



# चिराग के 22 नेताओं का पार्टी से इस्तीफा

## संगठन सचिव ने कहा-गद्दारों को टिकट दिया

एजेंसी, पटना।

लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को बड़ा झटका लगा है। पूर्व सांसद अरुण कुमार के बाद 22 नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इसमें पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेणु कुशवाहा, प्रदेश प्रवक्ता प्रो. विनित सिंह, राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुमार, प्रदेश संगठन सचिव ई. रविन्द्र सिंह समेत प्रदेश उपाध्यक्ष और महासचिव भी शामिल हैं। ये सभी नेता टिकट बंटवारे से नाराज हैं। नाराज नेताओं ने एक सूची जारी की, जिसमें प्रो. विनित सिंह भी शामिल हैं। हालांकि प्रो. विनित सिंह ने इस्तीफे की खबर को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि लोजपा(आर) में कोई भी निर्णय लोकतांत्रिक तरीके से होता है। पार्टी के प्रत्याशियों की घोषणा के बाद कई नेता नाखुश हैं। उन्होंने कहा कि इस्तीफा देने वाले नेताओं की सूची में मेरा भी नाम है। यह देखकर



मैं हैरान हूं कि इसमें मेरा भी नाम है। मैं अपने पद पर आज भी बना हुआ हूं। मैंने इस्तीफा नहीं दिया है। मैं अपनी पार्टी में मजबूती के साथ हूं।

**गद्दारों को दिया गया टिकट:** इस्तीफा देने वालों में शामिल ई. रविन्द्र सिंह ने कहा कि हम लोगों के साथ पूरी तरीके से खेल हुआ है। पार्लियामेंट बोर्ड की ओर से दो-दो नाम मांगा गया गया, जिसमें एक को टिकट मिला था। हमेशा आश्वासन मिलता रहा कि कार्यकर्ताओं को ही टिकट देंगे, लेकिन उन्होंने गद्दारों को टिकट दे दिया।

**पैसा फर्स्ट और परिवार फर्स्ट:** अशोक चौधरी जिनके खिलाफ हम लोगों ने काम किया, उनकी बेटी को टिकट दे दिया गया। एक तस्कर जिसके ऊपर ईडी और आईटी का छापा पड़ा है। उसको भी टिकट दिया गया है। चिराग पासवान को लेकर सोशल मीडिया पर कहा जा रहा है कि पैसा फर्स्ट और परिवार फर्स्ट।

**सोशल मीडिया पर टिकट बेचवा ट्रेंड कर रहा है:** उन्होंने आगे कहा कि हम लोग अलग पार्टी नहीं बनाएंगे। सोशल मीडिया पर लोगों की टिप्पणियों से बेहद आहत महसूस कर रहा हूं। कोई लिख रहा है कि 30 करोड़ में वैशाली सीट बेच दी गई तो कोई कह रहा है कि 40 करोड़ में टिकट बेचा गया। सोशल मीडिया पर 'टिकट बेचवा ट्रेंड' देखा तो सिर शर्म से झुक गया। पार्टी के कार्यकर्ता भी मुझसे लगातार पूछ रहे हैं कि क्या 30 से 40 करोड़ रुपए में टिकट बेचा गया है। मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि मैं क्या जवाब दूं।

# जवान ने सुसाइड किया, DM-SP हटाए गए

## भोजपुर में EVM की सुरक्षा में जवान तैनात था

एजेंसी, पटना।

चुनाव आयोग सख्त मोड में दिख रहा है। भोजपुर में स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा में तैनात जवान की मौत के बाद चुनाव आयोग ने डीएम और एसपी को पहले हटाया गया, अब डीएसपी और एसएचओ को सस्पेंड किया गया है। इस मामले में यह बात सामने आई है कि जवान को छुट्टी नहीं दी गई थी। इसलिए उसने सुसाइड किया है। चुनाव आयोग ने EVM की सुरक्षा पर भी सवाल उठाए हैं। आयोग ने बिहार सरकार को SOP पालन करने का निर्देश दिया है। चुनावी ड्यूटी में बड़ी लापरवाही का आरोप लगाते हुए यह कार्रवाई की है।

**क्यों हुई कार्रवाई:** भोजपुर जिले के नवादा थाना का ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा में लगे कॉन्स्टेबल हेमंत कुमार ने 30 मार्च को आत्महत्या की थी। इसकी शिकायत आयोग तक पहुंची। जिसके बाद आयोग ने संबंधित पर्यवेक्षण करने वाले भोजपुर के नवादा थाना के एसएचओ राकेश कुमार सिंह और भोजपुर डीएसपी परिचय कुमार



को सस्पेंड करने का आदेश दिया। आयोग ने माना है कि ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा और एसओपी का उल्लंघन हुआ है। सुरक्षा कर्मी की छुट्टी की मंजूरी के सुपरविजन में कमी देखी गई है। आयोग ने आगे कहा है कि इसके लिए बड़े दंड के लिए तत्काल आरोप पत्र जारी किया जाएगा। आयोग ने कहा है कि इसके लिए कोई विकल्प नहीं बचा है। आयोग ने आगे लिखा है कि ईवीएम मैनुअल के सब्जेक्ट-2 के पैरा 2.12 में निर्धारित एफएलसी और मशीनों की सुरक्षा पूरी नहीं हुई। एफएलसी का उल्लंघन हुआ है। पत्र में कहा गया है कि भोजपुर में प्रथम स्तरीय जांच के बाद ईवीएम वाले एफएलसी स्ट्रांग रूम की 24 घंटे सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाने चाहिए थे।

# महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

एजेंसी, पटना।

राजधानी पटना के मसाढ़ी में विश्व कल्याण जग एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया और कलश में जल भरकर भ्रमण करते हुए वापस अपने स्थान मसाढ़ी पहुंची। आज से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समापन 10 अप्रैल को होगा। इसी को लेकर भागवत कथा से पहले बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिला श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ जलभरा। इस दौरान सभी भक्ति गीतों पर झुमती नजर आईं। महिलाएं पूरी आस्था, विश्वास के साथ कलश यात्रा और यज्ञ हवन



कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंची थी। जहां कथावाचक श्रीधाम वृंदावन से पधारे पंडित पूज्य श्याम शुभम जी महाराज द्वारा कथा के प्रथम दिन कथा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा,ऐसी कथा है,जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है,इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है।

# खिड़की तोड़ रेडीमेड दुकान से 3 लाख की चोरी, थाना से 500 मीटर की दूरी पर घटना

एजेंसी, पटना।

पटना के दानापुर थाना से महज पांच सौ मीटर की दूरी पर सदर बाजार स्थित एक रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान में चोरी की घटना को दिया अंजाम दिया गया है। घटनाक्रम पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इसमें एक चोर खिड़की तोड़ दुकान के अंदर जाता दिख रहा है। चोर दुकान के अंदर जाने के बाद दुकान के गल्ले में रखे लगभग तीन लाख कैश लेकर फरार हो गया। इस संबंध में पीड़ित दुकान मालिक अमन केशरी ने दानापुर थाना में लिखित शिकायत की है। अपने लिखित आवेदन में उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात करीब नौ बजे दुकान बंद कर मछुआ टोली स्थित अपने घर चला गया था।



बुधवार को सुबह करीब 11.30 बजे अपना दुकान खोलने पहुंचा। दुकान पर पहुंचने पर देखा की शटर पर लगे ताले को ईट से तोड़ने को कोशिश की गई है। जब शटर खोल अंदर गया तो देखा की अंदर रखे गल्ला नीचे गिरा हुआ है। उसमे रखे दो लाख तीस हजार नगद, पचास पीस चांदी का सिक्का के साथ ही लगभग दस हजार के सिक्के चोरी कर ली गई है। जब दुकान के अंदर खोजबीन की तो देखा की पीछे का खिड़की टूटा हुआ है। पास के दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज देखा तो पाया की रात्रि 1.30 बजे के करीब एक चोर बगल से गली से खिड़की तोड़ मेरे दुकान के अंदर घुसा है। एक घंटे तक वह दुकान के अंदर रहा। दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पास लगे सीसीटीवी में चोर का फोटो सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान की जा रही है। जल्द ही चोर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# लालू अल्पसंख्यक को क्यों नहीं बनाते सीएम

## बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद का राजद सुप्रीमो पर तंज, कहा- पूरी पार्टी परिवार के पास हो तो समस्या




एजेंसी, पटना।

लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार में वार पलटवार को दौर जारी है। बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने राजद सुप्रीमो लालू यादव पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि लालू बताएं उनकी जाति का आम आदमी मुख्यमंत्री बन सकता है ? लालू अल्पसंख्यक को मुख्यमंत्री बनाने की बात क्यों नहीं सोचते? बीजेपी बिहार ने अतिपिछड़ा को डिप्टी सीएम बनाया है। रविशंकर प्रसाद बुधवार को बीजेपी मीडिया सेल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान कहा कि बिहार के विकास का एनडीए का एजेंडा स्पष्ट है। पीएम का कहना है बिना बिहार के विकास का देश का विकास नहीं होगा। पीएम ने पिछले दिनों 85 हजार करोड़ का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

**एनडीए की सरकार में सबका विकास:** इंडी एलायंस बताए कि बिहार के विकास का उनका एजेंडा क्या है? उन्होंने कहा कि महागठबंधन के पास मोदी का विरोध ही एकमात्र एजेंडा है। उनके एजेंडे में सिर्फ खास जाति के लोग हैं। उनके सरकार में उनकी जाति के लोगों के आसपास ही सड़क बनाते थे। एनडीए सरकार में हर जगह बराबर विकास हो रहा है।

**राहुल वायनाड क्यों गए:** राहुल गांधी के नामांकन पर रवि शंकर प्रसाद ने हमला करते हुए कहा कि राहुल गांधी अमेठी से क्यों भाग गए। अमेठी पारंपरिक सीट थी फिर वायनाड क्यों गए। जो सर्वे आया है उसमे वायनाड में भी मुश्किल होगी। राहुल गांधी में हिम्मत होती तो अमेठी से ही लड़ते।

**पूरी पार्टी परिवार के पास:** रोहिणी आचार्य के बीजेपी पर परिवार वाद के आरोप पर रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि बीजेपी परिवारवाद का हमेशा विरोधी करती है। किसी नेता के बच्चों के राजनीति में आने का विरोधी नहीं है। लेकिन पूरी पार्टी परिवार के पास ही हो तो समस्या है।

# दुकान से मोबाइल और रुपए लेकर फरार

एजेंसी, पटना।

पटना में अलग अलग गिरोह सक्रिय हैं। पटना के कोतवाली थाना के ब्रदर्स मोबाइल जोन नाम की दुकान से मोबाइल और रुपए लेकर फरार हो जाने का मामला सामने आया है। जो शख्स मोबाइल बेचने आया था, वो आई फोन 14 प्लस और दुकानदार का 40000 रुपए लेकर फरार होने का आरोप लगा है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। घटना के बाद से ग्राहक गायब है।

**ग्राहक बनकर बेचने आया था मोबाइल:** दुकानदार दीपक कुमार ने बताया कि महाराजा कामेश्वर कॉम्प्लेक्स फ्रेजर रोड में दुकान है। पुराने मोबाइल की खरीद बिक्री का कारोबार करता है। घटना वाले दिन शाम लगभग 5:24 बजे एक ग्राहक अपना मोबाइल बेचने आया था। जिसकी कीमत 40,000



रुपए रखी गई। मैं डिक्लियरेंस फॉर्म देकर दूसरे ग्राहक में व्यस्त हो गया तब तक मोबाइल और मेरा 40,000 रुपए लेकर वह ग्राहक फरार हो गया। कॉल करने के बाद घंटी हुई। लेकिन कुछ देर के बाद उसने अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया।

**चल रही है छानबीन:** कोतवाली थाने के द्वारा पीड़ित दुकानदार के द्वारा की गई शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कोतवाली थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

# तेजस्वी बोले- बीजेपी में जितने नेता गए, उन सबके केस क्लोज

एजेंसी, पटना।

तेजस्वी यादव ने बुधवार को पटना में जांच एजेंसियों पर फिर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी में जितने नेता गए, जांच एजेंसियों ने उन सबके केस क्लोज कर दिए। 70 हजार करोड़ का घोटाला किया हो या जो हो, BJP में जाने के बाद उन्हें मंत्री बना दिया जाता है। हमारा अपना दल है, अपना गठबंधन है, हम अपने प्रत्याशी के लिए पूर्णिया जा रहे हैं और हमें पूरा विश्वास है कि बीमा भारती भारी मतों से जीतेंगी। बिहार का रिजल्ट चौंकाने वाला होगा। तेजस्वी ने कहा कि PM मोदी लगातार परिवारवाद पर बोलते रहे हैं, और पहली जनसभा की शुरुआत ही वो परिवारवाद के उम्मीदवार से कर रहे हैं। उनके कथनी और करनी में भारी अंतर है। परिवारवाद के सबसे ज्यादा टिकट NDA खेमे में दिए जा रहे हैं। PM मोदी आ रहे हैं तो उनको ये बताना पड़ेगा कि उन्होंने बिहार के लिए क्या किया। कुछ किया तो नहीं, बिहार को चूना लगाया उन्होंने। 39 सांसदों ने अपने लोकसभा क्षेत्र में क्या किया, इसपर सारे सांसद बताएं।

**प्रवीण तोगड़िया बोले- मंदिर बन गया, तोड़ने वाली सोच अभी भी जिंदा:** विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया बुधवार को पटना पहुंचे हैं। उन्होंने कहा है कि चुनाव आ रहा है, अपने पसंद की सरकार बनाएं। वहीं राम मंदिर क्या चुनावी मुद्दा बनेगा। इस सवाल पर प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि राम मंदिर चुनाव का मुद्दा कभी नहीं था। यह श्रद्धा का मुद्दा था, इसलिए राम मंदिर बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि काशी और मथुरा में भी मंदिर बनेगा। राम मंदिर को तोड़ने वाले के सवाल पर कहा कि जिन्होंने राम मंदिर तोड़ा है। वह ताकत भारत में आज भी जिंदा है। मंदिर तोड़ने वाली ताकत को दबाना ही होगा।



**रविशंकर बोले- मोदी का विरोध ही एकमात्र एजेंडा:** पीएम मोदी के जमुई दौरे से पहले बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने पटना में विपक्ष से बड़ा सवाल किया है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए एनडीए का एजेंडा स्पष्ट है। पीएम का कहना है कि बिना बिहार के विकास का देश का विकास नहीं होगा। पीएम ने पिछले दिनों 85 हजार करोड़ का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इंडी अलायंस बताए कि बिहार के विकास का उनका एजेंडा क्या है। गठबंधन के पास मोदी का विरोध ही एकमात्र एजेंडा है। विरोधी जवाब दें उनके एजेंडे में पूरा बिहार क्यों नहीं है। उनके एजेंडे में सिर्फ खास जाति के लोग हैं।

**पीएम के दौरे से कोई फर्क नहीं पड़ेगा-अखिलेश सिंह:** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने पीएम मोदी के बिहार दौरे पर कहा है कि उनके आने का कोई असर नहीं पड़ेगा। पीएम मोदी ने जिस तरह से देश की जनता के साथ वादाखिलाफी की है, अब वक्त आ गया है। यहां की जनता निश्चित रूप से जवाब देगी। महंगाई जिस तरह से बढ़ी है, बेरोजगारी बढ़ी है। इससे आम जनता परेशान है। इसका जवाब देने के लिए जनता तैयार है। अब परिवर्तन की लहर जरूर चलेगी। प्रधानमंत्री के जंगल राज वाले बयान पर अखिलेश सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार है। वही जंगल राज किए हुए हैं। हर जगह रेप और लूट की खबरें चल रही है। असली जंगल राज यह है।

**AIMIM के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान ने किया नामांकन:** AIMIM प्रत्याशी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने किशनगंज से अपना नॉमिनेशन भरा। उन्होंने कहा कि किशनगंज के सभी सम्मानित वोटरों से गुजारिश करेंगे कि वोट देकर कामयाब बनाए। हम सीमांचल सहित पूरे देश और देश के बाहर रहने वाले लोगों से कहेंगे कि मेरे लिए दुआ कीजिए। मेरे लिए मदद कीजिए। क्यों कि आजादी के इन 77 सालों के दरम्यान किशनगंज सहित सीमांचल को लूटा है। हमने टैक्स के रुपए दिए इन्होंने दिल्ली को संवारा। हमने वोट दिया है इन्होंने अपनी हुकूमत बनाई है। यहां की आबादी के साथ हिन्दू-मुस्लिम दलित अगरा-पिछड़ा का बुरा हाल है। इस क्षेत्र के मुसलमानों की हलात अत्यंत खराब है। यहां के लोग बीमार सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि नफरत के सौदागरों को गद्दी से उतारा जाए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### गया के सेंट्रल में छापेमारी, नहीं मिल सका कोई भी आपत्तिजनक सामान, SSP का निर्देश

**गया।** गया जिला पुलिस प्रशासन लोकसभा चुनाव के मध्य नजर की पूरी तरह एतिहात बरत रही है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गया सेंट्रल जेल में आज छापेमारी की गई। जिसमें जिला पुलिस पुलिस प्रशासन को जेल के अंदर से कोई आपत्तिजनक सामान या वस्तु बरामद नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि रूटिन के तहत गया सेंट्रल जेल में छापेमारी की गई। गया पुलिस कप्तान एसएसपी आशीष भारती के निर्देश पर सिटी एसपी प्रेरणा कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठन किया गया। जिसमें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गया पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। उनकी टीम में सहायक पुलिस अधीक्षक नगर पारस नाथ साहू समेत शहर के सभी थानों के थानाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल थे। इनमें रामपुर थाना के थाना अध्यक्ष रवि कुमार, कोतवाली थाना के थाना अध्यक्ष आशीष मिश्रा समेत विष्णुपद, डेल्हा समेत सिविल लाइंस थाना के थानाध्यक्ष व अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी शामिल थे। पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल ने सेंट्रल जेल पहुंचे थे। सेंट्रल जेल में लगभग लगभग 4:00 बजे के क़रीब छापेमारी करने पहुंचे और लगभग 7:30 में यानी साढ़े तीन घंटे तक जेल के कोने-कोने को खंगाला गया। लेकिन कुछ जेल परिसर या वार्ड से कुछ भी नहीं मिला, फ़िर लगभग 7:30 बजे तक पुलिस प्रशासन जेल से बाहर निकले। छापेमारी में हर एक वार्ड की सघन तलाशी ली गई। यहां तक कि महिला वार्डों की सघन तलाशी की गई। लेकिन पुलिस प्रशासन को कुछ भी हासिल नहीं हो सका। एसएसपी आशीष भारती ने बताया केंद्रीय कारागार गया में छापेमारी की गई। जेल से कुछ भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिल सका, यह छापेमारी लोकसभा चुनाव के मध्य नजर विधि व्यवस्था को लेकर की गई थी।जहां सज़ा याफ़्ता एवं कुख्यात अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने का भी निर्देश दिया सेंट्रल जेल प्रशासन को दी गई है।

### ग्रेजुएशन के स्टूडेंट्स एडमिट कार्ड में करवा सकते हैं सुधार

**गया।** गया के बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय से एक पत्र जारी किया गया है। यह पत्र छात्र-छात्राओं के लिए है। जो छात्र व छात्राएं स्नातक में पढ़ाई कर रहे हैं यह उनके लिए ही विशेष जानकारी है। मगध विश्वविद्यालय से जारी पत्र में स्नातक फर्स्ट इयर सत्र 2022-25 के परीक्षा प्रवेश पत्र एडमिट कार्ड के सुधार को लेकर छात्र-छात्राओं को जारी की गई है। मगध विश्वविद्यालय से जारी पत्र में बताया गया है कि,विषयांकित स्नातक शैक्षणिक सत्र 2022-25 से संबंधित परीक्षार्थियों को प्रदत प्रवेश पत्र एडमिट कार्ड में त्रुटियों की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसे लेकर अध्योहसताक्षरी कार्यालय से संबंधित परीक्षार्थी को निर्गत परीक्षा प्रवेश पत्र एडमिट कार्ड में सुधार के लिए कार्यालय पत्रांक संख्या सीईओ-115-2024 दिनांक 8 मार्च के द्वारा पूर्व में विशेष निर्देश पर सारी की गई थी। जिसे लेकर पत्र के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सूचित करना है कि 3 मार्च से 7 अप्रैल तक सुधार के लिए संबंधित पोर्टल खोला जाएगा आप अपने-अपने महाविद्यालय में स्वयं के स्तर से उक्त अवधि में सुधार के लिए संग्रहित सभी परीक्षा प्रवेश पत्र एडमिट कार्ड का विश्वविद्यालय कार्यालय द्वारा पूर्व में उपलब्ध कराए गए यूजर आईडी पासवर्ड की सहायता से परीक्षा प्रवेश पत्र में सुधार का कर लेंगे। इस संबंध में मगध विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के अनुसार बताया गया। स्नातक के छात्र-छात्राओं का एडमिट कार्ड में त्रुटि होने की बात सामने आ रही थी। जिसे लेकर मगध विश्वविद्यालय से स्नातक के छात्र-छात्राओं के लिए सूचना जारी की गई है। मगध विश्वविद्यालय से जारी पत्र के बाद स्नातक के छात्र-छात्राएं अपने एडमिट कार्ड में दिए गए आईडी पासवर्ड से 7 अप्रैल तक खोलकर एडमिट कार्ड में सुधार कर सकते हैं।

### गया में 275 लोग अपने घर पर ही करेंगे मतदान, निर्वाचन आयोग ने पूरी की तैयारी

**गया।** गया में लोकसभा चुनाव में पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं इसके पहले 8 अप्रैल को 275 लोग अपना मतदान करेंगे। ये लोग अपने घर पर ही मतदान करेंगे। ये 275 लोग वो हैं, जो गया लोकसभा के तहत आते हैं। इसकी तैयारी जिला निर्वाचन ने कर ली है। इसके लिए पूरी टीम तैयार कर ली गई है। टीम के सदस्य उनके घर पर जाएंगे और उन सभी 275 लोगों से मतदान कराएंगे। यह कार्रवाई मतदाताओं की इच्छा पर की गई है। अपने घर पर मतदान करने वाले वो लोग हैं, जो बूथ तक नहीं जा सकते हैं। वो बेड पर पड़े हैं। चलने में बेड से उठकर चलने में सक्षम नहीं है या फिर वे 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं। यह कार्रवाई जिला निर्वाचन को



मिले आवेदन के आधार पर की जा रही है। ऐसे लोगों का मतदान EVM से नहीं बल्कि बैलेट पेपर से किया जाएगा। DM डॉ. त्याग राजन ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने इस बार मानवता का बड़ा उदाहरण दिया है। आयोग के निर्देश पर वैसे लोगों के घरों पर जाकर मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी जो अपने बिस्तर से उठने में लाचार हैं। या फिर 40 प्रतिशत दिव्यांग है। उन्होंने बताया कि यह निर्णय आयोग के मिले आवेदनों की फिजीकली जांच के बाद लिया गया है। मेडिकल टीम द्वारा जांच कराने के बाद 275 लोगों का आवेदन सलेक्ट किए गए हैं। ये वे लोग हैं जिनके पास बूथ तक जाने का कोई ऑपशन ही नहीं है। उन्हीं लोगों को मेडिकल टीम की रिपोर्ट पर सिलेक्ट किया गया है जो 8 अप्रैल को मतदान करेंगे। उन्होंने बताया कि जिले में 28 हजार दिव्यांग हैं। उस 28 हजार में से चुने गए 275 लोगों में दिव्यांग भी शामिल हैं।

### अगलगी में गेहूं की फसल जलकर राख, 11 हजार वोल्ट के तार में शॉर्ट सर्किट से हुआ हादसा



**गया।** गया जिले के अतरी प्रखंड अंतर्गत इमलिया चक गांव में खेतों में लगे गेहूं के फसल में आग लग गई। आग लगने से गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना के बाद गांव में अफ़रा-तफ़री का माहौल कायम हो गया। सभी आग को बुझाने में जुटे। किसी तरह मोटर पंप चालू कर आग पर काबू पाया गया। घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीण सुजीत कुमार ने बताया कि विजय भगत के खेत में किसी तरह आग लग गई। खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गया। पीड़ित किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान विजय भगत ने बताया कि 11 हजार वोल्ट के बिजली का तार मेरे खेत के ऊपर से गुजरा हुआ है। तेज हवा चलने के दौरान बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट से गेहूं के फसल में आग लग गई, जिसके बाद हमलोगों मोटर पंप चालू कर किसी तरह से आग पर काबू पाया है, लेकिन गेहूं की फसल पूरी तरह से जलकर राख हो गई। पीड़ित ने बताया कि गेहूं का फसल तैयार हो गया था, सिर्फ कटाई करना था। मुआवजे के लिए अतरी प्रखंड के सीओ दिलीप कुमार को लिखित आवेदन दिया गया है। अतरी प्रखंड के सीओ दिलीप कुमार ने बताया कि इमलिया चक गांव के रहने वाले विजय भगत के द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। उन्होंने अपने आवेदन में बताया है कि, उनके खेत में लगी गेहूं के फसल में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई है, जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है। फिलहाल आवेदन प्राप्त हुआ है मामले में छानबीन की जा रही है।

# ‘ED-CBI के सहारे नहीं जनता के सहारे चुनाव जीतती NDA’

**गया में बोले मंत्री डॉ.प्रेम कुमार, ईडी की कार्रवाई सही, जेल जाने वाले सभी नेता भ्रष्टाचारी**

निज संवाददाता। गया

महागठबंधन के नेताओं ने प्रचार करते हुए बीजेपी पर हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि ED और CBI के सहारे भाजपा चुनाव जीतना चाहती है। लोकतंत्र खतरे में है। इस तरह के सवाल पर बिहार सरकार के मंत्री सह नगर विधायक डॉ.प्रेम कुमार ने कहा कि हम जनता के बदौलत चुनाव जीतते हैं। जनता हमें समर्थन करती है। हमें लोकतंत्र पर पूरा भरोसा है। ED-CBI जो कार्रवाई कर रही, वह साक्ष्य के आधार पर कर रही है। सारे नेता जो जेल जा रहे हैं वे भ्रष्टाचार में संलिप्त थे। जेल जाने वाले नेताओं के विरुद्ध ED और CBI को साक्ष्य मिले हैं। इसके आधार पर कार्रवाई हो रही है। ED से 9 बार दिल्ली के सीएम केजरीवाल को समन जारी किया गया था। इसके बाद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को



भी समन जारी किया गया था। अंत में दोनों को जेल भेजा गया। भारत में कानून से बड़ा कोई नहीं, प्रमाण मिलने के बाद ही इन्हें जेल भेज दिया गया। उन्होंने यह भी कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी कहते हैं भ्रष्टाचारी हटाओ, वह कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। मंत्री डॉ.प्रेम कुमार ने कहा कि उनकी रैली थी भ्रष्टाचारियों को बचाने की रैली थी। रैली पूरी तरह से फ्लॉप रही, देश की जनता देख रही है। हम लोगों का नारा भी है अबकी बार 400 पार। गया लोकसभा 38 संसदीय प्रत्याशी सह बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम जीतन राम मांझी के जन-संपर्क अभियान के दौरान बिहार सरकार के मंत्री डॉ.प्रेम कुमार ने कहा कि एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी जीतन राम परिचय के मोहताज नहीं है, वह गया जिले से कई बार विधायक बिहार सरकार में मंत्री समेत बिहार के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। 19 अप्रैल को कढ़ाई छाप पर बटन दबाकर मोदी जी को बिहार में 40 के पार करेंगे। इन्हें बिहार में 40 देश में 400 पार जीत दिलाकर मोदी जी को फिर से देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

## 7 अप्रैल को उप राष्ट्रपति आएंगे गया, IIM के दीक्षांत समारोह में लेंगे भाग

निज संवाददाता। गया



बोधगया स्थित IIM (इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट) के दीक्षांत समारोह में बतौर चीफ गेस्ट भारत के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह 7 अप्रैल को प्रस्तावित है। इसकी तैयारी IIM की ओर से पूरी की जा रही है। समारोह को लेकर IIM के स्टूडेंट्स और कर्मियों के बीच खासा उत्साह है। IIM मैनेजमेंट भी समारोह को सफल बनाने के लिए हर सम्भव तैयारी में जुटा है। खास बात यह भी IIM पहली बार दीक्षांत समारोह आयोजित करने जा रहा है, जिसमें उप राष्ट्रपति आ रहे हैं। वहीं पुलिस प्रशासन भी VVIP की सुरक्षा कर ख्याल से न केवल उसके मानकों को पूरा करने में जुटा है बल्कि IIM परिसर और उसके आसपास के इलाके की जांच पड़ताल में जुट गया है। SSP आशीष भारती ने बताया कि VVIP के आगमन को लेकर गया पुलिस काफी सतर्क है। उन्होंने बताया कि बोधगया थाना क्षेत्र अन्तर्गत स्थित IIM बोधगया में बैठक की गई जिसमे IIM बोधगया के डायरेक्टर, सिक्योरिटी एडवाइजर, सिक्योरिटी इंचार्ज,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बोधगया, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) और अन्य पुलिस पदाधिकारियों उपस्थित थे। वरीय पुलिस अधीक्षक ने आईआईएम के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर प्रशासनिक विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया सुरक्षा व्यवस्था चक चौबंद बंद होगी। गौरतलब है कि उप राष्ट्रपति इससे पूर्व अपने पूर्वजों का पिंडदान करने के लिए सितंबर 2023 में गया के विष्णुपद अपने परिवार के साथ आये थे। यहां उन्होंने अपने पूर्वजों का पिंडदान भी किया था।

## घर के बाहर से बाइक चोरी, वाहन लगाकर घर में गए थे पीड़ित

निज संवाददाता। गया

गया में अतरी थाना क्षेत्र अंतर्गत चौबारा गांव में घर के बाहर लगी बाइक को चोर उड़ा ले गए। घटना को लेकर पीड़ित विवेक कुमार अतरी थाना को पहुंचकर लिखित शिकायत की है। लिखित शिकायत मिलने के बाद मामले की छानबीन में अतरी थाना के पुलिस जुट गई है। घटना के संबंध में नीमचक बथानी अनुमंडल के अतरी थाना क्षेत्र अंतर्गत चौबारा गांव के रहने वाले स्थानीय विवेक कुमार ने बताया कि वे अपनी हिरो होंडा स्पलेंडर प्लस बाइक बाजार से लौटने के बाद घर के बाहर खड़ी कर घर के अंदर गए हुए थे। जब दो घंटे बाद कहीं जाने के लिए घर के बाहर आया तो देखा उनकी बाइक अपने स्थान से ग़ायब थी। जिसके बाद पीड़ित विवेक कुमार गांव के लोगों से पूछताछ किए, लेकिन कोई कुछ भी बात नहीं सका। घटना को लेकर अतरी थाना को पहुंचे और मामले में लिखित शिकायत की है।



उन्होंने यह भी पुलिस से आग्रह किया है कि आए दिन इस क्षेत्र में बाइक चोरी होती रहती है। कृपया इस पर पुलिस लगाम लगाएं। मेरी चोरी की गई बाइक को सकुशल बरामद करें क्योंकि इस बाइक को कर्ज लेकर लिए थे। अतरी थाना के थानाध्यक्ष ने बताया चौबारा गांव में बाइक चोरी की घटना हुई है।

मामले को लेकर पीड़ित विवेक कुमार ने लिखित शिकायत अतरी थाना पहुंचकर की है। उनकी बाइक घर के बाहर खड़ी थी जिसे अपराधियों ने चोरी कर ली है। मामले में पुलिस छानबीन कर रही है। बाइक चोरी करने वाले अपराधियों की टोह में पुलिस जुटी है।

## कांग्रेस पार्टी ने शुरू किया घर-घर गारंटी अभियान, इंडिया गठबंधन उम्मीदवार का किया समर्थन

निज संवाददाता। गया

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देश पर घर-घर गारंटी अभियान चलाया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता 38 गया लोकसभा क्षेत्र के शहर, वजीरगंज, बोधगया, शेरघाटी, बाराचट्टी, बेलागंज विधानसभा क्षेत्रों के घर-घर में 5 न्याय और 25 गारंटी के बारे में लोगों को बताने का काम शुरू किया गया। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय के सभी 25 गारंटी को गया संसदीय क्षेत्र के 18 लाख 16 हजार 765 देवतुल्य मतदाताओं के बीच प्रचारित प्रसारित करना है। उन्होंने कहा कि देश के सजग, साहसी, संघर्षशील, ईमानदार, जनप्रिय नेता आमजन की आवाज राहुल गांधी सुन रहे हैं। सम्पूर्ण भारत में 4 हजार किलोमीटर पैदल यात्रा और 6745 किलोमीटर की गाड़ी और पैदल यानी कुल 10, 745 किलोमीटर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर देश के युवा किसान और महिलाएं मजदूर और आमजन से रुबरु होकर उनके ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए 5 न्याय और 25



गारंटी को कांग्रेस पार्टी की चुनावी घोषणा पत्र में शामिल कर उसे इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर सबसे पहले पूरा करने की घोषणा की है। विजय कुमार मिट्ठू ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, घोटाला, आर्थिक विषमता, चंदा लूट आदि ही मुख्य मुद्दा के आधार पर मतदाता वोट करने को आतुर हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, युगल किशोर सिंह, अमरजीत कुमार, शिव कुमार चौरसिया, श्रवण पासवान, सोमनाथ पासवान, बुद्ध प्रसाद, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, मोहम्मद शमीम आलम, मोहम्मद समद, विनोद उपाध्याय समेत अन्य शामिल थे।

## हरनौत के व्यवसायी के हत्याकांड में गिरफ्तारी

**बस यात्रियों से लूट की योजना बनाते 3 को पुलिस ने दबोचा, हथियार और कारतूस बरामद**

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा की हरनौत पुलिस ने हरनौत बाजार के व्यवसायी अशोक साव हत्याकांड का खुलासा करने का दावा किया है। इस मामले में तीन बदमाशों को हथियार कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। अपराधियों का गिरोह पुनः लूटपाट की साजिश रच रहा था। गुप्त सूचना पर हरनौत की पुलिस टीम ने बुढ़िया पुल के पास कार्रवाई कर हत्यारोपीयों को गिरफ्तार कर लिया। सदर डीएसपी टू संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि छापेमारी के दौरान बदमाशों ने जवानों से हाथापाई भी की। कई बदमाश अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकलें। प्रथमदृष्टया घटना का कारण लूटपाट ही प्रतीत हो रहा है। गिरोह के सात से आठ बदमाश हत्याकांड में शामिल थे। सभी की गिरफ्तारी के बाद पता चलेगा कि हत्या क्यों और कैसे हुई। अन्य आरोपितों को दबोचने के लिए छापेमारी चल रही है।

**कौन-कौन हुआ गिरफ्तार:** पुलिस ने नूरसराय थाना क्षेत्र के बड़ारा गांव निवासी मनोज पासवान के पुत्र सोनू कुमार उर्फ शिवा, सारे



थाना क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी भूषण प्रसाद का पुत्र सुजीत कुमार एवं पटना जिला के सकसोहरा निवासी वसंत चौधरी का पुत्र संतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

**ये हुआ बरामद:** बदमाशों के पास से पुलिस ने 02 देसी पिस्तौल, 07 जिंदा कारतूस, दो चाकू, चार मोबाइल फोन व अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं।

**बस यात्रियों से लूटपाट की बना रहें थे योजना:** डीएसपी ने बताया कि व्यवसायी हत्याकांड को सुलझाने के लिए टीम बनायी गयी थी। पुलिस को सूचना मिली कि गिरोह के सात-आठ बदमाश बेलछी से हरनौत होकर पटना जाने वाली बस के यात्रियों से लूट की योजना बना रहे हैं। एवं सभी बदमाश बुढ़िया पुल के नीचे जमा हैं। प्राप्त सूचना के आलोक में पुलिस टीम ने छापेमारी की। अपराध कर्मियों ने भागने का हर संभव प्रयास किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई की और बल प्रयोग का प्रयास किया। परंतु जवानों ने तीन बदमाशों को दबोच लिया। बदमाशों ने कई कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इनका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। गिरोह का सरगना तथा इसके सदस्य पटना और नालंदा जिला के कई अपराधिक कांडों में वांछित हैं।

**क्या था मामला:** 21 मार्च को हरनौत के बिचली बाजार निवासी अशोक साव की लूट के दौरान अपराधियों ने गोलीमार हत्या कर दी थी। वह सकसोहरा से तगादा कर घर लौट रहे थे। इसी बीच हरनौत थाना क्षेत्र के अलीपुर बीरमपुर गांव के पास लूट के दौरान अपराधियों ने गोली मार दी थी। वह थोक सूजी और मैदा के व्यवसायी थे। इसके बाद बीते 28 मार्च से हरनौत बाजार व्यवसायी के हत्या के विरोध में अनिश्चितकालीन के लिए बंद कर दिया गया था। प्रशासनिक पहल के बाद 31 मार्च से बाजार को खोला गया था।

**छापेमारी में ये रहे शामिल:** छापेमारी टीम में नूरसराय इंस्पेक्टर मनोरंजन भारती, डीआईयू प्रभारी आलोक कुमार सिंह, हरनौत थानाध्यक्ष अबु तालिब अंसारी, नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार, दीपा कुमारी, धीरज कुमार पुरी एवं हरनौत थाना, डीआईयू नालंदा की शस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

## ग्रेजुएशन स्टूडेंट्स के लिए फॉर्म भरने की बढ़ी तारीख

निज संवाददाता। नालंदा

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से संबंध प्राप्त नालंदा के डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए राहत भरी खबर है। शैक्षणिक सत्र 2022-25 एवं 2021-24 में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन एग्जामिनेशन फॉर्म फिलअप की तिथि को विस्तारित की गई है। छुटे हुए विद्यार्थी अपना फार्म विलंब शुल्क के साथ जमा कर सकते हैं। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ मनोज कुमार ने डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य, प्रभारी प्रधानाचार्य एवं छात्र-छात्राओं को निर्देशित करते हुए कहा है कि अंडर ग्रेजुएट पार्ट 1, पार्ट 2 एवं पार्ट 3 के शैक्षणिक सत्र 2022-25 एवं 2021-24 में अध्यनरत छात्र-छात्राएं 5 अप्रैल तक विलंब शुल्क के साथ ऑनलाइन एक्जाम फॉर्म भर सकते हैं। वैसे छात्र एवं छात्राएं जो अब तक अपना परीक्षा प्रपत्र नहीं भर सके हैं। वह विलंब शुल्क के साथ 5 अप्रैल तक अपना फॉर्म फिलअप कर लें।

**कितना लग रहा फी:** अंडर ग्रेजुएट पार्ट 1 एवं पार्ट 2 में



अध्यनरत जनरल एवं बीसी-2 कैटेगरी के छात्र-छात्राओं को 700 रुपए एवं बीसी-1 एससी/एसटी कैटेगरी के छात्र-छात्राओं को 5 सौ रुपए परीक्षा शुल्क देना होगा। सभी कैटेगरी के छात्र-छात्राओं को 100 रुपए विलंब शुल्क देना होगा। जबकि पार्ट 3 के जनरल एवं ओबीसी कैटेगरी के छात्र-छात्राओं को 700 रुपए, बीसी-1, एससी/एसटी कैटेगरी के छात्र-छात्राओं को 500 रुपए एवं 100 रुपए विलंब शुल्क के अलावे मार्कशीट के लिए 150 रुपए, प्रोविजनल सर्टिफिकेट के लिए 250 रुपए एवं डिग्री के लिए 500 रुपए देने होंगे। परीक्षार्थी अपना परीक्षा प्रपत्र फिलअप करने के लिए एग्जामिनेशन कॉलेज लॉगिन में एग्जामिनेशन फॉर्म 2024 के अंदर दिए गए लिंक से भर सकते हैं।

## बदमाशों ने पिता-बेटे के साथ की मारपीट, 3 घायल

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में भूमि विवाद को लेकर बदमाशों ने बुधवार को पिता-बेटा समेत 3 लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। मामला तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत केशोपुर गांव का है। घायल केशोपुर निवासी स्वर्गीय शिवनंदन पांडे के बेटे शशिकांत पांडे, नरेंद्र पांडे और नरेंद्र पांडे का बेटा राहुल कुमार उर्फ चुलबुल पांडे है। मारपीट में घायलों को परिजनों द्वारा इलाज के लिए एकंगरसराय पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में घायल नरेंद्र पांडे ने बताया कि वह दिल्ली से घर बनाने के लिए गांव आया था। उनकी रैयती जमीन में पड़ोसी द्वारा नाला का पानी गिराया जा रहा है। जब वह अपने रैयती जमीन पर घर बनाने की शुरुआत करने लगे तो पड़ोसी ने उन्हें नाला की जगह छोड़कर घर बनाने के लिए कहा। इसके बाद वह एसडीओ, सीओ और थाना अध्यक्ष के पास गए। उक्त जमीन की नापी हुई और प्रशासन द्वारा घर बनाने की अनुमति दी गई। जैसे ही बुधवार को मजदूर को लेकर उक्त स्थल पर निर्माण कराने पहुंचे। तभी पड़ोसी द्वारा लाठी डंडे से हमला कर दिया गया। करीब 12 लोगों ने मिलकर हमलोगों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं, इस मामले में तेल्हाड़ा थानाध्यक्ष ने बताया कि नरेंद्र पांडे और जितेंद्र पांडे में नाली बनाने को लेकर विवाद चला आ रहा है।

## नालंदा के थानाध्यक्षों को बांटा गया ऑडियो मीटर, अधिक तेज आवाज में लाउडस्पीकर, डीजे बजाने पर होगी कार्रवाई

निज संवाददाता। नालंदा

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और एसपी अशोक मिश्रा लगातार एक्टिव दिखाई दे रहे हैं। नालंदा, लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन के लिए विधि व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर आदर्श आचार संहिता और लाउडस्पीकर अधिनियम का अनुपालन के लिए जिला प्रशासन नालंदा और स्मार्ट सिटी के सौजन्य से सभी थानाध्यक्षों के बीच ऑडियो मीटर का वितरण किया गया। ऑडियो मीटर बांटने का मुख्य उद्देश्य यह है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता और लाउडस्पीकर अधिनियम का उल्लंघन करने वालों पर नकेल कसने के लिए पुलिस पदाधिकारी द्वारा ऑडियो मीटर के माध्यम से सीमा से अधिक तेज आवाज में लाउडस्पीकर/डीजे बजाने वालों पर नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा डीएम-एसपी द्वारा नालंदा कॉलेज अवस्थित




मतगणना-सह- वज्रगृह केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। नालंदा कॉलेज में ही मतगणना का कार्य सम्पन्न होगा। निरीक्षण के क्रम में विधानसभा वार 171 अस्थावां,172 बिहारशरीफ, 173 राजगीर, 174 इस्लामपुर, 175 हिलसा,176 नालंदा और 177 हरनौत विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान के बाद पोल्ड इवीएम वज्रगृह- सह- मतगणना केंद्र में सुरक्षित रखने के लिए उन्होंने संबंधित

**नालंदा कॉलेज में होगा मतगणना का काम**

पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मतगणना स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शी और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर निरीक्षण के क्रम में डबल लॉक,डाटा एंट्री व्यवस्था, सीसीटीवी, पोस्टल बैलेट मतगणना की व्यवस्था, अभ्यर्थियों को ठहरने, एजेंट के लिए प्रवेश और निकास द्वार, मीडिया सेंटर, रिसीविंग सेंटर, फोर्स ठहरने की व्यवस्था, शौचालय, पेयजल, बिजली, सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई, वाहन पार्किंग, बैरिकेडिंग आदि से संबंधित पूर्व तैयारी के लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, संबंधित कोषांग के पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजा में सहायता कर्मियों की मौत पर इजराइल ने मांगी माफी

**इजराइल, एजेंसी।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गाजा में एक सहायता काफिले पर हवाई हमले में मारे गए वर्ल्ड कंट्रोल किचन (डब्ल्यूसीके) के सात कर्मचारियों की मौत पर माफी मांगी है। मंगलवार देर रात एक बयान में, आईडीएफ प्रमुख हर्ज़ी हलेवी ने कहा कि गलत पहचान के कारण वर्ल्ड सेंट्रल किचन के सात कर्मचारी मारे गए। हलेवी ने आगे कहा कि डब्ल्यूसीके एक महत्वपूर्ण संगठन है, जो संघर्ष वाले क्षेत्रों में काम करता है। आईडीएफ ने अतीत में इसके साथ मिलकर काम किया है। उन्होंने यह भी कहा कि आईडीएफ ने हमले की प्रारंभिक जांच पूरी कर ली है। आईडीएफ प्रमुख ने कहा, डब्ल्यूसीके सहायता कर्मियों को नुकसान पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था।

### बाइडेन और जिनपिंग के बीच फोन पर बातचीत; ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी नहीं किया गया

**वाशिंगटन/बीजिंग, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार (2 अप्रैल) को फोन पर बातचीत की। न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक- इस दौरान दोनों देशों के रिश्तों पर विचार हुआ। ड्रग्स का मसला बातचीत का प्रमुख बिंदू था। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्लाइमेट चेंज जैसे मामले भी चर्चा में उठे। हालांकि, दोनों ही देशों ने इस बातचीत के बारे में अब तक कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी नहीं किया है। पिछले साल कैलिफोर्निया में दोनों नेता मिले थे। इसके बाद यह पहली बातचीत रही।

### अल-सिसी ने तीसरी बार ली मिस्र के राष्ट्रपति पद की शपथ

**काहिरा, एजेंसी।** मिस्र के सबसे लोकप्रिय नेताओं में शुमार अब्देल फतेह अल-सिसी ने तीसरी बार देश के राष्ट्रपति पद की शपथ ले ली है। उन्हें संसद में शपथ दिलाई गई। इसी के साथ अल-सिसी 2030 तक अरब जगत के तीसरे सबसे आबादी वाले देश के राष्ट्रपति रहेंगे। उन्होंने दिसंबर 2023 में 89.6 फीसदी वोट हासिल कर के चुनाव में जीत दर्ज की थी। तीन अन्य उम्मीदवारों के खिलाफ लड़ा था चुनाव मिस्र की चुनौतियों के बावजूद, असहमति पर एक दशक की लंबी कार्रवाई ने सिसी के प्रति किसी भी गंभीर विरोध को खत्म कर दिया है, जो 1952 के बाद से सेना के रैंकों से उभरने वाले पांचवें राष्ट्रपति हैं। बता दें कि सिसी तीन अन्य उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे थे, जिनमें से कोई भी हाई-प्रोफाइल नहीं था। हालांकि, उन्होंने यह शिकायत करते हुए अपनी दौड़ समाप्त कर दी कि उनके अभियान में बाधा डाली गई है और उनके दर्जनों समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि, पिछले दोनों चुनावों में, सिसी ने 97 प्रतिशत वोट के साथ जीत हासिल की थी।

### अमेरिका में जैन समुदाय ने 'डिजिटल डीटॉक्स आंदोलन किया शुरू

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में रह रहे जैन समुदाय ने मोबाइल फोन और लैपटॉप के स्क्रीन से नियमित अंतराल पर दूरी बनाने के लिए 'डिजिटल डीटॉक्स आंदोलन शुरू किया है। समुदाय के कार्यकर्ता अजय जैन भूटोरिया ने कहा कि नियमित अंतराल पर डिजिटल स्क्रीन से दूरी बनाना हमारे समावेशी कल्याण के लिए बहुत जरूरी है और इससे बचे वक्त का इस्तेमाल परिवार और दोस्तों के साथ रिश्तों को मजबूत करने तथा तनाव कम करने आदि के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि डिजिटल स्क्रीन से दूरी बनाकर जिंदगी की सुंदरता को फिर से देखें। भूटोरिया ने कहा, आज की तेज़ रफ्तार दुनिया में डिजिटल स्क्रीन हमारी जिंदगी पर हावी है। डिजिटल स्क्रीन से दूरी बनाना बहुत सकारात्मक हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह कदम अणुव्रत अनुशास्ता और इसके नेता आचार्य श्री महाश्रमण के दृष्टिकोण से प्रेरित है। अणुव्रत अनुशास्ता शब्द जैन दर्शन से आया है। अणुव्रत छोटी प्रतिज्ञाओं या प्रतिबद्धताओं के लिए होता है और अनुशास्ता उस व्यक्ति को संदर्भित करता है जो इन प्रतिज्ञाओं को लागू कराता है या निर्धारित करता है। जैन धर्म में, अणुव्रत अनुशास्ता वह है जो लोगों को अणुव्रत अपनाने के लिए मार्गदर्शन देता है। समर्थन मांगने के वास्ते संसद के सदस्यों के साथ-साथ नीति निर्माताओं, गैर-लाभकारी निकायों, शिक्षाविदों और थिंक टैंक से संपर्क करने की योजना बना रही है।

### अमेरिका में अंडों की सबसे बड़ी उत्पादक कंपनी की मुर्गियों में फैला बर्ड फ्लू

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में ताजे अंडों की सबसे बड़ी उत्पादक कंपनी ने मुर्गियों में बर्ड फ्लू पाए जाने के बाद टेक्सास संयंत्र में अस्थायी रूप से उत्पादन रोक दिया है। अधिकारियों का यह भी कहना है कि मिशिगन में मुर्गीपालन केन्द्र में भी यह वायरस पाया गया है। टैक्सास में, रिजलैंड, मिसिसिपी स्थित कैल-मेन फूड्स इंक ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि टैक्सास स्थित पार्मर काउंटी में लगभग 16 लाख अंडे देने वाली मुर्गियों और 337,000 चूजों को 'एवियन इन्फ्लूएंजा का संक्रमण पाए जाने के बाद नष्ट कर दिया गया। राज्य और स्थानीय सरकारी अधिकारियों और केंद्रित उद्योग समूहों के साथ मिलकर काम जारी रखेगी।

# ताइवान में 25 साल का सबसे तेज भूकंप, तीव्रता 7.5

### कई जगह लैंड स्लाइड, 91 हजार घरों में बिजली नहीं; फिलीपींस-जापान तक झटके



**ताइपे/टोक्यो, एजेंसी।** ताइवान में बुधवार (3 अप्रैल) को 7.5 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके जापान और फिलीपींस तक महसूस किए गए। ताइवान के फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, एक व्यक्ति की मौत हुई है। 50 घायल हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक भूकंप ईस्ट ताइवान के हुलिएन शहर में आया। इसका केंद्र धरती से 34 किलोमीटर नीचे था। भारतीय समय के मुताबिक सुबह 5ः30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। कई इमारतें जमींदोज हो गईं, लैंड स्लाइड भी हुई है।

ताइवानी सेंट्रल वेदर ब्यूरो के मुताबिक, यह ताइवान में 25 साल में आने वाला सबसे तेज तीव्रता वाला भूकंप है। इसके पहले 1999 में 7.6 तीव्रता का भूकप आया था। तब 2 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।जापान-फिलिपींस ने सुनामी अलर्ट हटाया

भूकंप के बाद ताइवान, जापान और फिलीपींस ने सुनामी का अलर्ट जारी किया था। जापान के मौसम विभाग ने समुद्र में 3 मीटर यानी करीब 10 फीट तक की लहरें उठने का अनुमान जताया था। हालांकि, जापान और फिलीपींस ने अब सुनामी अलर्ट हटा दिया है। चीनी मीडिया के मुताबिक, चीन में ताइवान मामलों पर नजर रखने वाले ऑफिस ने कहा कि वो भूकंप से हुए नुकसान से चिंतित है और ताइवान में मदद भेजने को तैयार है। चीन, ताइवान को अपना हिस्सा बताता है। वहीं, ताइवान अपने आपको स्वतंत्र कहता है। ताइवानी मीडिया के मुताबिक, भूकंप के बाद ताइवान के 91 हजार से ज्यादा घरों में बिजली नहीं है। भूकंप से तारों और पावर प्लांट को नुकसान पहुंचा है। 2. 6.5 तीव्रता का आफ्टर शॉक आया ताइवान में कई आफ्टरशॉक्स भी आए हैं। इनमें से सबसे तेज 6.5 तीव्रता का आफ्टर शॉक भी मरीजों तक नहीं पहुंच पा रहे डॉक्टर

जापान में भूकंप से कई लोगों के घायल होने की खबर है। इन लोगों को इलाज मिलना मुश्किल हो रहा है। इसकी वजह ये है कि भूकंप की वजह से ज्यादातर सड़कें टूट चुकी हैं और डॉक्टर्स प्रभावित जगहों पर नहीं पहुंच पा रहे हैं।

भूकंप का सबसे ज्यादा असर जापान के ओकिनावा प्रांत में देखने को मिला। यहां आने-जाने वाली सभी फ्लाइट्स कैंसल कर दी गई हैं। ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री ने कहा कि एहतियात के तौर पर सभी फ्लाइट्स कैंसल की गई हैं। जापान में 1 जनवरी को 7.6 तीव्रता का भूकंप आया था 1 जनवरी 2024 को 7.6 तीव्रता का भूकंप आया था। इसके बाद यहां सुनामी आ गई थी। वाजिमा शहर में करीब 4 फीट ऊंची (1.2 मीटर) लहरें उठी थीं। हालांकि, शाम को सरकार ने सुनामी की हाईएस्ट वॉर्निंग वापस ले ली थी।

#### रिंग ऑफ फायर पर बसा है जापान

जापान भूकंप के लिहाजे से सेंसिटिव है। यहां भूकंप आते रहते हैं, क्योंकि ये दो टेक्टोनिक प्लेटों के जंक्शन के पास स्थित है। ओकिनावा प्रान्त, जहां भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं, महासागर के चारों ओर भूकंपीय फॉल्ट लाइनों की एक घोड़े की नाल के आकार की श्रृंखला- रिंग ऑफ फायर के करीब स्थित है।

रिंग ऑफ फायर ऐसा इलाका है जहां कॉन्टिनेंटल प्लेट्स के साथ ओशियनिक टेक्टॉनिक प्लेट्स भी मौजूद हैं। ये प्लेट्स आपस में टकराती हैं तो भूकंप आता है। इनके असर से ही सुनामी आती है और वोल्केनो भी फटते हैं।

दुनिया के 90 प्रतिशत भूकंप इसी रिंग ऑफ फायर में आते हैं। यह क्षेत्र 40 हजार किलोमीटर में फैला है। दुनिया में जितने सक्रिय ज्वालामुखी हैं, उनमें से 75 प्रतिशत इसी क्षेत्र में हैं। 15 देश- जापान, रूस, फिलीपींस, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, अंटार्कटिका, कनाडा, अमेरिका, मैक्सिको, ग्वाटेमाला, कोस्टा रिका, पेरू, इक्वाडोर, चिली, बोलिविया रिंग ऑफ फायर की जद में हैं।

#### दुनिया में हर साल 20 हजार भूकंप आते हैं

हर साल दुनिया में कई भूकंप आते हैं, लेकिन इनकी तीव्रता कम होती है। नेशनल अर्थक्वेक इंफॉर्मेशन सेंटर हर साल करीब 20,000 भूकंप रिकॉर्ड करता है। इसमें से 100 भूकंप ऐसे होते हैं जिनसे नुकसान ज्यादा होता है। भूकंप कुछ सेकेंड या कुछ मिनट तक रहता है। अब तक के इतिहास में सबसे ज्यादा देर तक रहने वाला भूकंप 2004 में हिंद महासागर में आया था। यह भूकंप 10 मिनट तक रहा था।

तुर्किये में सोमवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.4 आंकी गई। झटके लेबनान और इजराइल तक महसूस हुए। स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 8.30 बजे से 10 सेकंड तक झटके महसूस किए गए। इंडोनेशिया के मुख्य आईलैंड जावा में आए भूकंप से 268 लोगों की मौत हो चुकी है। 700 से ज्यादा लोग घायल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मरने वालों में कई स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। भूकंप में 2 हजार से ज्यादा घर तबाह हो गए। 13 हजार लोग बेघर हैं। अस्थाई कैंपों, पार्किंग और सड़कों पर ही घायलों का इलाज किया जा रहा है।

## पाकिस्तान में हिंदू युवती के अपहरण पर उबाल, अल्पसंख्यकों के साथ बढ़ रहे मामलों को लेकर जमकर विरोध




**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान में अक्सर अल्पसंख्यक युवतियों के अपहरण और धर्मांतरण की खबरें प्रकाश में आती रही हैं। ताजा मामला डेरा मुराद जमाली कस्बे का है, जहां कुछ दिनों पूर्व हिंदू युवती प्रिया कुमारी का सुक्कुर से अपहरण हुआ। लेकिन उसके बारे में पुलिस ने अब तक कोई मालुमात हासिल नहीं किए। इसे लेकर हिंदू समुदाय में जबरदस्त उबाल है। समुदाय ने इसके खिलाफ रैली निकाली व उग्र प्रदर्शन किया।

डेरा मुराद जमाली में हिंदू समुदाय के सदस्यों और व्यापारियों ने अपहरण की निंदा करते हुए उग्र प्रदर्शन किया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने कुमारी का पता लगाने और उसे बचाने में विफलता पर निराशा व्यक्त की। हिंदू समुदाय के वरिष्ठ नेताओं ने मुखी माणक लाल और सेठ तारा चंद के नेतृत्व में रैली निकाली। इसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से नाता रखने वाले लोगों ने हिस्सा लिया। एजेंसी

देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन की चेतावनी भी दी गई

हिंदू समुदाय ने देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन की कड़ी चेतावनी भी दी है। ह्यूमन राइट्स फोकस पाकिस्तान (एचआरएफपी) ने भी देश में अल्पसंख्यकों के धार्मिक उत्पीड़न की कड़ी निंदा की है। उग्र लोगों ने बड़े आंदोलन की तैयारी की है। एचआरएफपी ने कहा कि गत कुछ माह के दौरान विभिन्न हमलों में ईसाई, हिंदू, अहमदिया, सिख और अन्य समुदायों के कई लोग पीड़ित हुए हैं। एचआरएफपी एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) है।

## पाक बोला-भारत हथियार बढ़ा रहा, इससे साउथ एशिया को खतरा

### हम पर अचानक हमला कर सकता है, एक्शन नहीं लिया तो तबाही की वजह बनेगा



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने मंगलवार को भारत पर हथियारों का जखीरा इकट्ठा कर साउथ एशिया की शांति को बिगाड़ने का आरोप लगाया है। संयुक्त राष्ट्र संघ के एक कमीशन की बैठक में पाकिस्तान ने कहा, साउथ एशिया का सबसे बड़ा देश इस वक्त बड़े पैमाने पर हथियार बना रहा है। इससे इलाके की सुरक्षा को खतरा है।

पाकिस्तान के प्रतिनिधि मुनीर अकरम ने यूएन में डर जताया है कि भारत उन पर अचानक हमला कर सकता है। अकरम ने कहा, भारत ने कोल्ड स्टार्ट जैसी युद्ध लड़ने की नीतियां अपनाई हैं, जिससे पाकिस्तान पर अचानक हमले का खतरा बढ़ गया है।

दरअसल, कोल्ड सटार्ट नीति का मतलब जंग की स्थिति में सेना को परमाणु हमले के लिए तैयार करना है। अकरम ने आगे कहा कि हथियार खरीदने के मामले में भारत आज सबसे आगे है। कई देश उसे मिसाइलें, परमाणु और हथियार सप्लाई कर रहे हैं।पाकिस्तान के खिलाफ आतंक को बढ़ावा दे रहा भारत मुनीर ने यह भी कहा कि भारत लगातार पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। इस मामले में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई एक्शन न होने की वजह से हालात और खराब हो गए हैं। मुनीर ने कहा, अगर अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने सही कदम नहीं उठाए तो यह वैश्विक तबाही का कारण बन सकता है। पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने भारत का नाम लिए बगैर कहा, 20 साल पहले साउथ एशिया को परमाणु हथियारों से मुक्त बनाने का वादा किया गया था। एक देश (भारत) ने इसके बावजूद परमाणु हथियारों की टेस्टिंग की। इससे हमें भी मजबूर होकर न्यूक्लियर वेपन बनाने पड़े। जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर बात करते हुए मुनीर अकरम ने कहा, दशकों लंबे इस विवाद की वजह से 2 सेनाएं इतनी करीबी पर तैनात हैं। उनके पास घातक हथियार हैं, जिससे क्षेत्र की सिक्योरिटी सिचुएशन खराब है। कश्मीर में लगातार लोगों के अधिकारों को छीना जा रहा है। पाकिस्तान के प्रतिनिधि का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब खतरनाक हथियारों की निगरानी रखने वाले यूएन के सहायक कमीशन ने पाकिस्तान के उस्मान जादून को इस साल के लिए चेयरमैन नियुक्त किया है।

## ट्रम्प बोले-बाइडेन खूनखराबे की इजाजत दे रहे:इससे देश तबाह हो रहा




**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रेसिडेंट जो बाइडेन पर खूनखराबा करने की इजाजत देने का आरोप लगाया है। ट्रम्प मिशिगन में एक रैली के दौरान अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा, बाइडेन अमेरिका-मैक्सिको बॉर्डर पर देश में खूनखराबा करने की इजाजत दे रहे हैं। यहां से आने वाले अवैध प्रवासी अमेरिका में लूट, रेप, नरसंहार करते हैं। इससे हमारा देश खत्म हो रहा है। यह बहुत गलत है।

ट्रम्प ने अवैध प्रवासियों (शरणार्थियों) को जानवर भी कहा। इसके पहले उन्होंने ओहायो राज्य में एक चुनावी रैली के दौरान शरणार्थियों को जानवर कहा था।

ट्रम्प ने कहा- बॉर्डर से क्रिमिनल्स आ रहे

अमेरिका-मैक्सिको बॉर्डर के जरिए अवैध प्रवासी अमेरिका में घुसते हैं। ट्रम्प बॉर्डर बंद करना चाहते हैं। उनका कहना है कि बाइडेन इन प्रवासियों को रोकने के लिए कदम नहीं उठा रहे हैं। यही वजह है कि वो अपने चुनाव कैंपेन में इस मुद्दे को उठाते हैं। दरअसल, अमेरिका में नवंबर 2024 में राष्ट्रपति चुनाव हैं। रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प हैं।

ट्रम्प ने मिशिगन में हुई रैली के दौरान कहा, अमेरिका-मैक्सिको बॉर्डर से दूसरे देशों के क्रिमिनल्स अमेरिका आ रहे हैं। ये अमेरिका में भी हत्या, चोरी जैसे क्राइम कर रहे हैं। बाइडेन इसकी इजाजत दे रहे हैं।

कुछ दिन पहले भी ट्रम्प ने एक इंटरव्यू में कहा था कि अगर वो राष्ट्रपति चुने गए तो एक दिन के अमेरिका के तानाशाह बनेंगे, ताकि वो मैक्सिको के बॉर्डर को बंद कर सकें। ट्रम्प अक्सर अवैध प्रवासियों के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं। न्यू हैम्पशायर में रैली के दौरान उन्होंने अवैध अप्रवासियों को डिपोर्ट करने की बात कही थी। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, न्यू हैम्पशायर में ट्रम्प ने कहा था- हमारे देश पर हमला हो रहा है। अगर मैं सत्ता में आया तो सभी जरूरी स्टेट, लोकल, फेडरल और मिलिट्री पावर का इस्तेमाल करके अमेरिका में अब तक का सबसे बड़ा डिपोर्टेशन ऑपरेशन चलाऊंगा। ट्रम्प ने कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा था- हम बॉर्डर पर डिपोर्टेशन ऑफिसर तैनात करेंगे। एक-एक अवैध प्रवासी को ढूंढकर उन्हें वापस भेजेंगे। हम बॉर्डर पर दीवार बना देंगे। गैरकानूनी इमिग्रेशन हमेशा से ट्रम्प का चुनावी मुद्दा रहा है। 2016 के चुनाव कैंपेन में भी ट्रम्प ने यही मुद्दा उठाया था। ट्रंप की इस टिप्पणी पर येल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और फासीवाद पर किताब लिखने वाले जोनाथन स्टेनली ने कहा- ट्रम्प बार-बार इस इन शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### सीनेट चुनाव में 19 सीट के परिणाम जारी, पीएमएल-एन के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन की बड़ी जीत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की द्विसदनीय संसद के ऊपरी सदन की 48 खाली सीट को भरने की चुनावी प्रक्रिया के बाद 19 सीट के परिणाम घोषित किए गए हैं। इसमें सत्तारूढ़ गठबंधन ने भारी जीत हासिल की। सत्तारूढ़ गठबंधन के दलों पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन), पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और अन्य दलों ने 19 में से 18 सीट पर जीत दर्ज की। जबकि एक निर्दलीय उम्मीदवारों को भी उनके समर्थन से चुना गया। सिंध की 12 सीट, पंजाब की 5 सीट और इस्लामाबाद की दो सीट पर मतदान हुआ। पंजाब में पीएमएल-एन ने सभी सीट हासिल की। जबकि सिंध में पीपीपी को 10 सीट मिलीं और एक सीट मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) और एक निर्दलीय उम्मीदवार के खाते में गई। पीएमएल-एन और पीपीपी ने इस्लामाबाद में एक-एक सीट जीती हैं। 18 उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके थे। जिनमें बलूच्तिान के 11 और पंजाब के 7 उम्मीदवार शामिल थे। खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में आरक्षित सीट पर चुने गए सदस्यों की शपथ को लेकर विवाद के कारण चुनाव स्थगित कर दिए गए थे।

### सबसे बुजुर्ग व्यक्ति का निधन:114 साल के थे वेनेजुएला के जुआन विसेंट

**काराकस, एजेंसी।** दुनिया के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति जुआन विसेंट पेरेज मोरा का 114 साल की उम्र में निधन हो गया। जुआन वेनेजुएला के रहने वाले थे। फरवरी 2022 में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने उन्हें सबसे बुजुर्ग व्यक्ति घोषित किया था। उस वक्त उनकी उम्र 112 साल 253 दिन थी।

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर जुआन की मौत की जानकारी दी। जुआन का जन्म 27 मई 1909 को हुआ था। उनके 11 बेटे, 41 नाती, पोते-पोतियां, 18 पड़पोते-पोतियां और 12 ग्रेट-ग्रेट ग्रैंडचिल्डरेन्स हैं।

गिनीज की रिपोर्ट के मुताबिक, जुआन वो पेशे से एक किसान थे। उन्होंने बताया था कि उनकी लंबी उम्र का राज कड़ी मेहनत, समय पर आराम करना और रोज एक ग्लास गन्ने से बनी शराब पीना है।



5 साल की उम्र में जुआन ने अपने पिता और भाइयों के साथ खेत पर काम करना शुरू कर दिया था। वो गन्ने और कॉफी की खेती में उनकी मदद करते थे। इसके बाद वो शेरिफ (लोकल पुलिस अधिकारी) बन गए और अपने क्षेत्र में जमीन से जुड़े मसले सुलझाने लगे। हालांकि, इस दौरान उन्होंने खेती जारी रखी। साल 1938 में जुआन ने एडिओफिना गार्सिया नाम की महिला से शादी कर ली। उनकी पत्नी की मौत 1997 में हुई। 2022 में जब जुआन को सबसे बुजुर्ग व्यक्ति घोषित किया गया, तब उन्हें कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। वे कोई खास दवाइयां नहीं लेते थे।

## इजराइली हमले में 7 राहतकर्मियों की मौत, पीएम नेतन्याहू बोले- जंग में ऐसा होता है

**येरुशलम, एजेंसी।** 7 अक्टूबर 2023 को शुरू हुई इजराइल-हमास जंग जारी है। इस बीच गाजा में मंगलवार देर रात हुए इजराइली हमले में 7 राहतकर्मियों की मौत हो गई। इस पर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि जंग में ऐसा होता है। एक वीडियो संदेश में पीएम नेतन्याहू ने राहतकर्मियों की मौत पर सफाई देते हुए कहा, दुर्भाग्य से, एक दुखद घटना घटी जिसमें हमारी सेना ने अनजाने में गाजा पट्टी में राहतकर्मियों को मार दिया। सेना से गलती हुई। हमें बहुत दुख है कि हमले में राहतकर्मियों की मौत हुई। लेकिन जंग में ऐसा ही होता है। आने वाले समय में किसी बेगुनाह की जान न जाए इस बात का हम ध्यान रखेंगे। इस मामले में जांच होगी।

मंगलवार देर रात इजराइली सेना ने वर्ल्ड सेंट्रल किचिन चैरिटी के काफिले पर एयरस्ट्राइक कर दी थी। हमले में 7 वालंटियर मारे गए थे। ये ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, पोलैंड, अमेरिका के नागरिक थे। वर्ल्ड सेंट्रल किचिन चैरिटी ने फाउंडर शेफ जोस एंड्रेस ने कहा, राहतकर्मी चैरिटी के लोगो वाली दो बख्तरबंद कारों में थे। उन्होंने अपने आने की जानकारी इजराइली सेना को दी थी। बावजूद इसके सेना ने उन पर हमला किया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और ब्रिटेन ने प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इस हमले




के लिए इजराइल की निंदा की है। यूएन के मुताबिक, जंग में अब तक 196 राहतकर्मियों की मौत हो चुकी है। यूएन के मुताबिक, गाजा के 22 लाख लोग भुखमरी की कगार पर हैं। ऐसे में वहां राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। वर्ल्ड सेंट्रल किचिन चैरिटी का काफिला दीर अल-बलाह इलाके के वेयरहाउस से निकला था। इसमें फिलिस्तीनियों के लिए 100 टन खाना था। ये खाना समुद्र के रास्ते गाजा पहुंचाया गया था। चैरिटी ने मदद पहुंचाने पर रोक लगाई

यूएई समुद्र के रास्ते गाजा में मदद भेज रहा था। यहां से अमेरिकी चैरिटी वर्ल्ड सेंट्रल किचिन के राहतकर्मी खाने के बक्से कलेक्ट करके फिलिस्तीनियों तक पहुंचा रहे थे। चैरिटी और यूएई ने सुरक्षा के मद्देनजर फिलहाल अपने काम रोक दिए हैं। इजराइल की तरफ से होने वाली जांच पूरी होने के बाद काम दोबारा शुरू किया जाएगा।

इजराइली सैनिकों ने अपने 3 नागरिकों को गोली मारी थी इजराइली सेना ने 15 दिसंबर को गाजा में अपने ही तीन नागरिकों को गोली मार दी थी। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। इन तीनों नागरिकों को हमास ने 7 अक्टूबर को बंधक बनाया था। इजराइली डिफेंस फोर्स ने कहा- हम इस घटना की जिम्मेदारी लेते हैं। गाजा सिटी के शिजैया इलाके में एक ग्राउंड ऑपरेशन के दौरान सैनिकों को लगा कि ये लोग उनके लिए खतरा हैं। गोली मारने के बाद जब शवों के पास पहुंचे तो मारे गए लोगों की पहचान के बारे में संदेह हुआ। बाद में पता चला कि वो इजराइल के ही नागरिक हैं। द्धष्टस्न के स्पोक्स पर्सन हगारी ने कहा- गाजा में एलोन शमरिज, योतम हैम और समेर अल-तलालका की मौत हो गई। वो हमास की कैद से बचकर भागे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामीण विकास विभाग व सरकार के उप सचिव ने मांगा कौआकोल बीडीओ से स्पष्टीकरण

**कौआकोल**। कौआकोल बीडीओ सुनील कुमार चाँद के विरुद्ध निवर्तमान डीएम आशुतोष कुमार वर्मा के द्वारा प्रपत्र क गठन करने के साथ ही विभागीय कार्रवाई हेतु की गई अनुशंसा के बाद बीडीओ की मुश्किलें बढ़ गई है। इस मामले में ग्रामीण विकास विभाग ने आरोपों पर बीडीओ से कंडिकावार साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण की मांग की है। सरकार के उप सचिव रवि कुमार के हस्ताक्षर से जारी पत्र में बीडीओ को प्रेषित करते हुए उल्लेखित किया गया है कि नवादा के डीएम के पत्रांक-160, दिनांक- 01 मार्च 2024 के द्वारा प्रतिवेदित आरोप पत्र के आलोक में आरोपों पर कंडिकावार स्पष्टीकरण बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के भाग-6 कंडिका 17(4) के तहत साक्ष्य सहित एक पक्ष के अंदर समर्पित करें कि क्यों नहीं आपके विरुद्ध नियमानुकूल अनुशासनिक कार्रवाई की जाय? उक्त स्पष्टीकरण पत्र की एक प्रतिलिपि नवादा डीएम को भी देकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

### 18 बोतल अंग्रेजी शराब एवं 2 केन बियर के साथ तीन धंधेबाज गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रजौली**। थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एएसआई अंकित कुमार ने बस से सफर कर रहे एक शराब धंधेबाज को 18 बोतल अंग्रेजी शराब एवं 2 केन बियर के साथ गिरफ्तार किया।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि बिहार मद्यनिषेध को सफल बनाने को लेकर बिहार झारखण्ड के सीमावर्ती समेकित जांच चौकी पर एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की जांच सघनता पूर्वक किया जाता है।उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि बीती रात्रि झारखण्ड की ओर से आनेवाली बस से शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है।जब्त शराब में 750 एमएल के ब्लेंडर्स प्राइड के 4 बोतल,375 एमएल के ब्लेंडर्स प्राइड के 12 बोतल,750 एमएल के जॉनी वाकर के 2 बोतल एवं 500 एमएल के गॉडफादर के 2 केन बियर बरामद किया गया।वहीं गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान नालंदा जिले के सोहसराय थाना क्षेत्र के हैबीपुरा गांव निवासी कौशलेंद्र प्रसाद के पुत्र राज कुमार के रूप में हुई है।उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि गिरफ्तार धंधेबाज एवं जब्त शराब व बियर को लेकर बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं गिरफ्तार शराब धंधेबाज को बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।वहीं विभिन्न वाहनों से शराब पीकर सफर करने वाले 17 लोगों को हिरासत में ले लिया गया।जिसे बुधवार को न्यायलय में प्रस्तुत किया गया।जहां सभी शराब पीने वाले लोगों से जुर्माना की राशि वसूल कर उन्हें मुक्त किया गया।इस मौके पर उत्पाद एएसआई बिशु हेम्ब्रम,उत्पाद सिपाही,सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

### मतदान केंद्रों के भौतिक सुविधाओं का हुआ समीक्षा

**नारदीगंज**। बीआरसी भवन नारदीगंज में बुधवार को मतदान केंद्रों से सम्बंधित प्रधान शिक्षकों की बैठक हुई। यह बैठक बीडीओ रंजीत कुमार व बीईओ महेश्वर रविदास ने संयुक्त रूप से की। आयोजित बैठक में आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 को नारदीगंज प्रखंड के मतदान केंद्रों में भौतिक सुविधाओं का समीक्षा की गई। आगामी 19 अप्रैल 2024 को चुनाव है। समीक्षा के दौरान कहा गया कि चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों पर भौतिक सुविधाओं की पूरी व्यवस्था कर ली गई है। अधिकारियों ने कहा कि भौतिक सुविधाओं में मतदान केंद्रों पर शौचालय, पेयजल, रैम्प,बिजली,बिजली बोर्ड के अलावा व्हील चेयर होना अति आवश्यक है, ताकि मतदान के दिन मतदाताओं को अपने मताधिकार करने में कोई परेशानी नहीं हो ।इधर,बीईओ महेश्वर रविदास ने कहा मतदान के पूर्व मतदान केंद्र का चाभी व मोबाइल नंबर अपने विद्यालय के सचिव को अवश्य देने का निर्देश सभी प्रधान शिक्षकों को दिया, और इसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को देने की बात कही है। मौके पर विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार झा,प्राचार्य विपिन कुमार विमल,प्रभारी प्राचार्य डा0 कारु रजक,प्राचार्य संजय कुमार, शिक्षक मनोज कुमार,प्रभारी धर्मेंद्र कुमार चौहान समेत अन्य मौजूद रहे।

### पुलिस ने विभिन्न चार थाना काण्डों से चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रजौली**। थाना क्षेत्र के बड़हर,छतनी,दिबौर एवं जोगियामारण गांव से विभिन्न थाना काण्डों में कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि विगत 7 वर्षों से फरार चल रहे बड़हर गांव निवासी प्रेमचंद उर्फ कारू राजवंशी के पुत्र मंटू राजवंशी,छतनी के पलाकी गांव निवासी स्व बालेश्वर यादव के पुत्र देवा यादव,गोपालपुर के दिबौर गांव निवासी जवाहिर चौधरी के पुत्र पप्पू चौधरी एवं जोगियामारण गांव निवासी स्व दुखी मांझी के पुत्र के बालेश्वर मांझी को पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है।छापेमारी के दौरान एसआई गौतम कुमार एवं एएसआई जयशंकर भी शामिल रहे।थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी गिरफ्तार लोगों को बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष ने कहा कि अपर थानाध्यक्ष अजय कुमार द्वारा जॉबकला गांव के दक्षिण जंगल से एक शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया एवं 36 लीटर शराब भी बरामद किया गया।शराब भट्ठी के विनष्टीकरण में एसएसबी बल के अलावे स्थानीय चौकीदार मौजूद रहे।

### चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया विधानसभास्तरीय बैठक

**वारिसलीगंज**। भारतीय जनता पार्टी वारिसलीगंज के द्वारा विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित किया गया. बैठक में मुख्य रूप प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का आगामी 7 अप्रैल को नवादा आगमन को लेकर की गयी. लोकसभा चुनाव से संबंधित व्यवस्था, ऑफिस उदघाटन सभी मंडलों में, सभी मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील सेवक , युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ,आनन्द गौरव स्थानीय विधायक अरुणा देवी उपस्थित हुए, सुनील सेवक ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव 2024 सभी कार्यकर्त्ता के लिये महत्वपूर्ण है क्योंकि हमलोगो ने जो संकल्प लिया है अबकी बार 400 पार का संकल्प को सार्थक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता पूरे लगन एवं समर्पित भाव से मोदी जी के 10 वर्षों के कार्यकाल को लोगों को बताना है. और इस बार 400 पर का लक्ष्य लेकर हम सभी कार्यकर्ता लोकसभा क्षेत्र में चुनावी समर में जाएंगे, मौके पर उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा आनंद गौरव ने कहा की आज के समय में भारत दुनिया का सबसे बड़ा युवा देश है और इस लोकसभा चुनाव में युवाओं की भूमिका बहुत ही हम है और हम सभी युवाओं को मोदी जी के अटल संकल्प अबकी बार 400 बार के नारे को सार्थक बनाने के लिए चुनावी समर में जाना है. और मोदी जी के हाथों को मजबूत बनाना है और देश को तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत निर्माण करना है इस मौके पर जिला महामंत्री भाजपा, विधानसभा प्रभारी शैलेंद्र सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता श्रवण सिंह, श्याम सुंदर सिंह, अल्लाह बहादुर सिंह सभी मंडल अध्यक्ष जिला मीडिया प्रभारी गोपाल कुमार सोनू, मुखिया राजकुमार सिंह,चंद्र मौली शर्मा, विधानसभा विस्तारक कुंदन कुसुम सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे.

### बालू लदे ट्रक ने अपाची बाइक में मारा टक्कर दो घायल, पीएमसीएच रेफर

**छपरा**। मशरक थाना क्षेत्र के महावीर चौक और हनुमानगंज गांव में बाइक दुर्घटना में दो महिला गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। महावीर चौक पर बालू लदे ट्रक ने पल्सर बाइक में टक्कर मार दी जिसमें चरिहारा गांव निवासी केशव सिंह की 50 वर्षीय पत्नी रानी देवी घायल हो गयी जो बेटे के साथ बाजार करने आई थी और हनुमानगंज गांव में बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने से बनियापुर थाना क्षेत्र के खाकी मठिया गांव निवासी ओम प्रकाश कुमार की 25 वर्षीय पत्नी जूली कुमारी घायल हो गयी। जो अपने नैहर गंगौली गांव आ रहीं थीं। घायल दोनों महिला का चिकित्सक पदाधिकारी संजय कुमार सिंह,डॉ राकेश रंजन ने प्राथमिक उपचार कर पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया।

# मनोहर मेमोरियल हॉस्पिटल पर लगा एक और दाग, ऑक्सीजन का बहाना बनाकर मृत मरीज को निकाला बाहर

## डॉक्टर और अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से गई जान,मृतक के पुत्र का आरोप

निज संवाददाता। **रजौली**



थाना क्षेत्र के ड्योढ़ी स्थित मनोहर मेमोरियल अस्पताल अक्सर विवादों में चल रहा है।जहां आये दिन डॉक्टर एवं अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से मरीजों की मृत्यु होने के आरोप लगते रहते हैं।बीते कुछ माह पूर्व भी डीह रजौली के एक दुधमुहे बच्चे की जान इलाज के क्रम में हो गई थी।वहीं बीते मंगलवार की देर शाम एक अधेड़ की मृत्यु हो गई।जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने ऑक्सीजन खत्म होने की बात परिजनों से कहकर शव को अस्पताल से बाहर कर पुलिस को सुरक्षा हेतु बुला लिया।मृतक की पहचान सिरदला के परनाडावर थाना क्षेत्र निवासी 50 वर्षीय राजेंद्र मिस्त्री के रूप में हुई है।परिजनों द्वारा अस्पताल के बाहर हंगामा होने के बाद डायल 112 एवं थाना के पुलिस बल मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गए।वहीं परिजनों द्वारा थाने को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था।

**क्या कहते हैं परिजन-** मृतक के पुत्र शंकर कुमार ने कहा कि उनके पिता बढ़ई का काम करते थे एवं शनिवार की शाम को काम करके घर लौटे एवं चौक पर नाश्ता आदि करने चले गए।इसी बीच उन्होंने कहा कि उनकी तबियत ठीक नहीं लग रही है,मुझे डॉक्टर के पास लेकर चलो।जिसके बाद पुत्र अपने बीमार पिता को लेकर सिरदला स्थित अस्पताल गए,जहां चिकित्सक नहीं रहने के कारण वे रजौली स्थित मनोहर मेमोरियल अस्पताल में शाम को लगभग 6:15 बजे भर्ती कराये।भर्ती के समय पिता खुद चलकर अस्पताल में भर्ती हुए।भर्ती के समय अस्पताल प्रबंधन ने 2000 रुपये जमा करने का निर्देश दिया।साथ ही अस्पताल के दो-चार नर्स पिता को एक रूम में ले जाकर टेस्ट आदि के लिए ले गए।इस दौरान अस्पताल के प्रबंधक ने कहा कि दस मिनट में तुम्हारे पिता ठीक हो जाएंगे।किन्तु लगभग आधे घण्टे अस्पताल कर्मी पिता को स्ट्रेचर पर लेकर आये और उनके मुंह से झाग आदि निकल रहा था और वे अचेतावस्था में थे।अस्पताल कर्मियों ने कहा कि अस्पताल में ऑक्सीजन खत्म है।इसलिए इन्हें जल्दी से सरकारी अस्पताल लेकर जाइये।जब महज 500 मीटर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल लेकर निजी वाहन से गए तो वहां ड्यूटी में रहे चिकित्सक ने पिता को मरा हुआ घोषित किया।मृत होने की खबर सुनते ही परिजन मनोहर मेमोरियल अस्पताल के बाहर हंगामा करने लगे।पुलिस ने परिजनों को कानूनी कार्रवाई करने की बात कहकर लिखित आवेदन देने को कहा।

**बिना पर्ची रेफर किया गया मरीज-** मृतक के पुत्र ने कहा कि मनोहर मेमोरियल अस्पताल द्वारा किसी प्रकार की बिना पर्ची दिए उन्हें अस्पताल से ऑक्सीजन खत्म होने का बहाना बनाकर भगा दिया गया।वहीं अनुमंडलीय अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक ने कहा कि शनिवार की शाम को लगभग सात बजे एक व्यक्ति को अस्पताल लाया गया था।जो पहले से ही मृत था।जिसके कारण उसकी इंट्री अनुमंडलीय अस्पताल में नहीं की गई है।

**क्या कहते हैं अस्पताल प्रबंधक-** मनोहर मेमोरियल अस्पताल के प्रबंधक आलोक कुमार ने कहा कि मंझौली गांव से राजेन्द्र मिस्त्री नाम का मरीज महज 15 मिनट ही अस्पताल में रहा।जब उसे भर्ती कराया गया था तो नर्सिंग स्टाफ द्वारा जांच में मरीज का ब्लड प्रेशर 183/149 एवं ब्लड सुगर 239 था।बीपी कम करने की दवाई दी गई एवं चिकित्सक के निर्देश पर कुछ ब्लड जांच आदि भी किया जाने का निर्देश दिया गया था।इसी बीच मरीज की तबियत अचानक बिगड़ गई।जिसे उच्चतर अस्पताल जाने को निर्देशित किया गया।थोड़े ही देर बाद मरीज के परिजनों द्वारा मृत होने की सूचना दी गई और अस्पताल के बाहर हंगामा होने लगा।

**चिकित्सक एवं अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से गई जान-** मृतक के परिजनों का आरोप है कि मनोहर मेमोरियल अस्पताल के चिकित्सक एवं प्रबंधक की लापरवाही से जान गई है।ये लोग जानबूझकर किसी प्रकार की पर्ची आदि दिए बिना रेफर कर दिए।परिजनों ने यह भी कहा कि जो मरीज अस्पताल चलकर खुद भर्ती हुआ है,वो मात्र आधे घण्टे में स्ट्रेचर पर कैसे आ गया।अगर इतनी ही तबियत खराब थी,तो फिर उन्हें बिना पर्ची के क्यों सरकारी अस्पताल भेज दिया गया।परिजनों ने कहा कि मरीज के साथ अस्पताल कर्मी ने क्या-क्या दवाईयां दी उन्हें कुछ भी जानकारी नहीं है।उन्हें यह भी पता नहीं है कि मनोहर मेमोरियल अस्पताल में किसी चिकित्सक ने इलाज किया है या नर्सिंग स्टाफ ने तजुर्बे के तौर पर ही गलत इलाज कर मरीज को मार दिया है।

**क्या कहते सिविल सर्जन -** नवादा सिविल सर्जन डॉ. रामकुमार ने कहा कि घटना की जानकारी नहीं है।मृतक के परिजनों द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष -** थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि मनोहर मेमोरियल अस्पताल में एक मरीज के मौत के बाद हंगामा की सूचना मिली थी।जिसके बाद गश्त में रहे पुलिस बलों को अस्पताल के समीप भेजकर परिजनों को समझाया गया।साथ ही लिखित आवेदन देने को भी कहा गया।किन्तु अबतक मृतक के परिजन द्वारा लिखित आवेदन नहीं दिया गया है।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले भर में चलाया जा रहा है मतदाता जागरूकता अभियान

निज संवाददाता। **नवादा**

## पहले मतदान, फिर जलपान



जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, नवादा के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के द्वारा विभिन्न तरह की गतिविधियां चलायी जा रही है। नवादा जिला अन्तर्गत सभी प्रखंडों, पंचायतों, सुदूरवर्ती इलाकों, ग्रामीण क्षेत्रों तथा शहरी क्षेत्रों में स्वीप के तहत श्लोगन निर्माण के माध्यम से अभियान चलाया गया। सुव्यवस्थित मतदाता जागरूकता अभियान नवीन स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से आज छात्र छात्राओं ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए '' भारत देश महान है, करते सब मतदान है'' , ''आओ मिलकर अलख जगाये , शत-प्रतिशत मतदान कराएं'' , ''जन-जन की यही पुकार , वोट डालना अबकी बार'', निर्भय होकर मतदान करेंगे देश का हम सम्मान करेंगे'' आदि स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वह अपने मत का प्रयोग स्वयं करें और दूसरों को भी अपने मत के प्रयोग के लिए प्रेरित करें। मतदान का प्रयोग पूर्ण रूप से निर्भय होकर करें ताकि अपने देश के लिए एक महान और सदाचारी श्रेष्ठ व्यक्ति का चुनाव कर सकें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नवादा के निर्देशानुसार आज जवाहर लाल नेहरू कॉलेज चंडीनामां काशीचक में जिला आइकॉन राहुल वर्मा के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला आइकॉन ने नये वोटर्स को चिन्हित कर फॉर्म नंबर 6 भरने का निर्देश दिया और इस अभियान के तहत लोगों से अपील की गयी कि जिस प्रकार प्रवासी लोग हर वर्ष पर्व में घर आते हैं उसी प्रकार लोकतंत्र के त्यौहार में भी घर आकर वोट देने के लिए प्रेरित करें, युवाओं को प्रेरित करने के लिए फिल्म और गीतों का प्रदर्शन भी किया गया। जिला आइकॉन राहुल वर्मा ने युवा मतदाताओं को शपथ दिलाया कि ''हम आने वाले लोकतंत्र के महा त्यौहार में अपनी भागीदारी निभाते हुए मेरा पहला वोट देश के लिए देंगे'' और साथ ही आज से सोशल मीडिया के माध्यम से छात्रों से अपील की गयी की वह रोज फेसबुक इंस्टा पर चुनाव से संबंधित पोस्ट शेयर करते रहें ताकि लोग मतदान के प्रति पहले से जागरूक रहें। चुनाव आयोग द्वारा दी गई जानकारी भी मतदाताओं को दी गई।

# जिला टॉपर सपना को किया गया सम्मानित



निज संवाददाता। **कौआकोल**

प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय नावाडीह से इंटर की परीक्षा में शामिल होकर राज्य भर में छठा स्थान पाई जिला टॉपर सपना कुमारी को बुधवार को सम्मानित किया गया। बापू इंटर विद्यालय पांडेयगंगौट में समारोह आयोजित कर सपना को विद्यालय परिवार को ओर से सम्मानित किया गया। आयोजित सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार के द्वारा सपना को ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी,डायरी एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य अजय कुमार ने कहा कि सपना शुरू से ही मेधावी एवं लगनशील छात्रा रही है। उन्होंने उसके उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर शिक्षक सुरेन्द्र नारायण, ओमप्रकाश कुमार, संदीप कुमार, आरती कुमारी, अन्नू सिंह, अंजली, सुमन, आराधना, चन्दन आदि मौजूद थे।

# पूर्व मुखिया ममता देवी अपने पति के लिये चलाया जनसंपर्क अभियान

निज संवाददाता। **नवादा**



आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिये धीरे धीरे चुनाव प्रचार में तेजी आ रही है. सात अप्रैल को प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर जहां एनडीए प्रत्याशी तैयारी कर रहे हैं वही महागठबंधन से राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा की पत्नी कादिरगंज पंचायत की पूर्व मुखिया ममता देवी अपने पति के समर्थन में क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान में लग कर पति के पक्ष में वोट करने की अपील कर रही है. ममता देवी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ नारदिगंज प्रखंड के दर्जनों गावं में घूम घूम कर मतदाताओं से वोट देने की अपील कर रही है. ममता ने कहा की पिछले कई दशकों से नवादा लोकसभा क्षेत्र बाहरी लोगों के हाथो गिरवी रखी हुई है. यहाँ बाहर के लोग आकर अपना उल्लू सीधा कर लेते हैं और नवादा का विकास एवं समस्याओं का मुद्दा गौण हों जाता है. बाहरी सांसद को क्षेत्र में सिर्फ चुनाव के समय ही दर्शन देते हैं. उन्होंने कहा की नवादा को विकास की पटरी पर लाने के लिये स्थानीय सांसद का होना जरूरी है. उन्होंने कहा की सामाजिक न्याय के पुरोधा आदरणीय लालू प्रसाद यादव ने जमात की राजनीति को तरजीह दिया है. उन्होंने श्रवण कुशवाहा को लोकसभा भेजनें एवं बिहार के युवा नेता तेजस्वी यादव के हाथो को मजबूत करने की अपील किया. मौके पर पूर्व जिला पार्षद रीना कुशवाहा, ललिता कुशवाहा सहित दर्जनों की संख्या में समर्थक मौजूद थे.

# अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्र हुए सम्मानित

निज संवाददाता। **नारदीगंज**




प्रतिभा कहां किसकी मोहताज होती है :-ये चरितार्थ कर के दिखाया गांव के बच्चों ने। वे अच्छा अंक लाकर अपने माता पिता के साथ गांव समाज को गौरवान्वित कर अपने गुरु को सच्चा उपहार भेट किया। कार्यक्रम में बुधवार को दसवीं कक्षा के प्रतिभा वान बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में मॉडर्न कैरियर लॉन्चर नारदीगंज में 2024 की वार्षिक परीक्षा में सफल छात्रों को पुरस्कृत किया गया।इस दौरान कोचिंग संस्थान के निर्देशक नीरज कुमार पांडेय ने बताया की 60 से अधिक बच्चे फर्स्ट डिवीज़न से पास किये है ।

सभी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिसमे निखिल कुमार 455 अंक, तमशील अंसारी 453अंक, राजीव कुमार 442 अंक, अंजना कुमारी, 423 अंक, फैशल अंसारी 415 अंक, सुमन कुमारी 413 अंक, सानिया परवीन 411 अंक तथा ईशा कुमारी 400अंक, अनुष्का मिश्रा 389 अंक, समेत 60 बच्चों को पुरस्कृत किया गया मौके पर शिक्षक शैलेन्द्र कुमार, मनीष कुमार ,चन्दन कुमार ,आयुष्मान उपस्थित रहे।

### शर्ट सर्किट से घर में लगी आग, हजारों रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर राख

**छपरा**। स्थानीय थाना क्षेत्र के बरेजा गांव स्थित वार्ड संख्या दो में बुद्धवार की दोपहर एक झोपड़ीनुमा मकान में बिजली की शर्ट सर्किट से लगी आग में हजारों रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरेजा नहर के समीप सतेंद्र शर्मा के मकान में अचानक आग लग गयी जिसमे रखे दो साइकिल , एक मोटरसाइकिल समेत खाने पीने के कई समान समेत आवश्यक सामग्री आग की लपट में राख हो गया। आग लगते ही आसपड़ोस के दर्जनो लोग काबू पाने के लिए घरेलू उपक्रम लेकर दौड़े, जहाँ घंटो मस्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वही स्थानीय लोगो का कहना है कि घटना के समय घर के सभी सदस्य अपने खेती बाड़ी के कार्यो में लगे थे। तभी अचानक आग की तेज लेफ्ट और धुंआ देख शोर मचाये।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

निज संवाददाता। **नारदीगंज**



प्रखंड में स्थित आवासीय मॉर्डन इंग्लिश स्कूल पंडपा में वार्षिक परीक्षा का बुधवार को परिणाम घोषित किया गया ।विद्यालय के निदेशक कृष्णदेव शर्मन्न चक्रवर्ती ने बताया की वार्षिक परीक्षा में नर्सरी से आठवीं कक्षा जो भी छात्र अपनी कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले को सम्मानित किया गया है।उन्होंने कहा 90 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र व छात्राएं में कर्मवीर, शिवानी, शुभम, रिषु राज, साक्षी, सुहानी, ओवायस हामिद, अनमोल, कमलेश, नीरज, त्रिशिका चक्रवर्ती समेत अन्य को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्राचार्या कुमकुम कुमारी, राहुल देव शर्मन्न चक्रवर्ती,खुशी कुमारी, कुंदन कुमार, विकास कुमार, मुन्ना कुमार, अभिषेक कुमार, शिमरन कुमारी को आठवीं कक्षा के छात्र व छात्राओं ने भी विद्यालय संचालक व शिक्षकों को सम्मानित किया। इस दौरान सभी छात्र,छात्राएं अच्छा परिणाम पाकर काफ़ी खुश नजर आये ,वही माता पिता ने भी प्रसन्नता जाहिर की।

# लोकसभा चुनाव के लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च



निज संवाददाता। **वारिसलीगंज**

आगामी 19अप्रैल को पहले चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में फ्लैग मार्च निकाला गया. मार्च में पुलिस अधिकारी एवं दर्जनों महिला एवं पुरुष पुलिसबल मौजूद थे. थानाध्यक्ष ने बताया कि चुनाव को लेकर विधि व्यवस्था को लेकर यह मार्च निकाली गयी है.पहले चरण में नवादा लोकसभा का चुनाव होना है,उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष एवं भय मुक्त कराने के लिये पुलिस प्रशासन कटिवद्ध है.मौके पर स्थानीय थाना सहित कई अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### बिगड़े बोल ठीक नहीं

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ यह बात जाहिर थी कि एक-दूसरे के खिलाफ राजनीतिक टीका-टिप्पणी अब ज्यादा चुभने वाली होगी। लेकिन, बात बढ़कर जिस तरह महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी और सोशल मीडिया पोस्ट तक जा पहुंची, वह न सहने लायक है और न ही उस पर चुप रहना चाहिए। कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के ट्विटर हैंडल से भाजपा उम्मीदवार और बॉलिवुड अभिनेत्री कंगना रनौत पर आपत्तिजनक कमेंट किया गया, जबकि पश्चिम बंगाल में बीजेपी नेता दिलीप घोष की जुबान सीएम ममता बनर्जी पर बोलते हुए 'फिसल' गई। इन दोनों मामलों में अच्छी चीज यह हुई कि अपमानजनक भाषा को बदजुबानी मान लिया गया और दोनों नेताओं पर एक्शन लेने में देरी नहीं की गई। भाजपा ने भी दिलीप घोष से जवाब-तलब किया, जबकि सुप्रिया को यूपी की उस महाराजगंज सीट से टिकट नहीं मिला, जहां से वह पिछले लोकसभा चुनाव में खड़ी हुई थीं। दोनों दलों ने कदम उठाने में जो तेजी दिखाई, वह सराहनीय है। इससे सख्त संदेश गया कि चुनाव के बहाने कुछ भी कहकर बचा नहीं जा सकता। यह कोई पहली बार नहीं है, जब महिलाओं को लेकर नेताओं की जुबान फिसली हो। पिछले आम चुनाव को ही याद करें, तो पोशाक से लेकर चेहरे-मोहरे तक, राजनेताओं ने बिगड़े बोल में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 लोकसभा चुनाव में करीब 14 प्रतिशत ट्वीट आपत्तिजनक थे। यह आंकड़ा ही अपने आप में सारी कहानी कह देता है। जब सुप्रिया की पोस्ट वायरल हुई, तो कई लोगों ने कंगना के पुराने ट्वीट निकालने शुरू कर दिए। कंगना ने बॉलिवुड अभिनेत्री और कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ीं उर्मिला मातोंडकर को लेकर कुछ ऐसा कहा था, जो उन्हें नहीं कहना चाहिए था। पुराने ट्वीट को निकालने का मकसद था यह बताना कि देखो, आपने भी तो गड़बड़ी की थी। लेकिन, यह याद रखना चाहिए कि दो गलत चीजें मिलकर एक सही चीज नहीं बना सकतीं। देखा गया है कि अमर्यादित बोल ज्यादातर महिलाओं को लक्ष्य करके ही बोले जाते हैं और बोलने वालों में महिलाएं भी होती हैं। कई बार तो राजनेताओं को पता ही नहीं चलता कि अपनी रौ में बहते हुए वे कहां से कहां पहुंच गए।

### बढ़ता राजस्व

जीएसटी अर्थात वस्तु एवं सेवा कर संग्रह का लगातार बढ़ते जाना सुखद और स्वागतयोग्य है। वित्त वर्ष 2023-24 खत्म होने वाला है और संकेत मिलने लगे हैं कि देश में जीएसटी संग्रह लगभग 12 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 20 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाएगा। इसमें कोई संदेह की बात नहीं कि देश में आर्थिक गतिविधियां बढ़ी हैं और तभी जीएसटी संग्रह में लगातार सुधार हो रहा है। प्रौद्योगिकी संचालित व्यवसायों में भी तेजी का आलम है। अधिकारियों ने यह भी संकेत दिया है कि 2023-24 की अवधि में जीएसटी उपकर के भी मजबूत संग्रह की उम्मीद है, इस घटक के तहत कुल राजस्व 1.45 लाख करोड़ रुपये होने की संभावना है। केंद्र सरकार ने राज्यों को मुआवजा देने के लिए जुटाए गए 2.69 लाख करोड़ रुपये के कर्ज को चुकाने के लिए विलासिता की वस्तुओं और ऑटोमोबाइल, शराब, सिगरेट आदि कई वस्तुओं पर जीएसटी उपकर को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया है। कर और उपकर, दोनों के संग्रह में तेजी सूचक है कि अर्थव्यवस्था सुधार की राह पर है। गौर करने की बात है कि वित्त वर्ष 2019-20 में कुल जीएसटी संग्रह 10 लाख, 18 हजार करोड़ से ज्यादा रहा था। उसके बाद वित्त वर्ष 2020-21 में महामारी ने अर्थव्यवस्था को बुरी तरह से प्रभावित किया और कर संग्रह दस लाख करोड़ रुपये के नीचे चला गया था। हालांकि, उसके बाद से जीएसटी संग्रह लगातार बढ़ रहा है। समाप्त होने जा रहे वित्त वर्ष में अगर फरवरी महीने तक के संग्रह को देखें, तो संग्रह करीब 17 लाख करोड़ रुपये के आसपास पहुंच गया है। चूंकि मार्च के महीने में बाकी महीनों की तुलना में कुछ ज्यादा संग्रह की संभावना रहती है, इसलिए अगर कुल संग्रह 20 लाख करोड़ रुपये के आसपास पहुंच जाए, तो किसी को अचरज नहीं होना चाहिए। पिछले वित्तीय वर्ष में जीएसटी संग्रह 18 लाख करोड़ रुपये से थोड़ा अधिक था। मार्च 2024 के लिए जीएसटी संग्रह के आंकड़े 1 अप्रैल को आने की उम्मीद है और अगर संग्रह रिकॉर्ड तोड़ हुआ, तो निश्चित ही इससे देश के आर्थिक परिवेश में नए उत्साह का संचार होगा। इस तथ्य को कोई भोला व्यक्ति भी समझ सकता है कि बेहतर कर संग्रह सकारात्मकता का सूचक है, जबकि कर संग्रह का घटना नकारात्मकता का सूचक।

## अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से लोस चुनावों पर क्या असर पड़ेगा?

(उमेश चतुर्वेदी )

*केजरीवाल के प्रति सहानुभूति रखने वाले में उस वर्ग के लोग ज्यादा हैं, जिन्हें दिल्ली सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का फायदा मिल रहा है। हालांकि दिल्ली की खस्ताहाल बसें, व्यवस्था की ढिलाई आदि के चलते केजरीवाल सरकार से नाराजगी रखने वाला भी एक वर्ग है। जो इस गिरफ्तारी को जायज ठहरा रहा है। केजरीवाल की गिरफ्तारी को नाजायज बताने में जुटी कांग्रेस की स्थित सांप-छछूंदर जैसी हो गई है।*

शराब घोटाले में केजरीवाल के पहले उनके दो स्तंभों पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह गिरफ्तार हो चुके हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं खारिज हो चुकी है। दिल्ली शराब नीति घोटाले में दिल्ली से तीसरी बड़ी गिरफ्तारी केजरीवाल की हुई है। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया जारी हो, इसी बीच किसी राज्य के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हो और उस पर राजनीति ना हो, ऐसा संभव ही नहीं है। दिल्ली के कथित आबकारी घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति की नेता के कविता को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने गिरफ्तार किया है। ईडी का दावा है कि इन गिरफ्तारियों के पीछे कोई राजनीति नहीं है। लेकिन राजनीति और लोक का एक बड़ा हिस्सा ऐसा है, जो इन गिरफ्तारियों के पीछे राजनीति देख रहा है। मोदी विरोधी आईएनडीआईए गठबंधन में चूंकि केजरीवाल भी शामिल हैं, लिहाजा गठबंधन के नेता इन गिरफ्तारियों को सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक बताने-बनाने में जुट गए हैं। उनका एक ही सवाल है कि आखिर सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही ईडी या सीबीआई निशाना क्यों बना रहे हैं? बार-बार ऐसा कहकर एक तरह से मोदी विरोधी मोर्चे के नेताओं की कोशिश यह है कि इन गिरफ्तारियों को भ्रष्टाचार की बजाय सिर्फ राजनीति का रंग दिया जाए और इसके जरिए मोदी विरोधी वोटों की फसल काट ली जाये। लेकिन सवाल यह है कि क्या ऐसा संभव है? मोदी के उभार के बाद के दोनों संसदीय चुनावों में दिल्ली विधानसभा में अपार बहुमत रखने वाली आम आदमी पार्टी एक भी सीट हासिल नहीं कर पाई है। इस बार तो आम आदमी पार्टी ने उस कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया है, जिसके भ्रष्टाचार के विरोध में उसका समूचा अस्तित्व पनपता रहा। दिल्ली में लोकसभा की सात सीटें हैं, जिनमें तीन सीटों पर जहां कांग्रेस चुनाव लड़ रही है, वहीं आम आदमी पार्टी चार सीटों पर मैदान में है। पिछले दो आम चुनावों में आम आदमी पार्टी की स्थिति तीसरे नंबर की पार्टी बनकर रह गई थी। गठबंधन करके कांग्रेस और आम आदमी पार्टी-दोनों ने उम्मीद लगा रखी है कि दो आम चुनावों से जारी दिल्ली में उनका सूखा शायद कम हो जाए। केजरीवाल की गिरफ्तारी के पहले तक ऐसा नहीं लग रहा था कि विगत के दो चुनावों से इतर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का इतिहास इस बार इतर होने जा रहा है। लेकिन केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दोनों पार्टियों को सहानुभूति लहर उठने की उम्मीद है। उन्हें लगता है कि सहानुभूति की वजह से इस बार भारतीय जनता पार्टी के किले में सेंध लग सकती है। शराब घोटाले में केजरीवाल के पहले उनके दो स्तंभों पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह गिरफ्तार हो चुके हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं। दिल्ली शराब नीति घोटाले में दिल्ली से तीसरी बड़ी गिरफ्तारी केजरीवाल की हुई है। इसी केस में भारत राष्ट्र समिति की नेता और पार्टी अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता भी गिरफ्तार हैं। केजरीवाल को गिरफ्तार करने से पहले ईडी ने नौ बार समन देकर उन्हें बुलाया। लेकिन हर बार वे ईडी के सामने जाने से बचते रहे। केजरीवाल का राजनीतिक अनुभव भले ही कम हो, लेकिन उनकी पैंतरेबाजी से साफ है कि राजनीति करने में वे पुराने से पुराने नेताओं पर भारी हैं। समन को अनदेखा करके एक तरह से वे इस मुद्दे को जिंदा रखने और इसके जरिए अपने लिए वोटरों की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश करते रहे। गिरफ्तारी के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा ना देकर भी केजरीवाल राजनीति कर रहे हैं। ईडी की हिरासत से ही वे दिल्ली के लिए दो आदेश जारी कर चुके हैं। पहले में जहां उन्होंने दिल्ली की सीवर व्यवस्था दुरूस्त करने का आदेश दिया है, वहीं उनका दूसरा आदेश स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त रखना है। दिल्ली में विपक्षी भूमिका निभा रही भारतीय जनता पार्टी इस पर हंगामा कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से केजरीवाल को हटाने की मांग वाली याचिका दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल की गई। जिसे हाईकोर्ट ठुकरा चुका है। इसके बावजूद नैतिकता के आधार पर भाजपा केजरीवाल से इस्तीफे की मांग कर रही है। लेकिन केजरीवाल के खेमे के तर्क है कि संविधान में कहीं नहीं लिखा है कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को अपने पद से इस्तीफा दे ही देना होगा। इस तर्क के सहारे केजरीवाल मुख्यमंत्री के पद पर जमे हुए हैं। हिरासत से आदेश देना और उसका आम आदमी पार्टी द्वारा भरपूर प्रचार किया जाना दरअसल केजरीवाल के प्रति सहानुभूति हासिल करने की प्रक्रिया का ही विस्तार है। भारतीय समाज भावुक होता है। इस भावुकता का फायदा हर राजनीतिक दल अपने तईं उठाते रहे हैं। इसी अंदाज में केजरीवाल परिवार भी आगे बढ़ रहा है। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के भावुकताभरे बयान भी इसका ही उदाहरण हैं। दरअसल इन कदमों से आम आदमी पार्टी दिल्ली के लोगों को यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि जेल में रहते हुए भी आम आदमी पार्टी प्रमुख सिर्फ दिल्ली के ही बारे में सोच रहे हैं। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी की कोशिश इस बहाने सहानुभूति हासिल करना है। इस बीच दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के एक बयान से दिल्ली सरकार की बर्खास्तगी को लेकर अटकलें तेज हो गईं। उपराज्यपाल ने यह कह दिया कि जेल से दिल्ली की सरकार नहीं चलने दी जाएगी। उपराज्यपाल के इस बयान के बाद आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की कोशिशों का जोरदार विरोध किया। वैसे माना यह जा रहा है कि यह विरोध भी आम आदमी पार्टी की रणनीति का ही हिस्सा है। ताकि केंद्र सरकार दिल्ली सरकार को बर्खास्त कर दे। इससे केजरीवाल के पक्ष में जोरदार लहर उठ खड़ी होगी और मौजूदा आम चुनावों में आम आदमी पार्टी इसका फायदा उठा सकेगी। वैसे भारतीय जनता पार्टी की ओर से केजरीवाल को दोषी बताने की खूब कोशिशें हो रही हैं। दिल्ली में विपक्षी दल होने के नाते उसकी यह जिम्मेदारी भी है। लेकिन यह भी सच है कि दिल्ली बीजेपी की यह कोशिश बहुत ज्यादा कामयाब नहीं है। दिल्ली का एक वर्ग ऐसा भी है, जो मानता है कि केजरीवाल को तंग किया जा रहा है। दिल्ली की बसों, मेट्रो आदि में ऐसी चर्चाएं सुनाई दे रही हैं। हालांकि एक तबका ऐसा भी है, जो मानता है कि भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से उभरे केजरीवाल भी भ्रष्ट हो गए हैं।

## अमरीकी दोस्ती में बांह मरोड़ने की कोशिश बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

(योगेंद्र योगी)

केजरीवाल मुद्दे पर अमेरिका की तरफ से आए दूसरे बयान पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका के बयान पर भारत पहले ही आपत्ति जता चुका है। उसका ताजा बयान अवांछनीय है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसी मुद्दे पर भारत ने अमरीका के साथ ही जर्मनी को करारा जवाब दिया।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के मामले में अमरीका को उसी के लहजे में सख्त जवाब देकर भारत ने बता दिया है भारत के अंदरूनी मामलों में किसी भी देश का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे वे मित्र देश ही क्यों न हों। कड़ा जवाब देकर भारत ने अमरीका को यह भी समझा दिया कि दोस्ती की आड़ में बांह मरोड़ने का प्रयास दोनों देशों के रिश्तों में दरार डाल सकता है। ऐसा करने पर भारत-अमरीका के रिश्तों पर फर्क पड़ सकता है। केजरीवाल की गिरफ्तारी पर की गई कुछ टिप्पणियों के विरोध में अमेरिका के एक वरिष्ठ राजनयिक को भारत द्वारा तलब किये जाने पर वाशिंगटन ने दोहराया था कि वह निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करता है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा था मैं किसी निजी राजनयिक बातचीत के बारे में बात नहीं करने जा रहा हूं, लेकिन निश्चित रूप से, हमने सार्वजनिक रूप से जो कहा है, वही मैंने यहां से कहा है कि हम निष्पक्ष, पारदर्शी, समयबद्ध कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करते हैं। हमें नहीं लगता कि किसी को इस पर आपत्ति होनी चाहिए। यही बात हम निजी तौर पर स्पष्ट कर देंगे। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने अमेरिकी दूतावास की कार्यवाहक उपप्रमुख ग्लोरिया बरबेना को तलब किया था, अमेरिकी विदेश विभाग की टिप्पणी को अनुचित करार देते हुए कहा था कि उसे अपनी स्वतंत्र और मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाओं पर गर्व है और वह इन्हें किसी भी प्रकार के अनावश्यक बाहरी प्रभाव से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय ने इस मामले में अमेरिकी डिप्लोमैट ग्लोरिया बारबेना को तलब किया था। मंत्रालय ने कहा था कि भारत में कानूनी कार्रवाई पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का बयान गलत है। कूटनीति में उम्मीद की जाती है कि देश एक दूसरे के आंतरिक मसलों और संप्रभुता का सम्मान करेंगे। अगर दो देश लोकतांत्रिक हों तो इसकी उम्मीद और बढ़ जाती है नहीं तो अव्यवस्था की स्थिति बन सकती है। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। केजरीवाल मुद्दे पर अमेरिका की तरफ से आए दूसरे बयान पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका के बयान पर भारत पहले ही आपत्ति जता चुका है। उसका ताजा बयान अवांछनीय है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसी मुद्दे पर भारत ने अमरीका के साथ ही जर्मनी को करारा जवाब दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत में न्याय प्रणाली स्वतंत्र है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित जर्मन दूतावास मिशन के उप प्रमुख जॉर्ज एन्ज़वीलर को तलब किया। भारत ने जर्मनी के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की टिप्पणी को भारत के आंतरिक मामलों में दखल बताते हुए अपना कड़ा विरोध दर्ज किया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि हम ऐसी टिप्पणियों को हमारी न्यायिक प्रक्रिया में दखल और हमारी न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करने के रूप में देखते हैं। यह पहला मौका नहीं है जब भारत ने अमरीका की सुनने से इंकार कर दिया। इससे पहले अमरीका निवासी खालिस्तानी आतंकी गुरवंत सिंह पन्नू के मामले में भी भारत ने अमरीका को सख्त लहजे में समझाते हुए दर्शा दिया था कि भारत विरोधी कार्रवाई को किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा जाएगा। भारत की दोस्ती को अमरीका कमजोरी नहीं समझे। अमेरिकी अफसरों ने दो भारतीय नागरिकों पर गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की विफल साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया था। निखिल गुप्ता और एक अनाम सरकारी अधिकारी पर यह आरोप लगाए थे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5329

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | 6 | |
| 9 | | 6 | 5 | | 2 | | | 4 |
| | | | | | | 9 | 5 | |
| 3 | 2 | | | | | | 8 | |
| 1 | | | 7 | 5 | 9 | | | 2 |
| | 9 | | | | | | 1 | 5 |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| 6 | | | 4 | | 8 | 5 | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | | 9 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5328

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 8 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 8 | 1 | 3 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 9 | 3 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन लाभ देने वाला है और आज आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। हर कार्य में संतोषजनक परिणाम मिलने से आपका मन प्रसन्न होगा। शुभ परिणाम मिलने से भी हर्ष होगा। रात्रि का समय प्रिय लोगों के साथ मौज मस्ती में बीतेगा। इससे आपके दिमाग को भी रिलैक्स मिलेगा। आपके धन में वृद्धि होगी और लाभ प्राप्त होंगे।

### वृष
आज का दिन शानदार है और आपको आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आपके लिए यात्रा के योग बन रहे हैं और आप कारोबार में तरक्की करेंगे। वैवाहिक जीवन भी आज आनंद में बीतेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से राहत मिलेगी और आपको कोई काम की बातें पता चल सकती हैं।

### कर्क
आज आपके सम्मान में वृद्धि होगी। संतान पक्ष से हर्ष और लक्ष्मी की बड़ी मात्रा में प्राप्ति से कोष वृद्धि कारक है। आपको लाभ मिलेगा और आप दूसरों से सहयोग लेने में सफल होंगे। पास व दूर की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा। सावधानी से हर काम करें।

### सिंह
आज आपकी कार्ययोजनाएं सफल होने से आपके धन में वृद्धि होगी। आज सुबह से ही भागदौड़ रहेगी। किसी मंगलमय या धार्मिक आयोजन की व्यवस्थाओं में व्यस्त रहेंगे। पिता व उच्चाधिकारियों से शाबासी मिलेगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। थकान से परेशानी हो सकती है।

### मिथुन
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आप किसी प्रकार की भागदौड़ में फंसे रहेंगे। काम का भार भी आज कुछ ज्यादा अनुभव करेंगे। आपने जूनियर्स से काम निकालने के लिए प्यार से काम निकालना होगा। आपके घर में भी सुमति से वातावरण हल्का फुल्का बनाए रखें, खुशी-खुशी काम बनेंगे।

### कन्या
आज का दिन मिलाजुला प्रभाव रहेगा। किसी भी मामले में फैसला जल्दबाजी में न करें। व्यक्तिगत मतभेद को काम पर न हावी होने दें। व्यवसायिक मामलों के बीच में लाने से हानि हो सकती है। प्रेमी या किसी अन्य निकट के व्यक्ति से कोई कहासुनी हो सकती है।

### तुला
आज का दिन सुख शांति से भरा होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। आपके लिए सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और घर व बाहर हर तरफ सम्मान मिलेगा। आज का दिन सम्मान में वृद्धि वाला है और आपके भाग्य का विकास होगा। नई खोजों में भी रुचि बढ़ेगी। पुराने मित्रों से आपको लाभ होगा। घर में उत्सव जैसा माहौल बनेगा।

### वृश्चिक
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। आपके रुके कार्य सरलता से बन जाएंगे। बेहतर होगा कि फालतू के काम में अपना समय न खराब करें। खर्च में कटौती करना बहुत आवश्यक है। जायदाद या किसी अन्य मूल्यवान वस्तु की सौदेबाजी करने से पहले उसके सारे वैधानिक दस्तावेजों का अच्छी तरह अध्ययन कर लें।

### मकर
आज लाभ का दिन है और आपकी अपनी साथियों के बीच में लोकप्रियता बढ़ेगी। किसी राजनयिक से निकटता और दोस्ती होगी और उसके अनुभव का लाभ भी आपको होगा। विद्यार्थियों को सलाह है कि अपना अधिक से अधिक समय अध्ययन में लगाएं। आपकी शाम से लेकर रात तक मौज मस्ती रहेगी।

### कुंभ
आज कोई उपहार या सम्मान का लाभ मिलेगा। कोई पुरानी महिला मित्र से अकस्मात् धन लाभ का हर्ष हो सकता है। रोजी-रोजगार की दिशा में भी सफलता मिलेगी। आपको कहीं अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है। यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी, प्रियजनों से भेंट संभव है। आपको लाभ होगा। किसी धार्मिक अनुष्ठान में व्यतीत होगा।

### धनु
आज का दिन सफलता से भरा होगा और आज आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी और आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। शत्रुओं का मनोबल गिरेगा और बच्चे खेल कूद में मस्त रहेंगे। दूसरों की मदद करने से सकून मिलेगा। शाम को किसी का साथ मिलने से आपके भाग्य में वृद्धि होगी और कार्य योजनाएं सफल होंगी।

### मीन
आज आपके विरोधी परास्त होंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। राजनीतिक सहयोग भी मिलेगा और आपकी वाणी भी मधुर होगी। रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें तो आपको फायदा होगा। शाम से लेकर रात तक आपको लाभ होगा। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। यात्रा में सावधान रहें।

## वर्ग पहेली 5329

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | ■ | 9 | |
| | | 10 | | | 11 | | ■ |
| 12 | 13 | | ■ | 14 | | | ■ |
| 15 | | ■ | 16 | | ■ | 17 | 18 |
| ■ | 19 | 20 | ■ | | ■ | ■ | |
| 21 | ■ | 22 | 23 | | 24 | 25 | ■ |
| 26 | | ■ | | ■ | 27 | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. गांधीजी को महात्मा की उपाधि इन्होंने दी थी (8)
7. दौलत, वृद्धावस्था, स्वर्ण, सोना (2)
8. मित्र, दोस्त, उपपति (2)
9. एक बार सांस लेने का समय (2)
10. पकाकर गाढ़ा किया हुआ गन्ने का रस (2)
11. आकाश, गगन, अंबर (2)
12. गुण-दोष को निश्चय करने के लिए वस्तु की परीक्षा, परीक्षण (3)
14. उत्तरप्रदेश का यमुना नदी किनारे बसा एक नगर जो प्रदेश का तीसरा बड़ा शहर है (3)
15. एक प्राचीन सिक्का जो दो पैसे के बराबर होता था (2)
16. वर्ष, अवस्था, जीवनकाल (2)
17. ईश्वर, स्वामी, प्रभु (2)
19. जमीन नापने की प्राचीन इकाई जो बीस बिस्वे के बराबर होती है (2)
22. सहायता करने वाला, सहयोगी (5)
26. आपत्ति, हानि आदि से बचाव (2)
27. आवाज, शब्द (2)

**ऊपर से नीचे**
1. चलचित्र दिखाने का पर्दा (5)
2. बहादुर, हिंदी व्याकरण में एक रस जिसका स्थायी भाव उत्साह है (2)
3. जो जल्दी न मिल सके, अप्राप्य (3)
4. दीवारों में ईट की जुड़ाई की पंक्ति, शेर की मांद (2)
5. सौभाग्यवती स्त्री के आंचल को नारियल आदि से भरना (5)
6. प्रेमकर्ता (2)
10. जले हुए पदार्थ का अंश, भस्म (2)
11. जवाहर, रत्न, मणि (2)
13. छिछली गोल (3)
14. आयु संबंधी शास्त्र जो अठारह विधाओं में से एक है (4)
18. भ्रम, संदेह (2)
20. सूर्य का प्रकाश, धूप (2)
21. पुराणानुसार यह सुपर्णखा का भाई था (2)
23. स्थिती, अवस्था, हालात (2)
24. गीत प्रस्तुम करने की क्रिया (2)
25. दंत, दांत (2)

### वर्ग पहेली 5328 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | वि | शं | क | र | शु | क्ल | ■ |
| बा | ■ | क | मी | ज | ■ | ब | दी |
| ब | हा | र | ■ | क | ली | ■ | ना |
| ■ | ल | द | ना | ■ | ला | ल | ■ |
| ना | ■ | या | द | ■ | से | ह | त |
| ट | ह | ल | ना | ■ | ठ | क | ■ |
| क | ■ | श | ■ | चा | ■ | ना | थ |
| ■ | ब | र्मा | ■ | ह | ज | ■ | क्का |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, स्थानीय संपादक- साकेत अम्बष्ट, मो.-9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, RNI-BIHHIN/2017/72765

## संक्षिप्त समाचार

### यात्रियों की सबसे पसंदीदा वंदे भारत ट्रेन, ऑक्यूपेंसी रेट है 109 प्रतिशत

**रांची, एजेंसी।** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को पूरे देश भर में खूब पसंद किया जा रहा है। यह ट्रेन छह से आठ घंटे के अंदर गंतव्य स्थल तक पहुंचा दे रही है। रांची से तीन वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन हो रहा है। यात्रियों की पहली पसंद रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस है, जिसका ऑक्यूपेंसी 109 प्रतिशत है।

रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का आक्यूपेंसी 98 प्रतिशत है। हालांकि, रांची-वाराणसी जाने वाले यात्रियों की संख्या में थोड़ी कमी है। 85 प्रतिशत आक्यूपेंसी रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन की है। पहले इनका आक्यूपेंसी रेट काफी कम था। अब प्रचार-प्रसार होने के बाद इनमें यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज हुई है।

वंदे भारत एक्सप्रेस में चेयरकार की तुलना में एग्जीक्यूटिव क्लास को ज्यादा पसंद किया जा रहा है। यही वजह है कि एग्जीक्यूटिव क्लास का आक्यूपेंसी रेट ज्यादा बेहतर है।

अन्य ट्रेनों की अपेक्षा वंदे भारत में ज्यादा सुविधा और सीटें आरामदेह होने के कारण यात्री एग्जीक्यूटिव क्लास को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। हालांकि, तीनों वंदे भारत में चेयरकार की तुलना में एग्जीक्यूटिव क्लास की सीटें कम हैं। भविष्य में वंदे भारत एक्सप्रेस में आक्यूपेंसी रेट सुधार होगी। पहले और अब के ग्राफ में काफी सुधार हुआ है। रांची से वाराणसी जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक होती है। 18 मार्च से ट्रेन का नियमित परिचालन शुरू हुआ है। मई तक ट्रेन में यात्रियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

### कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के पिता को ईडी ने किया तलब, जमीन घोटाला मामले में होगी पूछताछ



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में जमीन घोटाले को लेकर ईडी लगातार कार्रवाई कर रही है, लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। इस क्रम में आज पूर्व मंत्री योगेंद्र साव भी ईडी कार्यालय पहुंचे हुए हैं। उनसे जमीन घोटाला मामले में पूछताछ होनी है। बता दें कि योगेंद्र साव बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद के पिता हैं।

बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की विधायक अंबा प्रसाद से जुड़े 17 ठिकानों पर ईडी ने बीते 12 मार्च को छापामारी की थी। मामला हजारीबाग में प्रतिबंधित किस्म की जमीन को अवैध तरीके से हड़पने की कोशिश मामले में मनी लांड्रिंग से संबंधित था।

इस दौरान जमीन विवाद में अंबा प्रसाद और उनके परिवार का नाम सामने आया। गौरतलब है कि इस छापामारी में ईडी को कुछ ठिकानों से लगभग 10 लाख नकद, भारी मात्रा में भूमि से जुड़े दस्तावेज, भूमि की खरीद-बिक्री व काले धन के निवेश से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। ईडी इन सभी बरामदगी को मनी लांड्रिंग के बिंदु पर देख रही है।

### झारखंड में एसएसबी जवान के पत्नी की गोली मारकर हत्या, पति पर अवैध संबंध का आरोप

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मांडर-टांगरबसली मुख्य पथ पर कोयल नदी के समीप अपराधियों ने एसएसबी जवान की पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना को अपराधियों ने मंगलवार को उस वक्त अंजाम दिया, जब महिला स्कूटी से बेड़ो स्थित अपने मायके जा रही थी। मृतका का नाम गीता भगत है और वह रानीचांचो नवाटोली की निवासी थी। मामले में मायके वालों ने गीता के पति एसएसबी जवान विजय भगत पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया जा रहा है कि अपराधी पहले से ही घात लगाकर बैठे थे। जैसे ही गीता वहां पहुंची अपराधियों ने गोली दाग दी। गोली उनकी कनपट्टी को पार कर गई। गीता को आनन-फानन में रिम्स ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गयी।

**जवान का था अवैध संबंध:** गीता के परिजनों ने पुलिस को बताया कि विजय का दूसरी महिला के साथ संबंध था। विजय उस महिला को साथ रखना चाहता था।

# प्रदेश में फिर बढ़ेगी गर्मी, छह अप्रैल तक लू चलने का येलो अलर्ट



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में तीन से चार दिन तेज गर्मी पड़ेगी। कोल्हान और संताल परगना इलाकों में चार से छह अप्रैल के बीच लू (हीट वेव) चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, गुरुवार से रांची तीन दिन तपेगी। छह अप्रैल के बाद मौसम में बदलाव आएगा। इस दौरान बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के उपर हल्के बादल छाएंगे। कहीं-कहीं गरज के साथ बारिश होने से मौसम में मामूली बदलाव आएगा। हालांकि, पिछले 24 घंटे के दौरान चलनेवाली नम हवा के कारण तापमान में मामूली गिरावट आयी।

### जमशेदपुर व पाकुड़ का पारा 39.9 डिग्री

राज्य में सबसे अधिक तापमान जमशेदपुर और पाकुड़ का रहा। रांची का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, जमशेदपुर और पाकुड़ का अधिकतम तापमान 39.9 व मेदिनीनगर का 39.6 डिग्री दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे के दौरान तापमान गिरने के बाद भी राज्य में तापमान सामान्य से अधिक है। जमशेदपुर में यह करीब दो डिग्री अधिक है। शेष भाग में भी यह कुछ जिलों को छोड़कर एक डिग्री तक अधिक है। जमशेदपुर का न्यूनतम 23.2 डिग्री सबसे अधिक है।

### नम हवाओं के कारण राजधानी का एक डिग्री पारा गिरा

मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड और पड़ोस राज्यों के वातावरण में मौसम में बदलाव के लक्षण फिलहाल नहीं हैं। पश्चिमी दिशा से आ रही पछुवा हवा का रुख होने के बावजूद बीच-बीच में बदलाव होने से नम हवाएं भी आ रहीं हैं। इससे तापमान में मामूली कमी आयी है। जमशेदपुर, रांची, मेदिनीनगर, बोकारो आदि शहरों के तापमान पिछले 24 घंटों के दौरान करीब एक डिग्री तक नीचे गिरा है। लेकिन, अगले तीन से चार दिनों में दो से तीन डिग्री वृद्धि होने का अनुमान है।

झारखंड में अगले चार से छह अप्रैल के बीच संताल परगना और कोल्हान प्रमंडल के जिलों में कहीं-कहीं हीट वेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। छह के बाद रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। -अभिषेक आनंद, मौसम वैज्ञानिक, रांची

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद बताते हैं कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि अप्रैल माह में 4 और 5 तारीख को राज्य के दक्षिणी पूर्वी हिस्से यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां के अलावे देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा और साहिबगंज में हीट-वेव का असर देखने को मिलेगा। इसे लेकर विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है।

शहर में 2 से 4 अप्रैल के बीच सभी स्कूल खुल जाएंगे। गर्मी की तपिश को देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि आगामी दिनों बच्चों को कितनी मुश्किल होगी। गर्मी के असर को देखते हुए शिक्षा विभाग भी अलर्ट मोड पर है। जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के द्वारा नए शैक्षणिक सत्र के दौरान गर्मी पर भी नजर रखी जा रही है।

आगामी दिनों में अगर गर्मी का असर बढ़ा और हीट-वेव जैसी स्थिति राजधानी में उत्पन्न हुई तो कदम उठाए जाने की बात कही जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची से जारी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सिर्फ रांची, खूंटी, जामताड़ा सिमडेगा, गुमला, हजारीबाग और चतरा का तापमान 35 व 36 डिग्री के आसपास है।

शेष जगहों पर तापमान या तो 40 के पार है या फिर 40 के आसपास है। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य में कुछ जगहों पर मेघगर्जन, आंधी और ओलावृष्टि के साथ हल्की वर्षा हुई है। सबसे अधिक वर्षा 19.3 मिमी गढ़वा के नगर उंटारी में रिकॉर्ड की गई। वहीं, सबसे अधिक अधिकतम तापमान पाकुड़ का 41.5 डिग्री सेल्सियस जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 19.7 डिग्री डाल्टेनगंज का रिकार्ड किया गया। वहीं, राजधानी रांची की बात करें तो अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## हाईकोर्ट में पेश हुआ सुरक्षा के लिए एसओपी का ड्राफ्ट

**रांची , एजेंसी।** झारखंड सरकार ने विदेशी पर्यटकों के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। दुमका में विदेशी महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में हाईकोर्ट में एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की खंडपीठ में स्वतः संज्ञान याचिका पर सुनवाई के दौरान सरकार ने यह ड्राफ्ट पेश किया। इसमें कहा गया है कि विदेशी पर्यटकों और आम लोगों की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर-112 बनाया गया है। हेल्पलाइन नंबर 112 का एप भी है, जिसमें आपात स्थिति में मदद के लिए एसओएस बटन भी है। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर-181 बनाया गया है। एसओपी में कहा गया है कि विदेशी पर्यटकों को झारखंड में प्रवेश के दौरान चेकनाका पर पुलिस को अपने बारे में पूरी जानकारी देनी होगी, ताकि पुलिस उन्हें बता सके कि कहां जा सकते हैं और कहां नहीं जा सकते। इसके साथ ही विदेशी पर्यटकों को सुरक्षा भी मुहैया कराई जा सकेगी। पिछली सुनवाई में सरकार की ओर से बताया गया था कि वह विदेशी पर्यटकों की सहायता और सुरक्षा को लेकर गंभीर है। जल्दी ही इस संबंध में एसओपी लागू की जाएगी। गौरतलब है कि हाल ही में दुमका के हंसडीहा में एक स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। हाईकोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर इस मामले की सुनवाई कर रहा है। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान सरकार से राज्य में कानून-व्यवस्था पर भी रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने पूछा है कि एक महीने के भीतर राज्य में महिला हिंसा, भू-माफिया द्वारा जमीन कब्जा, रंगदारी और अन्य गंभीर अपराध के कितने केस दर्ज हुए, इसकी पूरी जानकारी दें। अब इस मामले में चार अप्रैल को अगली सुनवाई होगी।

### स्थायीकरण को लेकर प्रबंधन से मिले टीएसडीपीएल के ठेकाकर्मी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटा स्टील डाउन स्ट्रीम प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीएसडीपीएल) के ठेका मजदूर चयन होने के बावजूद स्थायीकरण का गेटपास नहीं मिलने पर कंपनी के महाप्रबंधक से मिले। ठेकाकर्मियों ने सोमवार को जीएम से मिलकर पूछा कि परीक्षा और इंटरव्यू का रिजल्ट आने के बाद भी उनका स्थायीकरण क्यों नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि प्रबंधन ने यह कहकर मामले को टाल दिया कि इस मुद्दे पर बाद में चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि श्रम एवं नियोजन विभाग चयनित ठेकाकर्मियों के डोमिसाइल की जांच कर रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद ही उनके डोमिसाइल की जांच होगी। यह बात सामने आने के बाद ठेकाकर्मी दो दिन पहले प्रबंधन से मिला था।

## चुनाव से पहले गिरिनाथ सिंह ने छोड़ा भाजपा का साथ, राजद में हुए शामिल; चतरा से दावेदारी




**रांची, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के पहले नेताओं के पार्टी छोड़कर दूसरे दलों में जाने का दौर लगातार जारी है। 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले राजद छोड़ भाजपा में शामिल हुए गिरिनाथ सिंह मंगलवार को फिर से राजद में शामिल हो गए। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद से स्वीकृति मिलने के बाद बिहार प्रदेश राजद कार्यालय, पटना में उन्हें दोबारा पार्टी की सदस्यता दी गई। इस दौरान राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दिकी, राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव उपस्थित थे। राजद में शामिल होने के बाद माना जा रहा है कि चतरा सीट से पार्टी उन्हें प्रत्याशी बना सकती है।

**चार बार विधायक रह चुके हैं गिरिनाथ :** गढ़वा विधानसभा से चार बार विधायक रह चुके गिरिनाथ सिंह राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। पिता गोपीनाथ सिंह के निधन के बाद वर्ष 1993 के उपचुनाव में गिरिनाथ जनता दल के टिकट पर पहली बार चुनाव जीते थे। इसके बाद 1995, 2000 और 2005 के चुनाव में वह फिर से विधायक बने। 1997 के तत्कालीन राबड़ी देवी मंत्रिमंडल सरकार में वह पीएचईडी मंत्री भी रह चुके हैं। 2009 के चुनाव में झाविमो प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी से हार मिलने के बाद उन्हें प्रदेश राजद अध्यक्ष बनाया गया। 2005 के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद उन्होंने तत्कालीन शिबू सोरेन की अल्पकालीन सरकार में संसदीय कार्य मंत्री का भी पद संभाला। 28 मार्च 2019 को वह भाजपा में चले गए थे।

**तमाम बड़े नेताओं ने दी बधाई:** गिरिनाथ सिंह के घर वापसी पर राजद के तमाम बड़े नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में राष्ट्रीय जनता दल के बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, अब्दुल बारी सिद्दीकी, भोला प्रसाद यादव सहित प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार आदि शामिल हैं। प्रदेश स्तरीय नेताओं का कहना है कि गिरिनाथ सिंह की घर वापसी से पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय जनता दल और मजबूत होगा।



### नेशनल ताइक्कांडों में रोहित को सिल्वर मेडल

**जमशेदपुर, एजेंसी।** नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप में देवघर के रोहित कुमार को सिल्वर मेडल मिला। यह चैंपियनशिप चंडीगढ़ में 29 और 30 मार्च को आयोजित हुई थी। झारखंड के देवघर के रोहित कुमार ने बेहतर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में झारखंड से प्रेसिडेंट धीरज शर्मा और महासचिव राजकुमार सिंह उपस्थित थे। सीपीएसएफआई स्पोर्ट्स के प्रेसिडेंट राजेश तोमर और पंजाब स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अधिकारी भी उपस्थित थे। झारखंड के एरिया डायरेक्टर जगन्नाथ बेरा और वाइस प्रेसिडेंट विजय मोहन ने बच्चों को बधाई दी।

## नौ से शुरू हो रहा है हिंदूओं का नया साल, 11 को निकलेगी सरहुल की शोभायात्रा; 17 को निकलेगा रामनवमी का जुलूस



**रांची, एजेंसी।** चैत से हिंदू नए साल का आगाज हो जाता है। नौ अप्रैल को नया साल शुरू हो जाएगा। इसके बाद आदिवासियों का भी नया साल इसी चैत माह से ही प्रारंभ होता है और फिर बंग समुदाय का भी नूतन वर्ष। इस बार ईद का पर्व भी 11 या 12 को मनाया जाएगा।

वहीं, 11 अप्रैल को गणगौर पूजा भी मारवाड़ी समाज मनाएगा। हालांकि 16 दिनों का यह उत्सव चल रहा है। 11 को गणगौर पूजा के दिन ही प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। ईसाई समुदाय का प्रभु का जन्म संदेश आठ अप्रैल को है। 14 को पास्का का तीसरा रविवार है। अप्रैल हर धर्म-समाज के लिए महत्वपूर्ण है।

नौ अप्रैल से वासंतिक नवरात्र प्रारंभ हो रहा है। इसी दिन के से नया संवत 2081 का भी श्री गणेश हो रहा है। पं रामदेव पांडेय ने बताया कि इसी सप्ताह चैती छठ भी है। 14 अप्रैल को छठ पर्व मनाया जाएगा। 15 को सप्तमी पारण है। नवरात्र का कलश स्थापना नौ अप्रैल को है। साल में दो नवरात्र मनाया जाता है। शारदीय व वासंतिक। इसी समय चैती दुर्गा पूजा भी मनेगी।

धुर्वा में बंगाली समाज चार दिनों की चैती दुर्गा पूजा का आयोजन करता है। हर संध्या यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम होता है। कोलकाता से भी कलाकार यहां आते हैं। गीत-नृत्य से लेकर काव्यपाठ होता है। पूरे शहर का बंग समाज यहां चार दिनों तक उत्सव में सराबोर रहता है। वहीं, नए साल पर बड़ा तालाब में दीपदान का भी आयोजन किया जाता है।

वैसे तो आदिवासी समुदाय कोई एक दिन पर्व नहीं मनाता है। वह पूरे माह मनाता है। पर, रांची में प्रकृति पर्व सरहुल की शोभायात्रा साठ के दशक में शुरू हुई थी। इस बार 11 अप्रैल को सरहुल की शोभायात्रा निकलेगी। इसमें करीब रांची और आसपास के सैकड़ों संगठन के लोग भाग लेते हैं। तरह-तरह की झांकियां निकलती हैं। मांदर-ढोल-नगाड़े की थाप पर आदिवासी समाज नृत्य करता हुआ सिरमटोली पहुंचता है। यहीं पर इसका समापन होता है। बांग्ला समाज का नया साल 14 अप्रैल से शुरू होगा। हालांकि उत्सव में अभी से बंग समुदाय के लोग जुट गए हैं। डा. पंपासेन विश्वास कहती हैं कि 14 अप्रैल का धूमधाम से नए साल का स्वागत किया जाएगा। जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

कथाकार पंकज मित्र कहते हैं कि पोइला बोइशाख यानी बांग्ला कैलेंडर के प्रथम माह बैशाख के प्रथम दिवस पर आयोजित होनेवाले छोटे-बड़े समारोहों में राष्ट्रगान की तरह ही अनिवार्यतः गाया जानेवाला यह गीत नववर्ष का आगमनी गीत तो है ही बांग्ला की जातीय स्मृति का अभिन्न अंग भी रहा है।

शारदीय नवरात्र के आरंभ होने से पूर्व जिस तरह महिषासुरमर्दिनी या महालया का पाठ एवं गायन बंगभाषी समुदाय की नस-नाड़ी में स्फुरण भर देता है, वैसे ही एशो हे बोइशाख के गायन से नववर्ष के आगमन का संकेत रुधिर वाहिकाओं में नगाड़े की तरह बजने लगता है। यूनियन क्लब, देशप्रिय क्लब, मेकान कम्युनिटी हॉल में इस दिन विशेष कार्यक्रम होंगे।

होली के बाद प्रथम मंगलवार से ही रामनवमी का उत्सव शुरू हो जाता है। हर मंगलवार को अखाड़े महावीर चौक पर प्रदर्शन करते हैं। इस बार शहर में 17 को रामनवमी का भव्य जुलूस निकलेगा। करीब पूरा शहर ही सड़कों पर उतर जाता है। हर घर पर महावीरी पताका भी फहराने लगता है।

राम भले अयोध्या में प्रकट हुए हों, पर, झारखंड की रामनवमी देश में प्रसिद्ध है। इसकी शुरुआत सौ साल पहले हजारीबाग से हुई थी और इसके बाद रांची से। अब झारखंड के कई जिलों से रामनवमी का जुलूस निकलता है। अखाडें अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते हैं। विश्व प्रसिद्ध बैंड और भजन गायक भी यहां अपना कार्यक्रम देते हैं।

### एसएसपी ने पटमदा के क्लस्टरों का किया निरीक्षण

**जमशेदपुर/पटमदा, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल (एसएसपी) ने पटमदा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बनाए गए क्लस्टरों में समुचित व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, पटमदा डीएसपी वचनदेव कुजूर, सर्किल इंस्पेक्टर कौशेलेन्द्र कुमार, पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत व बोड़ाम थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह शामिल थे। वरीय पुलिस अधीक्षक ने पटमदा के पश्चिम बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र स्थित जोड़सा उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चौरा उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चुड़दा मध्य विद्यालय व बोड़ाम प्रखंड के लायलम उच्च विद्यालय में बने क्लस्टर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, बिजली, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय व चहारदीवारी आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान जोड़सा उच्च विद्यालय के दो में से एक चापाकल खराब मिला। खराब चापाकल को उन्होंने दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने कमलपुर थाना में बने चेकनाका का निरीक्षण करते हुए मजिस्ट्रेट को कई दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी चारपहिया वाहनों की जांच गंभीरता से करें। आपत्तिजनक सामग्री मिलते ही उसे जब्त कर अविलंब कार्रवाई के लिए इसकी सूचना तत्काल वरीय पदाधिकारियों को दें।

# लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा-आजसू का प्लान, जीत के लिए चलाएंगी साझा अभियान




**रांची, एजेंसी।** एनडीए की बैठक में राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीत का संकल्प भाजपा-आजसू के नेताओं ने लिया। तय हुआ कि सभी सीटों पर सामूहिक अभियान चलाया जाएगा। बैठक में सभी लोकसभा सीटों के प्रत्याशी, जिन सांसदों के टिकट काटे गए उनकी भी उपस्थिति रही।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश पदाधिकारी, लोकसभा उम्मीदवार, लोकसभा प्रभारी, भाजपा-आजसू के जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी उपस्थित थे। बैठक में तय हुआ कि सामूहिक अभियान के लिए प्रखंड से लेकर जिलास्तर पर समन्वय समिति भी बनेगी। झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि देश में 400 सीटों का लक्ष्य एनडीए ने रखा है। झारखंड की 14 सीटों पर जीत के लिए एकजुट होने का आह्वान उन्होंने किया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में एनडीए मजबूत है, जनता एनडीए के साथ है। जनता मोदी को तीसरी बार और मजबूती से प्रधानमंत्री के रूप में देखने को उत्सुक है।

**एनडीए पूरी तरह मजबूत और एकजुट सुदेश:** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि प्रदेश में एनडीए पूरी तरह एकजुट है और मजबूत है। जमीनी स्तर पर दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में समन्वय स्थापित कर प्रचार अभियान को सफल बनाने की परंपरा अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री के लिए केवल एक ही चेहरा हैं नरेंद्र मोदी। जनता मोदी जी को जिताने के लिए संकल्पित है।

**विकसित भारत के संकल्प को करना है पूरा अर्जुन:** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि मोदी सरकार विकसित भारत के संकल्प को तेजी से पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। पिछले दस वर्षों में गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित विकास की मुख्यधारा से जुड़े। 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। भाजपा राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ काम करती है। हमारे लिए देश की सेवा सर्वोपरि है। मुंडा ने कहा कि चुनाव के बीच मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में 100 दिनों में होने वाले कार्यों की तैयारी कर रही है।

**छह को घर-घर झंडा लगाएं भाजपा कार्यकर्ता कर्मवीर:** प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि छह अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस है। कार्यकर्ता इस दिन पार्टी का झंडा अपने-अपने घरों पर अवश्य लगाएं। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने किया। बैठक में प्रदेश महामंत्री सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश, डॉ रविंद्र कुमार राय, विधायक लंबोदर महतो, उमाकांत रजक आदि मौजूद थे।

## हेमंत सोरेन का जेल से संदेश-दलबदलू को टिकट नहीं, पुराने नेताओं को प्राथमिकता

**रांची, एजेंसी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पांच सीटों पर उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर लिए हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जेल से संदेश भिजवाया है कि टिकट बंटवारे में पार्टी को किन बातों का ध्यान रखना है। अब तक झारखंड मुक्ति मोर्चा ने किसी भी सीट से उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है। महागठबंधन में सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय है। जेएमएम के हिस्से पांच सीटें आई हैं।

जेएमएम के हिस्से जो सीट आई हैं उनमें राजमहल, दुमका, गिरिडीह, जमशेदपुर और सिंहभूम की सीट है। जिन सीटों पर सहमति लगभग बन गई है। उनमें रामहल से विजय हांसदा, दुमका से स्टीफन मरांडी, गिरिडीह से मथुरा महतो, सिंहभूम से दशरथ गगराई, जमशेदपुर से सुनील महतो की बेटी स्नेहा महतो के नाम की चर्चा है। हालांकि, अब भी कई और नाम की चर्चा है। जब तक इन सीट पर आधिकारिक ऐलान नहीं होता तब तक कयास जारी रहेंगे।

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पहले ही कहा है कि जब तक कांग्रेस सभी सीटों पर उम्मीदवार का ऐलान नहीं कर देती जेएमएम तब तक अपनी सीटों पर उम्मीदवार का ऐलान नहीं करेगा। कांग्रेस चतरा और पलामू की सीट पर राजद के दावे के बाद अटकी है। पलामू सीट कांग्रेस के खाते में है, लेकिन राजद इस पर दावा कर रहा है।



# ऑफिस में परफॉर्मेंस सुधारने काम करते हैं इमोशंस

खुशी, दुख, चिंता, गुस्साये हर इमोशन आपके किसी न किसी तरह के काम में आपकी परफॉर्मेंस के लिए अच्छे होते हैं। आइए जानते हैं इन इमोशसं का अधिक प्रभावी ढ़ंग से किस तरह उपयोग किया जाए। हालांकि हमने इस बारे में नहीं सोचा होगा कि जो कि काम हम करते हैं, भले ही वह कलिग के ई-मेल का जवाब देना हो या सप्लायर के साथ निगोशिएशन करना हो, हम कई तरह के इमोशंस जैसे खुशी, दुख, चिंता, गुस्सा, गर्व, उत्साह अपने अंदर पाते हैं। कई बार यह इमोशंस हमें हमारी परफॉर्मेंस सुधारने काम करते हैं।

### चिंता : प्रेजेंटेशन के लिए तैयार

हमें चिंता भले ही निगेटिव इमोशन लगे लेकिन यह एक हाई अलर्ट है और हम अपने राह में आने वाले सभी चीजों के लिए तैयार रहते हैं। अब भले ही वह हमारा प्रेजेंटेशन हो या सेल्स कॉल। आप भले ही इस चिंता के भाव से दूर जाना चाहते हों लेकिन एक बार आप इसके फायदें जान लेंगे तो इसके लिए आभारी रहेंगे। अगले बार जब भी आप नर्वस या चिंता महसूस करें तो यह छुपा हुआ रिएक्शन देखें 'नहीं, मैं नर्वस नहीं हूं। मैं अलर्ट हूं और प्रतिक्रिया के लिए तैयार हूं।'

### अच्छा महसूस होना : क्रिएटिविटी में फायदा

एक पॉजिटिव मूड नई बातें सीखने, क्रिएटिव होने और कम क्रिटकिल होने में उपयोगी साबित होता है। पॉजिटिव इमोशन से क्रिएटिविट झलकती है। अगर आप कम महत्वपूर्ण चीजों को आसानी से करना चाहते हैं तो पॉजिटवि मूड मदद कर सकता है। आपने नोटिस किया होगा कि जब आप कोई फैसला लेने वाले होते हैं तो अच्छे मूड में ही होते हैं। अपनी आंखे बंद कीजिए और उन चीजों को याद करें जो आपको आमतौर पर खुशी देती है जैसे कोई पसंदीदा टीवी शो, दोस्त के साथ बातचीत, किताब पढ़ते हुए रिलेक्सेशन, एक अच्छा जोक।

### गुस्सा : एक्शन में तब्दील

पागलपन और गुस्सा आना भले ही निगेटिव इमोशन है लेकिन यह किसी व्यक्ति, वस्तु या आइडिया पर एक्शन लेने के लिए प्रेरित करता है। मान लीजिए एक स्टोर का मालिक लाभ के सामान की कीमतें बढ़ा देता है। लेकिन ऐसा करके वह अपना विश्वास चोटिल कर देता है जो कि उसने अपने ग्राहकों के दिमाग में बनाया था। वह डरता है कि बढ़ती कीमत की वजह से ग्राहकों की नाराजगी बढ़ेगी जो कि वह अवॉइड करना चाहता है। डर की बजाए गुस्से को सोर्स मानना उसकी मदद कर सकता है।

### दुख : आलोचनात्मक सोच

इस इमोशन के कई सरप्राइजिंग इफेक्ट्स है। जब हम दुखी होते हैं तो हम डिसीजन मेकिंग में पूर्वाग्रह में रहते हैं। दुख हमें ज्यादा अच्छी सोच और आलोचनात्मक सोच प्रदान करता है। यानी दुख भी एक वास्तविक स्त्रोत हो सकता है।



# हॉस्पिटल मैनेजमेंट की फील्ड में होगी लाखों की कमाई

**हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है। इस कोर्स को करने के लिए स्टूडेंट का 12वीं कक्षा साइंस स्ट्रीम के साथ पास होना जरूरी है। कोरोना महामारी के बाद हेल्थ सेक्टर में कई बड़े बदलाव हुए हैं। साथ ही कॅरियर के तौर पर भी कई ऑप्शन सामने आए हैं। बता दें कि पहले नर्सिंग और एमबीबीएस कर मेडिकल सेक्टर में कॅरियर बनाया जा सकता था। लेकिन अब इस सेक्टर में मेडिकल की डिग्री के बिना भी आप अपना कॅरियर बना सकते हैं। इन्हीं में से एक कॅरियर ऑप्शन हॉस्पिटल मैनेजमेंट का है।**

हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इस सेक्टर से जुड़े लोगों के अनुसार, स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं के विस्तार के अलावा हॉस्पिटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में भी काम बढ़ रहा है। आइए जानते हैं आप कैसे इस सेक्टर में अपना कॅरियर शुरू कर सकते हैं।

### जानिए क्या है हॉस्पिटल मैनेजमेंट

बता दें कि हॉस्पिटल मैनेजमेंट हेल्थ केयर एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के क्षेत्र में आता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है। इसके अलावा इसका काम यह सुनिश्चित करना है कि हॉस्पिटल आने वाले मरीजों और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो। हॉस्पिटल मैनेजमेंट टीम इन व्यवस्थाओं को सुनियोजित करने का काम भी करती है।

### यहां से करें हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

- अपोलो इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, हैदराबाद
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड मैनेजमेंट, कोलकाता
- आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे
- देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर
- एम्स, नई दिल्ली

### अहम है यह फील्ड

हॉस्पिटल मैनेजमेंट के तहत हॉस्पिटल में चलने वाली कैंटीन से लेकर लिफ्ट तक का कार्यभार ही आता है। किसी भी संचालन में कमी और अस्पताल में होने वाले हादसों की जिम्मेदारी भी हॉस्पिटल मैनेजमेंट की होती है। एक सर्वे के मुताबिक भारत में साल 2025 तक 10 लाख से ज्यादा हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत होगी।

### हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

कई संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट में बैचलर की डिग्री देते हैं। यह कोर्स 3 साल का होता है। इसके अलावा आप इसमें प्रोफेशनल कोर्स में मास्टर्स डिग्री भी प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान समय में हॉस्पिटल मैनेजमेंट के कोर्स में एमबीए वालों को प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं प्राइवेट संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स डिप्लोमा सर्टिफिकेट भी देते हैं।

### क्वालिफिकेशन

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के लिए स्टूडेंट का 12वीं कक्षा साइंस स्ट्रीम के साथ पास होना आवश्यक होता है। यह कोर्स करने के लिए छात्र के 12वीं में बायोलॉजी में न्यूनतम 50% अंक होने जरूरी है। कुछ शैक्षणिक संस्थान इंटरव्यू और टेस्ट के आधार पर भी इस कोर्स में दाखिला देते हैं।

### सैलरी

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के बाद उम्मीदवार 40 से 50 हजार रुपये प्रतिमाह कमाने का मौका मिलता है। इसके अलावा सरकारी संस्थान में एक से डेढ़ लाख रूपए महीने की सैलरी उठा सकते हैं। समय और अनुभव बढ़ने के साथ ही सैलरी में भी बढ़ोतरी होती जाएगी।





# सकारात्मक के लिए करें ये काम

**कई बार हम सकारात्मक सोचने का निर्णय लेते हैं, लेकिन कुछ ही समय में हमारा व्यवहार पहले जैसा हो जाता है। आइए जानें ऐसी पांच बातें, जिनसे हमें हमेशा सकारात्मक रहने में मदद मिलेगी।**

### जो पाना है, उस पर फोकस

हमारी एक गलती से नकारात्मकता हमारी विचार प्रक्रिया में शामिल हो जाती है और वह है एक ही बात के बारे में बार-बार सोचना। किसी भी चीज का परिणाम क्या होगा, यह सोचकर अपना समय बर्बाद करने से अच्छा है कि हम इस बात पर फोकस करें कि हमें क्या अचीव करना है। इससे हमारा काम बेहतर होगा।

### समस्या के साथ सीख

हर समस्या में हमारे लिए एक सीख छिपी होती है और हमें उस सीख को समझकर हमेशा के लिए उसे गांठ बांध लेना चाहिए। हम समस्या से घबराकर नकारात्मक सोचना शुरू कर देते हैं और उल्टे-सीधे कयास लगाते हैं, जिससे समस्या वास्तविकता से ज्यादा बड़ी लगने लगती है। अगर हम सीख को याद रखकर आगे उस पर अमल करें, तो यह हमारे अनुभव को समृद्ध करने का काम करेगा।

### खुद की सराहना

दूसरों के अच्छे काम की तारीफ तो हम सब करते हैं, लेकिन अपने किए हुए अच्छे काम पर शायद ही हम खुद को शाबाशी देते हों। छोटी-से-छोटी चीजों को भी अचीव करने पर हमें खुद की सराहना करनी चाहिए। इससे हमारी विचार प्रक्रिया पर काफी सकारात्मक असर पड़ता है।

### अपनी क्षमताओं पर विश्वास

खुद की क्षमता पर हमेशा भरोसा रखें। खुद पर से आपका विश्वास जितना डगमगाएगा, आपके जीवन में नकारात्मकता भी उतनी ही बढ़ती जाएगी। इसलिए कभी यह मत सोचिए कि कोई काम आप नहीं कर सकते। हमेशा इस पर फोकस करें कि वह काम आप तय समय में कैसे करेंगे।

### अपने रवैये का विश्लेषण

अगर आपको खुद की कोई आदत अच्छी नहीं लगती और न चाहते हुए भी आप बार-बार उसे दोहरते हैं, तो उसे नियंत्रित करने की कोशिश करें। ऐसे व्यवहार से न सिर्फ हमारे अंदर, बल्कि हमारे आसपास भी नकारात्मकता बढ़ती है और लोग हमसे दूर भागते हैं।



**आर्ट रेस्टोरर बनने के लिए सबसे अच्छा कोर्स नेशनल म्युजियम इंस्टीट्यूट (डीम्ड युनिवर्सिटी) से किया जा सकता है। दिल्ली में स्थित यह मशहूर म्युजियम दो साल की मास्टर्स डिग्री यानी एमए इन कंजरवेशन साइंस देता है। इसके बाद आप एक आर्ट रेस्टोरर बन जाएंगे।**

# पुरानी धरोहरों, पेंटिंग्स को संरक्षित करता है आर्ट रेस्टोरर

दिन बदलते हैं, सदियां गुजरती हैं, लोग चले जाते हैं, पर तब भी कई चीजें ऐसी होती हैं, जो पुरानी यादों और पुराने लोगों की याद ताजा कराती रहती हैं। ऐसे में आर्ट कंजरवेशन बहुत जरूरी भूमिका निभाता है। इसके तहत एक आर्ट रेस्टोरर पुरानी धरोहरों, पेंटिंग्स आदि को दोबारा उसी रूप में संरक्षित कर देता है, जैसी वे सदियों पूर्व हुआ करती थीं। उदाहरण के लिए आपके घर में कोई पेंटिंग है, जो 100 साल या फिर 50 साल या इससे भी अधिक पुरानी है। उस पर धूल जम गई है, उसकी चमक फीकी पड़ गई है। उसे देख कर ऐसा लगता है कि अब उसका कोई उपयोग नहीं रह गया। पर वह पेंटिंग आपके दिल के करीब है तो ऐसे में आप किसी आर्ट रेस्टोरर के पास जाकर उसे पुन- उसी रूप में ला सकते हैं, जैसे कि वह वर्षों पहले हुआ करती थी। लाल किला, कुतुब मीनार, ताजमहल जैसी ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखने के लिए आर्ट रेस्टोरर अहम भूमिका निभाते हैं।

आर्ट रेस्टोरर बनने के लिए सबसे अच्छा कोर्स नेशनल म्युजियम इंस्टीटयूट (डीम्ड युनिवर्सिटी) से किया जा सकता है। दिल्ली में स्थित यह मशहूर म्युजियम दो साल की मास्टर्स डिग्री यानी एमए इन कंजरवेशन साइंस देता है। इसके बाद आप एक आर्ट रेस्टोरर बन जाएंगे। कुछ प्राइवेट संस्थानों ने भी यह कोर्स शुरू किया है, पर नेशनल म्युजियम के आगे वे कहीं भी नहीं टिकते। इस कोर्स के दौरान आपको पेंटिंग रेस्टोरेशन, मेटल वर्क, टेक्सटाइल, पेपर वर्क और मैन्यूस्क्रिप्ट आदि के बारे में ऐसी जानकारी दी जाएगी कि आप इन विषयों के डॉक्टर बन जाएंगे। यह कला से जुड़ा काम है, इसलिए मेहनत इसकी पूंजी है। लकड़ी के फ्रेम तैयार करना या फिर किसी मॉन्यूमेंट की दीवारों पर बांस की बल्ली के सहारे जाकर काम करना, ये सब इसमें शामिल है।

इस कोर्स को करने के बाद आपको आर्ट गैलरी, म्युजियम सहित कई जगहों पर काम मिल जाएगा। शुरू में आपको अनुभव के लिए किसी अच्छे आर्ट रेस्टोरर के साथ काम करना पड़ेगा। अनुभव होने के बाद आप अपना प्राइवेट स्टूडियो शुरू करने के साथ-साथ विदेशों में भी काम कर सकते हैं। स्कूलों और कॉलेजों की लाइब्रेरी भी आपको मौका दे सकती है। हां अब कई बड़ी कंपनियां आर्ट रेस्टोरर को बतौर कर्मचारी भी नियुक्त कर रही हैं। आर्ट रेस्टोरर बन कर आप लाखों रुपये महीने तक कमा सकते हैं। कला के शौकीनों के लिए अहम भूमिका निभाने वाले आर्ट कंजरवेटरों की कमी होने के कारण बहुत से लोग इनसे समय लेकर इंतजार करते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे को भारत के विकास इंजन के रूप मे करेंगे पुनर्जीवित, खरगे ने वंदे भारत की स्पीड को लेकर किया दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को रेलवे की स्थिति पर भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने रेलवे के वित्त, सुरक्षा, साम?र्थ्य और दक्षता को नष्ट कर उसे बर्बाद कर दिया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस रेलवे को भारत के विकास इंजन के रूप में पुनर्जीवित करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने एक्स पोस्ट में कहा कि मोदी शासन में रेलवे बर्बाद हो गई। ट्रेनें महज खुद के प्रचार का साधन बनकर रह गई हैं। उन्होंने दावा किया कि रेलवे आज भी करोड़ों भारतीयों की लाइफलाइन है लेकिन मोदी शासन इसकी स्थिति खराब हो रही है। उन्होंने कैग-2023 का हवाला देते हुए कहा कि समय पर चलने वाली मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों की संख्या 2012-13 में 79 प्रतिशत से घटकर 2018-19 में 69.23 प्रतिशत रह गई। उन्होंने दावा किया कि 58,459 करोड़ रुपये में से केवल 0.7 प्रतिशत धनराशि ट्रैक नवीनीकरण पर खर्च की गई। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि वंदेभारत हाई स्पीड ट्रेन की औसत गति 180 किमी प्रति घंटे की बजाय महज 83 किमी प्रति घंटा है। उन्होंने 750 रेलवे स्टेशनों में से 30 प्रतिशत के साथ-साथ 2031 तक सभी मालगाड़ियों का निजीकरण किए जाने का दावा किया।

### अरुणाचल प्रदेश के होटल में मृत मिले केरल के तीन लोग, पुलिस कर रही जांच; काले जादू का शक

**तिरुवनंतपुरम , एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। अरुणाचल प्रदेश के एक होटल के कमरे में केरल के तीन लोग मृत मिले हैं जिनमें दो महिलाएं और पुरुष था। केरल पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए मंगलवार को कहा कि वह राज्य के तीन लोगों की मौत के मामले में अरुणाचल प्रदेश में एक टीम भेजेगी, इन अटकलों के बीच कि उनकी मौत के पीछे काला जादू हो सकता है। हालाँकि, केरल पुलिस ने कहा कि वह फिलहाल यह नहीं कह सकती कि इस घटना के पीछे काले जादू है। तिरुवनंतपुरम शहर के पुलिस आयुक्त सी नागराजू ने कहा कि तीनों में एक विवाहित जोड़ा है और एक महिला अलग है। जब तक उनके मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच नहीं हो जाती, तब तक निर्णायक रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता है। पुलिस ने होटल के कर्मचारियों के हवाले से कहा कि केरल के कोट्टायम के 39 वर्षीय नवीन थॉमस 28 मार्च को तिरुवनंतपुरम की रहने वाली अपनी पत?नी देवी बी (39) और अपने दोस्त आर्य बी नायर (29) के साथ होटल में ठहरने आए थे। उन्होंने यह भी कहा कि इसकी जांच की जानी चाहिए कि तीनों वहां क्यों गए और उनकी मौत कैसे हुई। अधिकारी ने यह भी कहा कि प्रथम दृष्टया उनके पास ऐसे किसी अन्य समूह के बारे में जानकारी नहीं है।

### चीन ने बदले अरुणाचल के इलाकों के नाम तो भड़के असम के सीएम, केंद्र सरकार से तिब्बत को लेकर की ये मांग

**दीफू (असम)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को भारत सरकार से अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयासों के जवाब में ÷जैसे को तैसा÷ दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। सरमा ने सुझाव दिया कि भारत को चीन के 60 ÷तिब्बती क्षेत्रों÷ को अपना नाम देकर इसका प्रतिकार करना चाहिए। सरमा ने यहां संवाददाताओं से कहा, भारत सरकार से मेरा अनुरोध है कि हमें चीन के तिब्बती क्षेत्रों को 60 भौगोलिक नाम देने चाहिए। यह कहते हुए कि यह हमेशा जैसे को तैसा होना चाहिए, सीएम ने कहा, लेकिन मैं कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता क्योंकि यह भारत सरकार का नीतिगत निर्णय है। लेकिन अगर उन्होंने 30 का नाम लिया है तो हमें 60 का नाम देना चाहिए। भारतीय राज्य पर अपने दावे को फिर से जोर देने के लिए हाल के हफ्तों में बीजिंग के बढ़ते दावों के बीच चीन ने अरुणाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की थी।नाम बदलने के चीन के प्रयासों को दृढ़ता से खारिज कर दिया है और कहा है कि मनगढ़ंत नाम बताने से यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि राज्य भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है, है और हमेशा रहेगा।

# चुनाव आयोग ने विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किए, प्रशासन-सुरक्षा और खर्च की करेंगे निगरानी




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
चुनाव आयोग ने आगामी लोकसभा चुनावों के दौरान समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को कई राज्यों में प्रशासनिक, सुरक्षा और व्यय निगरानी उद्देश्यों के लिए विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की। चुनाव पैनल ने कहा कि विशेष पर्यवेक्षकों - शानदार ट्रैक रिकॉर्ड वाले पूर्व सिविल सेवकों - को कड़ी निगरानी के साथ चुनावी प्रक्रिया की निगरानी करने का काम सौंपा गया है। पैनल ने कहा कि खासकर धन, बाहुबल और गलत सूचना के प्रभाव से उत्पन्न चुनौतियों की पृष्ठभूमि में जिम्मेदारी दी गई है। चुनाव आयोग ने कहा कि विशेष पर्यवेक्षकों (सामान्य और पुलिस) को पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार में तैनात किया गया है, जहां की आबादी सात करोड़ से अधिक है। आयोग ने कहा कि आंध्र प्रदेश और ओडिशा में लोकसभा चुनावों के साथ विधानसभा चुनाव भी होने हैं। इसमें कहा गया है कि आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में विशेष व्यय पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं। चुनाव पैनल ने कहा कि विशेष पर्यवेक्षक राज्य मुख्यालय में तैनात रहेंगे और यदि जरूरत पड़ी तो उन क्षेत्रों का दौरा करेंगे जहां संवेदनशीलता अधिक है और आवश्यक समन्वय की आवश्यकता है। पैनल ने कहा कि वे अपने काम में हस्तक्षेप किए बिना, जहां भी आवश्यक हो, संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों, विधानसभा सीटों या जिलों में तैनात पर्यवेक्षकों से समय-समय पर अपेक्षित इनपुट मांग सकते हैं। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें निगरानी गतिविधियों में शामिल विभिन्न एजेंसियों के क्षेत्रीय प्रमुखों और नोडल अधिकारियों के साथ इनपुट मांगने और समन्वय करने का भी आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि विशेष पर्यवेक्षकों का सीमावर्ती क्षेत्रों पर विशेष ध्यान होगा और वे प्रलोभनों की आमद को रोकने की दिशा में काम करेंगे और जनता की शिकायतों के निवारण पर इनपुट मांगने पर भी काम करेंगे। इसके अलावा उनके एजेंडे में झूठे विमर्श गढ़े जाने का मुकाबला करने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए मतदान से पहले आखिरी 72 घंटों की निगरानी करना भी शामिल है। सेवानिवृत्त आईएएस मंजीत सिंह को बिहार में सामान्य विशेष पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया गया है, वहीं पूर्व आईपीएस विवेक दुबे को राज्य में पुलिस विशेष पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया गया है। धर्मेंद्र एस गंगवार को सामान्य विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया है, जबकि पूर्व आईपीएस एनके मिश्रा को पुलिस विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया है। उत्तर प्रदेश में, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अजय वी नायक सामान्य विशेष पर्यवेक्षक हैं और पूर्व आईपीएस अधिकारी मनमोहन सिंह पुलिस विशेष पर्यवेक्षक हैं। इसी तरह, आंध्र प्रदेश में सामान्य विशेष पर्यवेक्षक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी राम मोहन मिश्रा हैं और पुलिस विशेष पर्यवेक्षक पूर्व आईपीएस दीपक मिश्रा हैं जो कभी दिल्ली पुलिस में थे।

# ईडी ने महुआ मोइत्रा पर दर्ज किया मनी लॉड्रिंग का केस, कारोबारी हीरानंदानी पर भी की कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
ईडी ने पैसे लेकर प्रश्न पूछने के मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के खिलाफ मनी लॉड्रिंग का मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सीबीआइ की एक प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए ईडी ने दो-तीन दिन पहले दोनों के खिलाफ इन्फोर्समेंट केस इन्फार्मेशन रिपोर्ट (ईसीआइआर) दर्ज की। यह पुलिस प्राथमिकी के बराबर है। ईडी द्वारा महुआ और हीरानंदानी के खिलाफ दर्ज किया गया यह दूसरा मामला है। विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के नियमों के उल्लंघन मामले में ईडी दोनों के खिलाफ एक और केस दर्ज किया था। इस मामले में मोइत्रा और दुबई में रह रहे व्यवसायी हीरानंदानी को पूछताछ के लिए समन भेजे थे, लेकिन वे अन्य कार्यक्रमों में व्यस्तता का हवाला देकर ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। सीबीआइ ने प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पिछले महीने महुआ के परिसरों पर तलाशी ली थी। सीबीआइ अधिकारियों ने कहा था कि लोकपाल के निर्देश पर सीबीआइ ने महुआ और हीरानंदानी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। लोकपाल ने ईडी को छह महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। पैसे लेकर प्रश्न पूछने के मामले में लोकसभा ने पिछले साल अनैतिक आचरण के लिए महुआ को निष्कासित कर दिया था। लोकपाल ने महुआ के खिलाफ भाजपा के लोकसभा सदस्य निशिकांत दुबे के आरोपों की प्रारंभिक जांच के निष्कर्ष के बाद सीबीआइ को निर्देश दिए हैं। निशिकांत ने आरोप लगाया कि महुआ ने उद्योगपति गौतम अदाणी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत अन्य पर हमला करने के लिए हीरानंदानी से पैसे और उपहार लेकर लोकसभा में सवाल पूछे थे। हालांकि, महुआ ने सभी आरोपों से इनकार किया है।



## आईएनडीआईए उपयोग न करने संबंधी याचिका पर केंद्र व विपक्षी दलों को आखिरी मौका




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाई कोर्ट ने आईएनडीआईए (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) नाम का उपयोग करने से रोकने की मांग याचिका पर केंद्र और कई विपक्षी दलों को जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका दिया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि आईएनडीआईए नाम का उपयोग करके पार्टियां हमारे देश के नाम पर अनुचित लाभ ले रही हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका पर एक सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। अदालत ने याचिका पर सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाने से इनकार करते हुए कहा कि याचिका पर 10 अप्रैल को अगली सुनवाई और निपटारा करने का प्रयास किया जाएगा। याचिकाकर्ता गिरीश भारद्वाज ने इस आधार पर मामले की जल्द सुनवाई की मांग की गई थी कि याचिका अगस्त, 2023 से लंबित है और दलीलें अभी तक पूरी नहीं हुई हैं। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि केंद्र सरकार और विपक्षी दलों को पहले ही आठ अवसर दिए जा चुके हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। अधिवक्ता सिद्धांत कुमार ने अदालत को बताया कि चुनाव आयोग पहले ही इस मामले में अपना जवाब दाखिल कर चुका है। नवंबर, 2023 में केंद्र सरकार के अधिवक्ता ने मामले में अदालत से जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते या 10 दिन का और समय देने का अनुरोध किया था। वहीं, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक सहित नौ राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि याचिका के खिलाफ प्रारंभिक आपत्तियां थीं और सुप्रीम कोर्ट पहले ही इस मुद्दे से निपट चुका है। याचिकाकर्ता ने 26 राजनीतिक दलों द्वारा आईएनडीआईए नाम के उपयोग पर रोक लगाने और प्रतिवादी राजनीतिक गठबंधन द्वारा इंडिया के साथ राष्ट्रध्वज के उपयोग पर रोक लगाने के लिए अंतरिम आदेश जारी करने की मांग की है।

# दिल्ली में मनमानी पर उतरे प्राइवेट स्कूल, ईडब्लयूएस छात्रों को घर भेजा; पैरेंट्स-स्टूडेंट्स ने किया विरोध-प्रदर्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के निजी स्कूलों में आर्थिक पिछड़ा वर्ग (ईडब्लयूएस)/वंचित वर्ग श्रेणी के बच्चों को परेशान करने का सिलसिला जारी है। द्वारका सेक्टर-12 स्थित एक नामी स्कूल ने फीस जमा न करने पर ईडब्ल्यूएस श्रेणी के छात्रों को वापस घर भेज दिया। इससे नाराज अभिभावकों ने मंगलवार को विरोध-प्रदर्शन किया। इनको संभालने के लिए पुलिस तक बुलानी पड़ गई।

अभिभावकों ने आरोप लगाया कि स्कूल बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए उन्हें फीस भुगतान के लिए बाध्य कर रहा है। ऐसा न करने पर स्थानांतरण प्रमाणपत्र लेने का दबाव बनाया जा रहा है। प्रदर्शनकारी अभिभावक अखिलेश ने बताया कि उनका बेटा नौवीं में पढ़ता है। सातवीं में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत दाखिला हुआ था। स्कूल अब दोबारा दाखिले के नाम पर 90 हजार रुपये फीस मांग रहा है। इसके लिए तिमाही में भुगतान का भी विकल्प दिया गया है, जबकि नियमों के मुताबिक 12वीं तक निशुल्क पढ़ाने का प्रावधान है।

इस स्कूल को लेकर शिक्षा निदेशालय के क्षेत्रीय, जिला सहित निजी स्कूल शाखा के मुख्यालय में शिकायत दी गई है। इसके बावजूद स्कूल मनमानी पर अड़ा है। मंगलवार को ईडब्ल्यूएस छात्रों को वापस घर भेज दिया। उन्हें कक्षा में घुसने नहीं दिया गया। छात्रों ने भी स्कूल के बाहर धरना देकर पढ़ाई के अधिकार को लेकर विरोध दर्ज कराया। यहां ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 50 से अधिक बच्चे हैं। उत्तर-पूर्वी दिल्ली स्थित नूर ए इलाही निवासी सागर इश्राक भी भांजी के दाखिले को लेकर परेशान हैं। उन्होंने बताया कि भांजी गोंडा के एक निजी स्कूल में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत पढ़ती है। अब छठी कक्षा में आई है। शिक्षक ने फोन कर ईडब्ल्यूएस के तहत बच्ची की पढ़ाई जारी रखने से मना कर दिया। स्थानांतरण प्रमाणपत्र भी लेने का दबाव बनाया जा रहा है। बता दें कि हाल ही में शिक्षा निदेशालय ने एक आदेश जारी किया था, जिसके अनुसार सरकारी निकायों की जमीन पर संचालित होने वाले निजी स्कूल नए सत्र 2024-25 के लिए आर्थिक पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस) / वंचित वर्ग (डीजी) / विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) पर फीस भुगतान करने और स्थानांतरण प्रमाणपत्र लेने के लिए दबाव नहीं बना सकते हैं। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय की निजी स्कूल शाखा ने आदेश जारी किया है।

## केरल में पीएफआई की राजनीतिक शाखा एसडीपीआई करना चाहती है यूडीएफ को समर्थन

**वायनाड , एजेंसी।**
केरल भाजपा ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) को सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के मिल रहे समर्थन पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। एसडीपीआई प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की राजनीतिक शाखा है। लपुझा लोकसभा सीट से प्रत्याशी और कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एसडीपीआई से कभी मदद नहीं मांगी और इस संबंध में कोई चर्चा नहीं हुई है। केरल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीसन ने मीडिया से कहा कि यूडीएफ और एसडीपीआई के बीच कोई सहमति नहीं बनी है।

**एसडीपीआई ने यूडीएफ को समर्थन करने को कहा:** एक दिन पहले एसडीपीआई के प्रदेश नेतृत्व ने कहा था कि पार्टी ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की अगुआई वाले यूडीएफ का समर्थन करने का निर्णय लिया है। वायनाड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को चुनौती दे रहे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के.



सुरेंद्रन ने मंगलवार को आरोप लगाया कि यह संगठन देश को तोड़ने के प्रयास में जुटा है।

**एसडीपीआई पर हिंदुओं को मारने का आरोप:** भाजपा नेता ने एसडीपीआई और पीएफआई पर हिंदुओं और ईसाइयों को मारने, मंदिरों और चर्चों को नष्ट करने और भाजपा नेताओं एवं धार्मिक प्रमुखों पर हमला के अपने इरादे की खुलेआम घोषणा करने का आरोप लगाया।

**सांसद राहुल अपनी स्थिति स्पष्ट करें-भाजपा:** सुरेंद्रन ने कहा कि एसडीपीआई ने 20 निर्वाचन क्षेत्रों में खुलेआम कांग्रेस का समर्थन करने की घोषणा की है। पीएफआई प्रतिबंधित है और ऐसी पार्टी कांग्रेस का समर्थन करने जा रही है। सुरेंद्रन ने कहा कि दिन में धर्मनिरपेक्षता के बारे में बोलने वाले वायनाड के सांसद राहुल अपनी स्थिति स्पष्ट करें।

## झूठी सूचनाओं पर अब चुप नहीं बैठेगा चुनाव आयोग, करेगा पर्दाफाश; पोर्टल लॉन्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव के दौरान किसी भी तरह की झूठी सूचनाओं और अफवाहों से निपटने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ी पहल की है। इसके तहत अब ऐसी किसी झूठी सूचना या अफवाह पर आयोग चुप नहीं बैठेगा, बल्कि वह ऐसी सूचनाओं की सच्चाई का पर्दाफाश भी करेगा। चुनाव आयोग ने यह पहल चुनाव के दौरान चुनावी प्रक्रिया से जुड़ी गतिविधियों को लेकर किए जाने वाले दुष्प्रचार से निपटने के लिए शुरू की है। आयोग ने इसके तहत अपनी वेबसाइट पर मिथ वर्सेस रियलटी नाम से एक पोर्टल भी लॉन्च किया है। जिसमें अब वह ऐसी प्रत्येक सूचनाओं को प्रदर्शित करेगा और साथ ही इसकी सच्चाई के बारे में भी बताएगा। आयोग का इस दौरान सबसे अधिक फोकस सोशल मीडिया पर फैलाए जाने वाले इससे जुड़े झूठ पर है। आयोग का मानना है कि इससे चुनाव की साख प्रभावित होती है। साथ ही चुनावी प्रक्रिया पर लोगों के भरोसे को भी कमजोर कर रही है।

## फरीदाबाद में छापा मारने गई पुलिस टीम पर पथराव, महिलाओं ने भी किया अटैक; तीन घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फरीदाबाद के बड़खल गांव में सोमवार देर रात सट्टा लगाने वालों के ठिकाने पर छापेमारी करने पहुंची हरियाणा पुलिस की अपराध शाखा की टीम पर लोगों ने पथराव कर दिया जिससे पुलिस की गाड़ी के शीशे टूट गए, जबकि तीन पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अपराध शाखा के प्रभारी नवीन ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि बड़खल के रहने वाले अख्तर के घर में आईपीएल मैच को लेकर सट्टा लगाया जा रहा है, जिसके बाद उनकी टीम लगभग 10 बजे बीती रात वहां पर छापेमारी करने पहुंची थी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि अपराध शाखा की टीम को आता देख सट्टा लगाने वाले सभी लोग मौके से फरार हो गए। आरोपियों की तलाश में जब टीम ने आसपास के घरों में तलाशी लेनी शुरू की तो वहां पर मौजूद महिलाओं व पुरुषों ने उन पर पथराव कर दिया, जिसके चलते पुलिस की गाड़ी का शीशा टूट गया और तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। अपराध शाखा सेक्टर 30 के प्रभारी नवीन ने बताया कि उनकी टीम पर हुए पथराव में हेड कांस्टेबल सहदेव और संदीप घायल हुए हैं।

# भयंकर गर्मी में बिजली की किल्लत से बचाने की कोशिश जारी

### बिजली मंत्री की अध्यक्षता में हुई हाईलेवल मीटिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
मौसम विभाग ने वर्ष 2024 में भारत के बड़े हिस्सों में सामान्य से ज्यादा गर्मी पड़ने का अंदेशा जताया है। इस सूचना के बाद बिजली मंत्रालय ने भी पूरे देश में बिजली सेक्टर को तैयार करने को लेकर रणनीति बनानी शुरू कर दी है। केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक हुई जिसमें देश के सभी बिजली संयंत्रों की स्थिति की समीक्षा की गई।

खास तौर पर उन बिजली संयंत्रों की समीक्षा की गई जिन पर बिजली की मांग का असर ज्यादा पड़ने की संभावना है। बिजली मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि इस बैठक में 5200 मेगावाट क्षमता के ऐसे ताप बिजली संयंत्रों की समीक्षा की गई है जिनमें अभी उत्पादन नहीं हो रहा है। इन संयंत्रों को तैयार करने का निर्देश दिया गया है ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल उत्पादन शुरू किया जा सके।

**बिजली संयंत्रों के रख-रखाव को चरणबद्ध तरीके से करने का निर्देशन** बिजली संयंत्रों के रख-रखाव के काम को चरणबद्ध तरीके से करने का निर्देश दिया गया है। अप्रैल माह में सिर्फ 1700 मेगावाट क्षमता के संयंत्रों का मेंनेटेंनेंस होगा। जबकि जून महीने में 6,000 से 9,000 मेगावाट क्षमता के संयंत्रों का रख-रखाव का काम होगा। यह इसलिए किया गया है कि एक साथ कम क्षमता के संयंत्रों को ही रख-रखाव के लिए बंद किया जाए।

**तकरीबन 25 हजार मेगावाट क्षमता के बिजली संयंत्र बंद:** देश में तकरीबन 25 हजार मेगावाट क्षमता की गैस आधारित बिजली संयंत्र गैस की कमी की वजह से बंद हैं। इसकी भी समीक्षा की गई। मंत्रालय इस बात पर विचार कर रहा है कि इन संयंत्रों को चालू करने के लिए बिजली अधिनियम,



2003 की धारा 11 का इस्तेमाल हो सकता है या नहीं। इस धारा के तहत सरकार के निर्देश के मुताबिक बिजली संयंत्रों को काम करना होगा।

**2023-24 में बिजली की पीक आवर में मांग 2.43 लाख मेगावाट:** सनद रहे कि पहले ही आयातित कोयले वाली बिजली संयंत्रों पर लागू है। इनके लिए धारा 11 को 30 सितंबर, 2024 तक जारी रखने का फैसला किया गया है। सनद रहे कि मौसम विभाग का कहना है कि इस बार देश के अधिकांश हिस्से में भयंकर गर्मी पड़ने वाली है। वर्ष 2023-24 में देश में बिजली की पीक आवर मांग 12.7 फीसद की वृद्धि के साथ 2,43,271 मेगावाट हो गई है। इसके पिछले वित्त वर्ष में बिजली की मांग 7.5 फीसद बढ़ी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी चौरसिया की टीम ने जीता चंडीगढ़ ओपन 2024 का प्रो-एम इवेंट



**चंडीगढ़, एजेंसी।** प्रोफेशनल एसपी चौरसिया और उनकी टीम ने चंडीगढ़ गोल्फ क्लब द्वारा आयोजित निसान द्वारा प्रस्तुत चंडीगढ़ ओपन 2024 का प्रो-एम इवेंट अपने नाम कर लिया है। चौरसिया की टीम में एसपीएस मठारु, दरवेश कुमार और चितवन मान शामिल थे। जिन्होंनें 54.4 का स्कोर बनाया। पेशेवर अजितेश संधू और उनकी टीम में एम्योच्योर अमन चहल, ब्रिगेडियर केजेएस पुरी, संदीप सिंह तूर थे जो कि 54.5 के स्कोर के साथ उपविजेता रहे। 'क्लोजेस्ट टू दी पिन ऑन होल नं 8' कांटेस्ट कर्नल मनबीर हुंडल ने जीता जिन्होंनें पिन के चार फीट के भीतर गेंद लेंड करवाई। जबकि 'क्लोजेस्ट टू दी पिन ऑन होल नं 11' कॉन्टेस्ट कर्नल एसएस गिल के नाम रहा जिन्होंनें गेंद को पिन के दो फीट और दस इंच के भीतर उतारा। प्रीतिंदर सिंह ने 'स्ट्रेटेस्ट ड्राइव ऑन होल नं 5 का खिताब जीता । उनकी ड्राईव फेयरवे के सेंटर से पांच इंच की दूरी पर गिरी। गुरप्रीत सिंह ने लोंगेस्ट ड्राईव ने होल नं 16 का कॉन्टेस्ट जीता। उनकी ड्राइव की दूरी 282 यार्ड थी।

### बिंदिया ने विश्वकप में जीता कांस्य पदक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर की लिफ्टर ने स्नैच में अच्छी शुरुआत नहीं की। उन्होंने यहां 83 किलो की सिर्फ एक लिफ्ट पास की। वह छठे स्थान पर थीं। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 113, 116 की लिफ्ट पास की। रजत जीतने के लिए उन्होंने 119 की लिफ्ट का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं रहीं। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली वेटलिफ्टर बिंदिया रानी देवी ने ओलंपिक क्वालिफायर विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीत लिया। उन्होंने मंगलवार को 55 भार वर्ग में कुल 196 किलो वजन उठाकर पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों के बाद से लगातार चोटिल चल रहीं बिंदिया भी मीराबाई के साथ सेंटलुई (अमेरिका) इलाज कराने गई थीं। वह भी मीरा की तरह पुनर्वास से गुजर कर यहां वापसी कर रही थीं। मणिपुर की लिफ्टर ने स्नैच में अच्छी शुरुआत नहीं की। उन्होंने यहां 83 किलो की सिर्फ एक लिफ्ट पास की। वह छठे स्थान पर थीं। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 113, 116 की लिफ्ट पास की। रजत जीतने के लिए उन्होंने 119 की लिफ्ट का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं रहीं। बिंदिया ने कांस्य जरूर जीता है, लेकिन उनका पेरिस ओलंपिक का टिकट मुश्किल है। वह अगले माह जारी होने वाली ओलंपिक क्वालिफिकेशन की रैंकिंग में नीचे हैं।

### आईपीएल 2024 में विराट कोहली का दोहरा शतक पूरा, रियान पराग से छीनी ऑरेंज कैप



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के 17वें सीजन में विराट कोहली ने सबसे पहले रनों के मामले में दोहरा शतक पूरा किया है। वे आईपीएल 2024 में सबसे पहले 200 रनों का आंकड़ा पार करने वाले बल्लेबाज बने हैं और इस तरह फिर से ऑरेंज कैप उनके सिर पर सज गई है। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रियान पराग को उन्होंने पीछे छोड़ दिया है। टॉप 5 में निकोलस पूरन और क्विंटन डिकॉक ने एंट्री कर ली है। वहीं, लखनऊ सुपर जाएंट्स के नई पेस सनसनी यानी मयंक यादव ने पर्पल कैप की रेस में धमाकेदार एंट्री मारी है।

# क्विंटन डि कॉक के आईपीएल में 3000 रन पूरे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में लखनऊ के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डि कॉक ने अपनी टीम को तेज शुरुआत दिलाई। इसी पारी के दौरान उन्होंने आईपीएल में अपने 3000 रन पूरे किए। 31 साल के डि कॉक ने 2013 में सनराइडर्स हैदराबाद के लिए लीग में डेब्यू किया था।

वह दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस का भी हिस्सा रह चुके हैं। डिकॉक आईपीएल में सबसे तेज 3000 रन पूरा करने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में छठे नंबर पर हैं। हम आज आपको टॉप-5 की लिस्ट बताते हैं।

#### क्रिस गेल- 75 पारी

वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल के आईपीएल में सबसे तेज 3000 रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने सिर्फ 75 पारियों में यह कारनामा किया था। गेल ने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए डेब्यू किया था। फिर वह आरसीबी और पंजाब किंग्स के लिए भी खेले।

#### केएल राहुल- 80 पारी

केएल राहुल लीग में सबसे तेज 3000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं।

राहुल ने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अपने करियर की शुरुआत की थी। वहां प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। लेकिन आरसीबी में आने के बाद से वह अलग बल्लेबाज बनकर सामने आए। वह लीग में ऑरेंज कैप भी जीत चुके हैं।

#### जोस बटलर- 85 पारी

जोस बलटर ने आईपीएल से भी ओपनिंग शुरू की थी। तब से इस फॉर्मेट के सबसे विस्फोटक बल्लेबाज बनकर सामने आए हैं। पहले मुंबई इंडियंस और फिर राजस्थान रॉयल्स के लिए उन्होंने कमाल का क्रिकेट खेला। बटलर ने 85 पारियों में 3000 आईपीएल रन पूरे किए थे।

#### डेविड वॉर्नर- 94 पारी

डेविड वॉर्नर आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेश बल्लेबाज हैं। वॉर्नर अपनी कप्तानी में सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल का खिताब जीता चुके वॉर्नर ने 94 पारी में अपने 3000 आईपीएल रन पूरे किए थे। वॉर्नर अभी दिल्ली कैपिटल्स की टीम का हिस्सा हैं।

#### फाफ डु प्लेसिस-94 पारी

फाफ डु प्लेसिस ने भी 94 पारियों में ही 3000 रन पूरे किए थे। अभी आरसीबी की कप्तानी कर रहे फाफ ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए डेब्यू किया था। वह राइजिंग पुणे सुपर जायंट्स के लिए भी खेल चुके हैं। अभी तक 126 आईपीएल पारी में वह 4179 रन बना चुके हैं।

### घर में मुंह दिखाने लायक नहीं रहा बांग्लादेश

## श्रीलंका ने 2-0 से टेस्ट सीरीज को किया क्लीन स्वीप



**चट्टोग्राम, एजेंसी।** दो टेस्ट मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में श्रीलंका ने बांग्लादेश को 192 रन से हराकर 2-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। चौथी पारी में श्रीलंका के लिए तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने 50 रन देकर चार विकेट अपने नाम किए। श्रीलंका ने पहला टेस्ट मैच 328 रन से जीता था और दूसरे मैच में जीत से उसने बांग्लादेश में टेस्ट मैच नहीं हारने का रिकॉर्ड बरकरार रखा। श्रीलंका ने इससे पहले टी20 सीरीज में 2-1 से जीत हासिल की थी। वनडे सीरीज में हालांकि वह इसी अंतर से हार गया था। बांग्लादेश ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह 7 विकेट पर 268 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 318 रन पर आउट हो गई। मेहदी हसन मीराज 81 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 100 गेंद खेली और 14 चौके लगाए।

#### बुरी तरह से लड़खड़ा गई बांग्लादेश की पारी

कामिंदु मेंडिस ने दिन के चौथे ओवर में ही ताइजुल इस्लाम को आउट करके श्रीलंका को दिन की पहली सफलता दिलाई। कुमारा ने इसके बाद हसन महमूद और सैयद खालिद अहमद को आउट करके श्रीलंका को जीत दिलाई। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 531 रन बनाए। उसकी इस पारी में छह बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए। इस तरह से किसी भी बल्लेबाज के शतक लगाए बिना सर्वोच्च स्कोर बनाने का रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम दर्ज हो गया। श्रीलंका ने बांग्लादेश को 178 रन पर आउट करके 353 रन की बढ़त हासिल की लेकिन उसने फॉलोआन नहीं दिया। श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 157 रन पर समाप्त घोषित की थी।

## हैदराबाद के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे मुस्तफिजुर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के आईपीएल 2024 में सीएसके के आगामी मैच से चूकने की उम्मीद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अमेरिकी वीजा की प्रक्रिया के लिए अपने देश वापस चले गए हैं। टी20 विश्व कप 26 मई को चेन्नई में आईपीएल फाइनल के तुरंत



बाद 1 जून को शुरू होगा। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि सीएसके शुक्रवार को अपने घर के बाहर मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी और मुस्तफिजुर के रविवार या सोमवार को लौटने की उम्मीद है, हालांकि यह इस पर निर्भर करेगा कि उन्हें अपना पासपोर्ट कब वापस मिलता है। एक रिपोर्ट में बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशन के अध्यक्ष जलाल यूनुस के हवाले से कहा गया है, मुस्तफिजुर अमेरिकी वीजा के लिए आईपीएल से मंगलवार रात लौटे हैं। वह कल (4 अप्रैल) यूएस एंबेसी में अपना फिंगरप्रिंट देंगे और बाद में सीएसके में शामिल होने के लिए भारत वापस लौटंगे।

# 21 साल की उम्र में ही मयंक ने रचा इतिहास



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने आरसीबी को 28 रनों से हरा दिया। इस मैच में आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। लखनऊ की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए आरसीबी की टीम को 182 रनों का टारगेट दिया, जिसके जवाब में आरसीबी की टीम सिर्फ 153 रन ही बना पाई। इस मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए मयंक यादव ने कमाल की गेंदबाजी की और वह टीम के लिए हीरो साबित हुए। मैच के बाद उन्होंने फास्ट बॉलिंग करने के कई अहम कारण बताए हैं।

मैच के बाद मयंक यादव ने कहा कि वास्तव में अच्छा लग रहा है, दो मैचों में दो प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार। मुझे इस बात की ज्यादा खुशी है कि हमने दोनों मैच जीते। मेरा लक्ष्य देश के लिए खेलना है।

मुझे लगता है कि ये तो बस शुरुआत है। मैंने कैमरुन ग्रीन के विकेट का सबसे अधिक आनंद लिया। तेज गेंदबाजी करने के कई कारण हैं। आहार, नींद, ट्रेनिंग। मैं अपने आहार और रिकवरी पर बहुत फोकस कर रहा हूं।

#### लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने जीता मैच

लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम के गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। पहले बैटिंग करते हुए लखनऊ के लिए क्विंटन डि कॉक ने 81 रन और निकोलस पूरन ने 40 रन बनाए। इन प्लेयर्स की वजह से ही लखनऊ की टीम 181 रन बना पाई। इसके बाद मयंक यादव ने कमाल की गेंदबाजी की। उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी का नमूना पेश करते हुए अपने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया। मयंक यादव आईपीएल के इतिहास में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने अपने शुरुआती दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीते हैं। उनसे पहले ऐसा कोई भी नहीं कर पाया था। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल में डेब्यू किया था और प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीता अपने नाम किया। इसके बाद आरसीबी के खिलाफ भी उन्होंने ये अवॉर्ड जीत लिया है।

## पाकिस्तान दौरे के लिए न्यूजीलैंड टी20 टीम का ऐलान



**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी और लाहौर में 17 से 27 अप्रैल तक होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए अनुभवी ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को अपना कप्तान नियुक्त किया है। माइकल ब्रेसवेल, जो पहली बार टीम की कप्तानी करेंगे, पिछले साल मार्च से चोटिल होने के कारण बाहर थे।

चोट से उबरने के बाद उन्होंने क्रिकेट में शानदार कमैबक किया। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा कि ब्रेसवेल ने पिछले साल चोट से उबरने के लिए सराहनीय धैर्य और समर्पण दिखाया था। वेल्स ने कहा, माइकल को लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ा है और उसे फिर से क्रिकेट खेलते हुए देखना रोमांचक है। एड़ी की चोट के बाद वह फिर से अच्छा खेल रहे हैं, यह उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है। वह एक अच्छा लीडर हैं। उनके पास वेलिंगटन के साथ-साथ न्यूजीलैंड ए और न्यूजीलैंड इलेवन टीमों की कप्तानी का अनुभव है, जिससे हमारा मानना है कि वह पाकिस्तान में टीम का नेतृत्व करने के लिए अच्छा विकल्प हैं। ब्रेसवेल उस टीम का नेतृत्व करेंगे जिसमें अनुभवी टी20 खिलाड़ी शामिल होंगे, जिसमें पिछले टी20 विश्व कप टीम के सात सदस्य शामिल हैं। साथ ही दो युवा खिलाड़ी टिम रॉबिन्सन और विलियम ओरूर्के को पहली बार टी20 टीम में शामिल किया गया है।

#### पाकिस्तान के लिए न्यूजीलैंड टीम:

माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जोश क्लार्कसन, जैकब डफी, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, बेन लिस्टर, कोल मैककोनी, एडम मिल्ने, जिमी नीशम, विल ओरूर्के, टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सेफ़र्ट, ईश सोढ़ी

#### शेड्यूल

पहला टी20-18 अप्रैल, रावलपिंडी
दूसरा टी20-20 अप्रैल, रावलपिंडी
तीसरा टी20- 21 अप्रैल, रावलपिंडी
चौथा टी20-25 अप्रैल, लाहौर
पांचवां टी20-27 अप्रैल, लाहौर

## अंबाती रायुडू ने बताया 16 साल से क्यों खिताब नहीं जीती आरसीबी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। टीम चार मैच खेल चुकी है जिसमें से वह केवल एक ही मुकाबला जीती है। आरसीबी अपने घर पर दो मुकाबले हारी है। टीम के प्रदर्शन के बाद उसके फैंस को डर सताने लगा है कि कहीं इस बार भी आरसीबी खिताब से चूक न जाए। आरसीबी बीते 16 सालों में कभी भी खिताब नहीं जीत पाई है। दिग्गज खिलाड़ी अंबाती रायुडू ने बताया कि आखिर क्या वजह है कि सितारों से सजी आरसीबी खिताब क्यों नहीं जीत पाती।

**दबाव की स्थिति में नजर नहीं आता कोई सीनियर**

रायुडू ने बताया कि आरसीबी में बड़े नाम दबाव के समय युवाओं को आगे कर देते हैं। वह खुद ऊपर बल्लेबाजी करते हैं और युवाओं को मिडिल ऑर्डर में भेजते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल चुके इस खिलाड़ी ने कहा, 'मुझे लगता है कि गेंदबाजी हमेशा पार स्कोर से ज्यादा रन देती है और उनकी बल्लेबाजी दबाव में परफॉर्म करती है। जब भी आरसीबी दबाव में होती है कोई बड़ा नाम खेलता हुआ नजर नहीं आता। ऐसी टीमें कभी नहीं जीत पाती। इसी कारण उन्होंने बीते इतने सालों से खिताब नहीं जीता है।'

**16 साल से नहीं बदली कहानी**

उन्होंने अपनी बात जारी रखते हुए कहा, 'जितने भी युवा खिलाड़ी हैं वह निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और जो भी बड़े नाम हैं वह ऊपर खेलते हैं। अनुभवी खिलाड़ी केक की क्रीम खाकर निकल जाते हैं। आप देखिए दबाव में कौन खेल रहा होता है। भारत के युवा खिलाड़ी और दिनेश कार्तिक। आपके बड़े अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को दबाव लेना चाहिए, लेकिन वह कहां होते हैं? वह ड्रेसिंग रूम में होते हैं। यह आज नहीं हो रहा है। पिछले 16 साल से टीम की यही कहानी है।'

आरसीबी की सीजन की शुरुआत हार के साथ हुई थी। पहले मुकाबले में उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स का सामना किया और छह विकेट से मैच हारी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : ई-पेपर
www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### बाजार में ट्रक चालक को मारी गोली, घायल

**कोईलवर**। कोईलवर-छपरा फोरलेन के जमालपुर बाजार पर बालू लादने आ रहे ट्रक चालक को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। जिसमे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी सुनील यादव, सारण जिले के डोरीगंज निवासी स्व रामानंद यादव का पुत्र है। रात दो बजे घटना हुई। जब छपरा की ओर से ट्रक लेकर ट्रक चालक कोईलवर की ओर बालू लादने आ रहा था। घटना के बाद बाजार में खड़े ट्रक चालकों में आपाधापी मच गई। रात को सोए अवस्था में गोली की आवाज हुई।

### यज्ञ के दूसरे दिन भक्तो ने किया धूमधाम से पूजा-पाठ

**आरा**। चांदी मठ में आज दूसरे दिन यज्ञ में की गई पूजा पाठ व भजन कीर्तन। \n\nगड़हनी। प्रखण्ड अन्तर्गत हरपुर पंचायत के चांदी मठ में हो रहे 6 दिवसीय लक्ष्मी नारायण यज्ञ के आज दूसरे दिन भक्तो ने यज्ञ मंडप में धूमधाम से पूजा अर्चना की। कुंड पर बैठे सभी भक्तो को माधवा चार्य जी महाराज के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार व बिधि बिधान के साथ पूजा पाठ किया गया।

### अप्रैल में तीखी धूप व औसत से 4 डिग्री अधिक तापमान

**बक्सर**। जिले में अप्रैल महीने के पहले सप्ताह में ही गर्मी व तीखी धूप का सामना करना पड़ रहा है। जिसका जनजीवन पर असर होने लगा है। अप्रैल माह में औसत से 4 डिग्री अधिक तापमान रहने से गरमा फसलें प्रभावित होने लगी हैं। गेहूं की तैयार फसल की बालियां तेज हवा से टूट कर गिर रही हैं। किसान लत्तर वाली सब्जी की फसलों को सिंचाई कर बचाने में जुटे हैं। तपिश व गर्म हवा का असर आम व लीची पर भी दिख रहा है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री रिकार्ड किया गया। दो दिनों में तापमान में करीब 3 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। जबकि न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा। बता दें कि लगभग 25 किलोमीटर की रफ्तार से गर्म पछिया हवा चली। सुबह से ही तल्ख धूप निकली। दिन में 11 बजे से पहले ही चौक-बाजारों से लेकर खेत-खलिहानों से लोग गायब रहे। मौसम विभाग के अनुसार अगले आगामी दिनों में मौसम पूरी तरह शुष्क बना रहेगा। गर्म पछिया हवा चलेगी। तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार गरमा सब्जियों की फसल की नियमित अंतराल पर सिंचाई करें। गरम फसलों पर तना छेदक कीट के लिए दवा का छिड़काव करे। पिछात गेहूं व मक्का की फसल की जरूरत के अनुसार सिंचाई करें।

### अप्रैल का खाद्यान्न डीलरों से प्राप्त करें लाभुक

**बक्सर**। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों को माह अप्रैल 2024 हेतु खाद्यान्न का वितरण जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं द्वारा ई-पॉश के माध्यम से 02 अप्रैल से प्रारम्भ है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि जिला आपूर्ति विभाग ने कहा कि नियमित खाद्यान्न के तहत पीएचएच लाभुकों को प्रति सदस्य कुल 01 किलो गेहूं एवं 04 किलों चावल तथा एएआई लाभुकों को प्रति परिवार कुल 07 किलों गेहूं एवं 28 किलों चावल मुफ्त में दिया जा रहा है। लाभुकों से अनुरोध है कि अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी जन वितरण प्रणाली विक्रेता के यहां से सरकार द्वारा दिये जा रहे माह अप्रैल 2024 हेतु खाद्यान्न प्राप्त करेंगे।

### 13 मार्च को मनकी के पास मणिया से 4 हजार लीटर शराब जब्त, फिर भी पुलिस अलर्ट नहीं हुई

**बक्सर**। बगेन गोला थाना क्षेत्र के मनिया छपरा गांव में हजारों लीटर चुलाई शराब बरामद होने के बाद भी स्थानीय पुलिस अलर्ट नहीं हुई। जिसके बाद मनिया गांव में पांच लोगों की संदेहास्पद अवस्था में मौत हो गई। हालांकि मौत को लेकर स्थानीय प्रशासन के द्वारा शराब नहीं पीने की बात कही गई। वहीं ग्रामीण सूत्रों की मानें तो क्षेत्र में लगातार चुलाई शराब बनाने और बेचने का कार्य किया जा रहा है। बगेन गोला थाना क्षेत्र के मनिया छपरा गांव के दलित बस्ती में 13 मार्च को उत्पाद पुलिस ने छापेमारी की थी। उत्पाद विभाग पटना के निर्देश पर स्थानीय टीम ने छापेमारी किया था। तब उत्पाद पुलिस ने करीब चार हजार लीटर चुलाई शराब को नष्ट की थी। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जिला के कई गांवों में शराब बनाने की सूचना पर छापेमारी की जाती है। लेकिन स्थानीय लोगों का सहयोग नहीं मिलने के कारण शराब तस्करों पर कार्रवाई नहीं हो पाती है। ऐसे में शराब की भट्ठी तोड़ने के बाद भी तस्कर दुबारा शराब बनाने की धंधे में संलिप्त हो जाते है। बताया जाता है कि ऐसे शराब बनाने वाले अक्सर सरकारी नहर किनारे या सरकारी जमीन में शराब बनाने का कार्य करते है जिससे उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पाती है। गांवों में बनाई जा रही शराब, कार्रवाई जरूरी उत्पाद अधीक्षक दिलीप कुमार पाठक ने बताया कि चुलाई शराब विनष्टीकरण की सूचना स्थानीय पुलिस से लेकर जिला के वरीय अधिकारियों तक दी गई थी। बावजूद स्थानीय पुलिस सचेत नहीं हुई। ग्रामीण सूत्रों की मानें तो बगेन गोला, ब्रह्मपुर के रघुनाथपुर, सोनवर्षा ओपी के कई गांवों में लगातार शराब बनाने का कार्य किया जाता रहा है। समय-समय पर पुलिसिया कार्रवाई तो होती है लेकिन किसी के पकड़ में नहीं आने के कारण दुबारा से शराब बनाने का कार्य शुरू हो जाता है।

### डीलियां टोला में शराब का भट्ठी ध्वस्त, 3 गिरफ्तार

**धनसोई**। जिले के धनसोई थाना क्षेत्र अंतर्गत डीलियां टोला गांव में 2 भाइयों ने द्वारा अपने घर में देसी शराब की भट्ठी बनाने की गुप्त सुचना धनसोई थाना पुलिस ने छापेमारी की और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। साथ में एक भाई की पत्नी भी पकड़ी गई। पुलिस ने मौके से शराब बनाने के सामान बरामद किए हैं। थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया डीलियां टोला निवासी शिवमुनि चौधरी के बेटे परशुराम चौधरी और सुरेश चौधरी ने अपने घर में ही देसी शराब बनाने की भट्ठी बना रखी थी। पूरा परिवार शराब बनाने के काम में लिप्त था। धनसोई थाना की पुलिस को इसकी सूचना मिली। सुचना मिलते हीं छापेमारी कर दी। मौके से 5 ड्रम, 3 गैस सिलेंडर, 2 चूल्हे, 3 बाइक और बर्तन वगैरह बरामद किए गए। पुलिस ने परशुराम चौधरी और सुरेश चौधरी के साथ ही परशुराम की पत्नी निर्मला देवी को भी गिरफ्तार कर लिया। हालांकि परशुराम चौधरी का बेटा विकास चौधरी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है

### क्षेत्र के संपूर्ण विकास के वादे के साथ नौकरी छोड़ आया, वापस नहीं जाऊंगा




**ब्रह्मपुर**। बक्सर लोकसभा सीट पर सातवें और अंतिम चरण में मतदान होना है हालांकि यहां अभी से ही राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा की तरफ से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद जहां मिथिलेश तिवारी का बाहरी बनाम स्थानीय को लेकर विरोध हो रहा है वहीं पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा ने बक्सर लोकसभा के चुनावी मैदान में उतरने को लेकर अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। ब्रह्मपुर विधानसभा के रघुनाथपुर सहित कई अन्य जगहों पर उन्होंने जनसंपर्क और जनसंवाद के माध्यम से लोगों की समस्याओं पर बात की। रघुनाथपुर के जनसंवाद के दौरान उन्होंने गन्ने का जूस और फास्टफूड के खोमचे व जूते पोलिश करने वालों के दर्द को भी महसूस किया। उन्होंने कहा की ये दुर्भाग्यपूर्ण है की कोई बीस तो कोई पच्चीस साल से यही काम करते आ रहा है, उनकी स्थिति में कोई परिवर्तन आया।

# सड़क हादसे में महिला समेत 2 की मौत

## आरा-पटना नेशनल हाईवे पर ऑटो चालक ने मारी ट्रैक्टर में सीधी टक्कर, 2 बच्चें समेत 4 घायल

निज संवाददाता। आरा

आरा-पटना नेशनल हाईवे पर शहर के टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा रिलायंस पेट्रोल पंप के पास बुधवार की दोपहर ट्रैक्टर और ऑटो की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में ऑटो पर सवार महिला समेत 2 लोगों की मौत हो गई। एक ने इलाज के दौरान आरा सदर और दूसरे ने इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि ऑटो पर सवार दंपती समेत 5 लोग घायल हो गए हैं। इसके बाद स्थानीय लोगों और टाउन थाना के गश्ती पुलिस द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। वहीं घटना के बाद ट्रैक्टर चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। वहीं ऑटो चालक भी मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मृतकों में चरपोखरी थाना क्षेत्र के बरनी गांव निवासी प्रेमचंद राम के बेटे दिनेश राम(55) और उसी थाना क्षेत्र के रसूल टोला निवासी बैजनाथ राम की पत्नी मुनेश्वरी देवी(54) शामिल है। जबकि घायलों में चरपोखरी थाना क्षेत्र के बरनी गांव निवासी विनोद राम(45), उनकी पत्नी इंदु देवी(40), बेटा अंशु कुमार(8), बेटा मिथलेश कुमार(3) और उसी थाना क्षेत्र के रसूल टोला निवासी स्व.जगदेव राम का बेटा और मृतका मुनेश्वरी देवी(60) के पति बैजनाथ राम शामिल है। इधर, मृतक दिनेश राम की भाभी इंदु देवी ने बताया कि सभी लोग बरनी गांव से ऑटो रिजर्व कर गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव आलू कोढ़ने जा रही थी। इसी दौरान धनुपरा रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर से सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय लोग के सहयोग से गंभीर हालत में जख्मी दिनेश राम को धनुपरा स्थित निजी अस्पताल ले जाया जा रहा था। तभी उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि जख्मी मुनेश्वरी देवी ने इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में दम तोड़ दिया। इसके बाद सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम कराया गया। वहीं घायल सभी लोगों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। बताया जाता है कि मृतका मुनेश्वरी देवी को 4 बेटा विनय, संतोष, जितेंद्र, उपेंद्र और 2 बेटी उषा देवी और पुष्पा देवी है। जबकि दूसरे मृतक दिनेश राम के परिवार में पत्नी लीलावती देवी, 2 बेटी अंजू, संजू और 1 बेटा जयराम है। घटना के बाद मृतकों के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतकों के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



## वार्षिकोत्सव : भजन सह द्वारिका बाबू की जयन्ती समारोह आयोजित



निज संवाददाता। आरा

मां काली मंदिर बखोरापुर के प्रांगण में भव्य वार्षिकोत्सव-भजन सह द्वारिका बाबू की जयन्ती समारोह आयोजित बड़हराः- प्रखंड अंतर्गत मां काली मंदिर बखोरापुर के प्रांगण में वार्षिकोत्सव-भजन स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनायी गयी। इसके साथ ही प्रथम शिक्षा निदेशक स्व0 द्वारिका बाबू की जयंती समारोह उनके पैतृक आवास पर मनायी गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व एमएलसी लाल दास राय तथा मंदीर ट्रस्ट के अध्यक्ष बीडी सिंह ने किया। सभी आगंतुक 251 अतिथियों को मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल तथा मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने माता की चुनरी तथा बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मशहुर तबला वादक अंजनी सिंह मौजूद थे। इनका पूरा म्यूजिशियन ग्रुप जबरदस्त तरीके से प्रदर्शन किया। इसके बाद वैदिक मंत्र तथा पूजा अर्चना करने के बाद माता जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें भोजपुरी सम्राट विष्णु ओझा। सोनी पांडे, रजनी शाकया, चंदन यादव, विनय तिवारी, समरेश चौबे, खुशबू शर्मा, दीपक तिवारी तथा जियालाल ठाकुर ने अपनी-अपनी गायकी से सबको झुमने पर मजबूर कर दिया।

## बक्सर में महिला की गोली मारकर हत्या, आशिक के साथ पति की हत्या के आरोप में जेल से छूट कर आई थी

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के रैका पाण्डेयपुर गांव में एक महिला की गोली मार हत्या कर दी गई है। गोली मारने का आरोप महिला के दो देवरों पर लगा है। घटना के बाद से ही दोनों फरार हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा रहा है। मृत महिला एक सप्ताह पहले बेल पर जेल से घर आई थी। उसे साल भर पहले अप्रैल 2023 में अपने प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इस घटना के बाद चार बेटी और एक बेटे के सिर से पिता के बाद अब मां का साया भी उठ गया है। घटना जिले के डुमरांव अनुमंडल स्थित सिकरौल थाना क्षेत्र का है। बुधवार की सुबह महिला ममता पांडेय (40 वर्ष) का शव घर के पास खलिहान में मिला है। बताया गया कि सुबह घर से टहलते हुए खलिहान की तरफ गई थी। वहीं उसे दो गोली मारी गई है, जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। हत्या का आरोप उसके दो देवरों पर लग रहा है। घटना के बाद से दोनों फरार हैं। वहीं इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई है। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी है। बता दें कि मृतका ममता पांडेय के पति अक्षय पांडेय की हत्या 28 अप्रैल को धारदार हथियार से मारकर कर दी गई थी। ममता पर अपने प्रेमी जितेंद्र दुबे के साथ मिलकर पति की हत्या करने का आरोप लगा था। पुलिस को हत्या में प्रयुक्त हथियार और खून से सने कपड़े भी बरामद हुए थे। पुलिस ने ममता को गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया था। आशंका जताई जा रही है कि भाई की हत्या का बदला भाभी को गोली मारकर लिया गया है। हालंकि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इस संबंध में जब डुमरांव अनुमंडल के डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी से बात की गई तो उन्होंने हत्या की पुष्टि करते हुए कहा कि आगे मामला जांच का विषय है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई है। हत्या जिसने भी किया है उसे बहुत जल्द पकड़ा जाएगा।



## प्रधानमंत्री देश को भ्रष्टाचार से मुक्त कराना चाहते है : पुनम

निज संवाददाता। आरा

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मंगलवार को प्रेस वार्ता हुई। प्रदेश प्रवक्ता सह आरा लोकसभा मीडिया प्रभारी पुनम सिंह ने कहा दो दिन पहले दिल्ली मे इंडी गठबंधन के रैली को देश ने देखा। किस प्रकार देश के सभी भ्रष्टाचारी नेता एक मंच पर खड़े हो कर भ्रष्टाचार को बचाने मे लगे थे। ये नेता भ्रष्टाचार को बचाना चाहते है। देश के 140 करोड़ लोग मोदी का परिवार है और मोदी जी इन देश के 140 करोड़ परिवार को भ्रष्टाचारियों से बचाना चाहते है। देश मे पहली बार हो रहा है कि कोई मुख्यमंत्री जेल से शासन चलाना चाहता है। इंडी गठबंधन के लोग सीबीआई, इडी पर सवाल उठाते है।

बोलते है कि मोदी जी ने जान बुझकर फंसाया है। मै पूछना चाहती हूँ कि बिहार मे जब लालू प्रसाद यादव को सीबीआई ने पकड़ कर जेल मे डाला था,तब किसकी सरकार थी।\nझारखंड के मुख्यमंत्री भी जेल गए है,उन्हे भी जमानत नही मिल रहा है।मनीष सिसोदिया को भी जमानत नही मिल रहा है।आखिर क्यो? सभी भ्रष्टाचारी भले ही एक हो कर नरेन्द्र मोदी जी से लड़े,देश से लड़े,संविधान और.कानून से लड़े,लेकिन भ्रष्टाचार तो देश से जा कर ही रहेगा।

देश के 140 करोड़ जनता से किया गया वादा है। झारखंड और दिल्ली की मुख्यमंत्री द्वारा अपनी पत्नियों को आगे कर सरकार चलाने की साजिश है। 1977 मे इंदिरा गांधी ने किस प्रकार देश के संविधान को तार-तार किया था।काँग्रेस सबसे बड़ी भ्रष्टाचारी पार्टी है।

इंडी महाठगबंधन है। सभी ने देखा कि बंगाल, पंजाब, जम्मू, उतर प्रदेश आदि सभी राज्यो की छोटी पार्टियों ने उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया। देश की जनता इन नकाबपोश चेहरो को पहचान गयी है और मोदी की गारंटी के साथ है।\nप्रेस वार्ता मे पूर्व विधान पार्षद राधामोहन शर्मा, जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, उपाध्यक्ष ई.धीरेन्द्र सिह, सतीश भट्ट, जिला मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह सहित प्रवक्ता और अन्य थे।

## जय बजरंगबली के नारों से गूंज उठा बक्सर, ढोल-नगाड़े के साथ निकली महावीरी जुलूस

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में महावीरी झंडा महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को भव्य महावीरी जुलूस निकाली गई। इसका इंतजार हर साल शहर वासियों को रहता है। जुलूस निकालने से पहले 27 अखाड़ों पर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। साथ ही पूरे बक्सर शहर को भगवा झंडे से पटा दिया गया। जुलूस के दौरान ढोल नगाड़े की थाप और डीजे की धून पर हजारों की तादाद में शामिल राम भक्त एक से बढ़कर एक करतब दिखाने का काम कर रहे हैं। शोभा यात्रा में श्रद्धालु बच्चे, बूढ़े और युवक जोश और उमंग के साथ थिरकते नजर आए। पूरा बक्सर शहर जय बजरंगी और जय श्री राम के नारों से गूंज रहा है।

**100 साल हुआ पूराः** बक्सर में महावीरी पूजा का इस बार 100 साल पूरा होने वाला है। जिले के विभिन्न गांवों में जुलूस निकालने की परंपरा है। जहां से बजरंगी मूर्तियों और झांकी लेकर ढोल नगाड़े के साथ शहर भ्रमण करते हैं। प्रधान अखाड़ा की ओर से बजरंग बली की झांकी के साथ 13 फीट का लंबा और 6 फीट चौड़ा गदा और बनारस के कलाकारों द्वारा जीवंत बजरंगबली की झांकी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मूर्तिकार राज किशोर प्रजापति ने बजरंगबली के साथ जो प्रभु श्रीराम की मूर्ति बनाई है, वह अयोध्या की श्रीराम की मूर्ति की कॉपी की तरह दिख रही है। जो इस बार के जुलूस में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जिसे देखने और एक तस्वीर लेने के लिए पूरा शहर उमड़ा हुआ है।

**दो दर्जन से अधिक अखाड़ों में हुई पूजाः** हर साल होली के बाद जो पहला मंगलवार आता है, उस दिन यह जुलूस निकलता है। मंगलवार को श्री चंद्र मंदिर प्रधान अखाड़ा, उत्तरी ठठेरी बाजार, नवयुवक संघ ठठेरी बाजार, मल्लाह टोली, हनुमान फाटक, अमला टोली, बारी टोली, बालक दल, गोला बाजार, पुराना अखाड़ा ठठेरी बाजार, थाना रोड, पीपरपति रोड, तड़का नाला, रामरेखा घाट, तुरहा टोली, सोहनी पट्टी, चरित्र वन, कोरीपुरवा, गजाधर गंज, सरीमपुर अखाड़ा से महावीरी रथ और शोभायात्रा निकाली गई।

**पारंपरिक शस्त्रों का दिखाया करतबः** महावीर झंडा महोत्सव में पारंपरिक शस्त्रों के साथ करतब दिखाने की परंपरा काफी पहले से ही चली आ रही है। अखाड़ा के साथ शामिल सदस्य लाठी, लाठी डंडा, तलवार, भाला, गदका, बनेठी से हैरत-अंगेज कर्तव्य जगह-जगह दिखाने का काम किया। इसके लिए एक महीने से युवाओं द्वारा रिहर्सल किया जाता है। वहीं, शहर में अप्रिय घटना से बचा जा सके इसको लेकर प्रशासन द्वारा हर चौक-चौराहों पर भारी संख्या में पुलिस बल और मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की गई है। ताकि जुलूस के दौरान कोई भी गड़बड़ी ना हो सके।

## इस महीने के अंतिम सप्ताह में होगी मैट्रिक कंपार्टमेंटल परीक्षा, आज से भरे जाएंगे फॉर्म

निज संवाददाता। बक्सर

बिहार बोर्ड ने मैट्रिक परीक्षा में फेल हुए छात्र-छात्राओं सहित वंचित छात्र-छात्राओं को एक और अवसर दिया है। मैट्रिक परीक्षा में किसी कारणवश शामिल नहीं हो सके छात्र-छात्राएं और फेल परीक्षार्थी कंपार्टमेंटल सह विशेष परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। मैट्रिक कंपार्टमेंटल सह विशेष परीक्षा इसी महीने के अंतिम सप्ताह में आयोजित होगी। ताकि इंटर में नामांकन कराने में छात्र-छात्राओं को कठिनाई का सामना न करना पड़े। बिहार बोर्ड ने मैट्रिक कंपार्टमेंटल सह विशेष परीक्षा का परिणाम 31 मई तक जारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बता दें कि बिहार बोर्ड ने मैट्रिक परीक्षा 2024 का रिजल्ट जारी करने के बाद अब कंपार्टमेंटल सह विशेष परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी है। 9 अप्रैल तक होगा आवेदन कंपार्टमेंटल सह विशेष परीक्षा के लिए 3 अप्रैल से आवेदन शुरू हो गया है, जो 9 अप्रैल तक होगा। इसके लिए इच्छुक छात्र-छात्राओं को बिहार बोर्ड की वेबसाइट secondary. biharboard online.co पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। छात्र-छात्राओं को आवेदन करते समय ऑनलाइन शुल्क भी जमा करना होगा। जिले के जो छात्र-छात्राएं फेल हुए हैं, व परीक्षा से अनुपस्थित रहे थे। इन छात्र-छात्राओं के लिए भी बोर्ड ने कंपार्टमेंटल सह विशेष परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया है। बोर्ड ने निर्देश दिया है कि उक्त वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन प्रपत्र अपलोड है। विद्यालय के प्रधान परीक्षा आवेदन प्रपत्र को डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित होनेवाले छात्र-छात्रा को उपलब्ध कराएंगे। साथ ही उनसे विधिवत भरा हुआ परीक्षा आवेदन पत्र प्राप्त कर समिति की वेबसाइट पर निर्धारित अवधि में ऑनलाइन भरना व निर्धारित शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे। स्क्रूटिनी के लिए आवेदन शुरू दूसरी ओर वैसे छात्र-छात्रा जो अपने मैट्रिक परीक्षा 2024 के जारी रिजल्ट से संतुष्ट नहीं हैं, वे स्क्रूटिनी के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बिहार बोर्ड ने स्क्रूटिनी के लिए आवेदन करने की तिथि निर्धारित की है। इच्छुक छात्र-छात्राएं 9 अप्रैल तक स्क्रूटिनी के लिए आवेदन जमा कर सकते हैं।



## अनुसूचित जाति प्लस टू आवासीय विद्यालय, रामपुर का निरीक्षण कर डीएम ने दिए निर्देश

निज संवाददाता। बक्सर

केसठ प्रखंड अंतर्गत अनुसूचित जाति प्लस टू आवासीय विद्यालय, रामपुर का डीएम अंशुल अग्रवाल ने निरीक्षण किया। उन्होंने नए सत्र 2024-25 के प्रारंभ दिवस पर विभिन्न आयामों में विद्यालय प्रबंधन का जायजा लिया। जहां अधीक्षक द्वारा बताया गया कि विद्यालय में 360 बालक एवं 360 बालिकाओं के शिक्षण तथा आवासन की व्यवस्था है। छात्रावास भवन की कुल आवासन क्षमता 360 (बालक) एवं 360 (बालिका) है, जिसमें मेस, लाइब्रेरी कॉमन रूम आदि निर्मित है। वर्तमान में 305 छात्र आवासित एवं शिक्षणरत हैं। विद्यालय परिसर में छह (6) भवन निर्मित हैं, जिसमें प्रयोगशाला, लाइब्रेरी, कंप्यूटर रूम इत्यादि है। आवासीय विद्यालय में कक्षा का संचालन वर्ग 01 से वर्ग 12 तक किया जाना है। वर्तमान में विद्यालय में कुल शिक्षकों की संख्या 22 है। निरीक्षण क्रम में डीएम ने संबंधित विभाग द्वारा प्राप्त गाइडलाइंस का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया। छात्रों एवं युवाओं के बीच स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया तथा मतदान दिवस 01 जून 2024 को लोक सभा चुनाव 2024 में बढ़ चढ़कर मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। स्वीप कार्यक्रम में प्रथम बार वोट देने योग्य मतदाताओं ने भी भाग लिया। डीएम ने सभी युवा मतदाता से अपना वोट का प्रयोग करने हेतु तथा अपने 10 साथियों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

